Page 11 खेल



हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10 देश




**अस्ट्रेलियाई मीडिया में छाए कोहली, उनसे भिड़ने वाली महिला पत्रकार ने सन्यास...**

**इंदिरा ने गलती ना की होती तो पीओके हमारा होता, अनिल विज ने पुराना जख्म कुरेद...**


कृष्ण पक्ष, ज्येष्ठा, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • बुधवार • 14 मई 2025 • वर्ष 27 • अंक 152 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 95,620 | ₹97,900 |



## आज का इतिहास

**1967 :** डॉ जाकिर हुसैन भारत के पहले मुस्लिम राष्ट्रपति थे।

**2004 :** चीन ने सिक्किम को भारत का अंग माना।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार बना बच्चों का हेल्थ कार्ड बनाने में देश का दूसरा सबसे सफल राज्य

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए हेल्थ कार्ड बनवाने की दिशा में बड़ी उपलब्धि दर्ज हुई है। राज्य में अब तक 26.15 प्रतिशत पंजीकृत बच्चों का हेल्थ आईडी कार्ड बनाया जा चुका है, जिससे बिहार पूरे देश में महाराष्ट्र के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। महाराष्ट्र में यह आंकड़ा 30.63 फीसदी है। हालांकि, यह स्थिति कुछ ही महीनों में बदली है। दिसंबर 2024 तक राज्य के आधे से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों में एक भी बच्चे का हेल्थ कार्ड नहीं बना था और पूरे राज्य में मात्र 1435 कार्ड बने थे। इसके बाद समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) निदेशालय ने एक विशेष अभियान की शुरुआत की, जिसके परिणामस्वरूप महज पांच महीनों—दिसंबर से अप्रैल—में 29 लाख 8 हजार 420 बच्चों के हेल्थ आईडी कार्ड बन चुके हैं। वर्तमान में बिहार के आंगनबाड़ी केंद्रों में करीब 95 लाख बच्चे पंजीकृत हैं। सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक पंजीकृत बच्चे का हेल्थ कार्ड जल्द से जल्द तैयार हो।

अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर आयोजित समारोह में स्वास्थ्य मंगल पांडेय मंत्री ने कहा

# 22 हजार नर्सों की जल्द होगी नियुक्ति

निज संवाददाता | पटना



स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि 22 हजार 89 नर्सों की बहाली जल्द होगी। इसके तहत परिचारिका श्रेणी (ग्रेड ए नर्स, जीएनएम) की 11,389 रिक्त पदों पर बहाली के लिए बिहार तकनीकी सेवा आयोग ने विज्ञापन प्रकाशित कर दिया है। वहीं, 10 हजार 700 नई नर्सों की नियुक्ति प्रक्रिया भी पूर्ण है, जो फिलहाल तकनीकी कारण से लंबित है। इनकी बहाली भी कर ली जाएगी। मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर अधिवेशन भवन सभागार में आयोजित समारोह में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि विभिन्न विभागों समेत स्वास्थ्य विभाग में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बहालियों की प्रक्रिया सतत जारी है।

एनडीए शासन में मेरे पिछले कार्यकाल के दौरान लगभग पांच वर्षों में 19 हजार एएनएम-जीएनएम की बहालियों की प्रक्रिया पूर्ण की गई। उन्होंने कहा कि मिशन उन्नयन के माध्यम से हम न केवल नर्सिंग शिक्षा को वैश्विक मानकों तक ले जाएंगे, बल्कि बिहार को ब्रांड बिहार के रूप में स्थापित करेंगे। इस दौरान नर्सिंग में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभिन्न जिलों से चयनित 114 नर्सों (सीएचओ एवं एएनएम) को बिहार स्टेट फ्लोरेंस नाइटिंगेल नर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव मनोज कुमार, अपर सचिव डॉ आदित्य प्रकाश, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत आदि उपस्थित थे।

## बिहार के सभी सहकारी बैंकों में चलाया जा रहा विशेष बैंकिंग अभियान : डा. प्रेम कुमार




निज संवाददाता | पटना

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के शुभ अवसर पर राज्य के सहकारिता विभाग द्वारा पूरे मई माह को विशेष बैंकिंग अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 6 मई से 30 मई तक बिहार राज्य सहकारी बैंक और सभी जिला सहकारी बैंकों की शाखाओं में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण जनता, किसान, महिला समूह और छोटे उद्यमियों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। मंत्री ने बताया कि अभियान के तहत हर दिन विशेष गतिविधियों को तय किया गया है। जैसे 6 मई को माइक्रो एटीएम का वितरण और नये खातों की शुरुआत की गई, 7 मई को ऋण वसूली अभियान चलाया गया, 8 मई को संयुक्त देयता समूह और स्वयं सहायता समूहों को ऋण प्रदान किया गया, 9 मई को वित्तीय साक्षरता एवं जमा बढ़ोतरी पर जोर दिया गया और 10 मई को किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया। इस क्रम में पूरे मई माह तक राज्यभर के सभी सहकारी बैंक शाखाओं में इसी तरह के कार्यक्रम जारी रहेंगे। अब तक 1123 स्थानों पर सहकारिता जागरूकता और बैंकिंग सेवाओं को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। खास बात यह रही कि महज एक सप्ताह के अंदर 805 पंचायतों में सेवा पहुंचाई गई।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित, 10वीं में 93.60% और 12वीं में 88.39% छात्र सफल

- लड़कियों ने दोनों कक्षाओं में बाजी मारी।
- करीब 44 लाख छात्रों ने 10वीं और 12वीं की परीक्षा दी थी।



एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। इस वर्ष 10वीं में कुल 93.60% छात्र-छात्राएं सफल हुए, जबकि 12वीं में 88.39% परीक्षार्थियों ने सफलता हासिल की है। रिजल्ट को छात्र-छात्राएं बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in पर जाकर चेक कर सकते हैं। इस साल लगभग 44 लाख विद्यार्थियों ने सीबीएसई की परीक्षा में भाग लिया था। नतीजों में लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए फिर एक बार अपनी काबिलियत साबित कर दी है। 10वीं कक्षा में लड़कियों का पास प्रतिशत 95.0% रहा, वहीं लड़कों का परिणाम 92.63% रहा। इस तरह लड़कियों का प्रदर्शन 2.37% अधिक रहा।

वहीं, 12वीं कक्षा में भी लड़कियों ने बाजी मारी है। इस वर्ग में लड़कियों का पास प्रतिशत 91.64% रहा, जबकि लड़कों का 85.70%। दोनों ही कक्षाओं में लड़कियों ने न केवल आंकड़ों में, बल्कि गुणवत्ता में भी उत्कृष्टता दर्ज की है। रिजल्ट घोषित होने के बाद छात्र अपनी डिजिटल मार्कशीट ऑनलाइन देख सकते हैं, लेकिन यह केवल अस्थायी रूप से मान्य है। सभी विद्यार्थियों को अपनी ओरिजिनल मार्कशीट अपने स्कूल से ही प्राप्त करनी होगी। यह मार्कशीट आगे की पढ़ाई, दाखिले और अन्य आधिकारिक कार्यों के लिए आवश्यक होती है।

सीबीएसई द्वारा जारी परिणाम से साफ है कि देश भर के छात्र-छात्राएं लगातार बेहतर कर रहे हैं, और खासकर बेटियां शिक्षा के हर क्षेत्र में नया कीर्तिमान रच रही हैं। वहीं बोर्ड ने कहा है कि स्कूल समय पर छात्रों को ओरिजिनल मार्कशीट की जानकारी देंगे और उन्हें उपलब्ध कराएंगे।

# सुशील कुमार मोदी की पुण्यतिथि पर सीएम ने अर्पित की श्रद्धांजलि

निज संवाददाता | पटना



बिहार के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की पुण्यतिथि पर राजधानी पटना में मंगलवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद भाग लिया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने भागलपुर और छपरा के दौरे से शाम 4:30 बजे लौटने के बाद सीधे राजेंद्र नगर रोड नंबर 8 स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचे, जहां एक पार्क का उद्घाटन कर उसे 'सुशील मोदी पार्क' नाम दिया गया। वहां मौजूद लोगों ने सुशील मोदी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और उन्हें याद किया। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय कुमार चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, मंगल पांडेय समेत बिहार सरकार के कई वरिष्ठ नेता और गणमान्य लोग मौजूद थे। सभी ने सुशील मोदी के लंबे राजनीतिक जीवन और उनके योगदान को याद किया। नेताओं ने कहा कि सुशील मोदी एक ऐसा व्यक्तित्व थे, जिनका स्थान भर पाना बेहद कठिन है।

# गंगा नहाने गए तीन सगे भाई-बहन की डूबने से मौत



**मुंगेर(नि.सं.)।** मुंगेर में मंगलवार को गंगा घाट पर एक नहाने के दौरान एक ही परिवार के तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। यह घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरदह गंगा घाट पर हुई। हादसे के बाद इलाके में कोहराम मच गया। मृतकों की पहचान 22 वर्षीय काव्या उर्फ शालो कुमारी, 16 वर्षीय हर्ष कुमार और 15 वर्षीय अमन कुमार राज के रूप में हुई है। तीनों संजय यादव और रेणु देवी के बेटे-बेटी थे। बताया जा रहा है कि परिवार के सदस्य कुलदेवता की स्थापना से पहले पवित्र स्नान के लिए गंगा घाट पर पहुंचे थे। स्नान के दौरान पांचों सदस्य गहरे पानी में चले गए। गंगा नदी में जा रही एक नाव से यात्रियों ने देखा कि लोग डूब रहे हैं। दो को किसी तरह से बचा लिया गया, लेकिन तीन बच्चों को नहीं बचाया जा सका। सूचना मिलते ही सीताकुंड कल्याण चक गांव के ग्रामीण घाट पर पहुंचे और स्थानीय स्तर पर तलाश शुरू की। घटना की जानकारी सदर एसडीओ शलेंद्र कुमार सिंह को दी गई। मौके पर गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम भेजी गई। कई घंटे की मशक्कत के बाद तीनों शवों को बरामद किया गया। शवों को मुंगेर सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर अनुराग ने बताया कि जब तक बच्चों को लाया गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

# इंडो-नेपाल बॉर्डर सड़क परियोजना 80 प्रतिशत पूरी

निज संवाददाता | पटना

बिहार में भारत-नेपाल सीमा से सटे सात जिलों को जोड़ने वाली बहुप्रतीक्षित इंडो-नेपाल बॉर्डर सड़क परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत 80 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है और इसे दिसम्बर 2025 तक पूरी तरह से आम जनता के लिए समर्पित करने का लक्ष्य तय किया गया है। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने जानकारी दी कि इस परियोजना के तहत कुल 554 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें से अब तक 450 किलोमीटर से अधिक सड़क बनकर तैयार हो चुकी है। उन्होंने बताया कि काम की गति को देखते हुए निश्चित समय सीमा में परियोजना पूरी कर ली जाएगी। यह सड़क पश्चिम चंपारण के मदनपुर से शुरू होकर किशनगंज के गलगलिया होते हुए सिलीगुड़ी तक जाएगी। इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत 2486.22 करोड़ निर्धारित की गई है। इसके अलावा भूमि अधिग्रहण और 131 पुल-पुलियों के निर्माण पर राज्य सरकार की ओर से लगभग 3300 करोड़ की अतिरिक्त राशि खर्च की जा रही है। यह सड़क पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जैसे सीमावर्ती जिलों को आपस में जोड़ेगी।

# बिहार में 4.50 लाख गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन रद्द होने का खतरा

नि संवाददाता | पटना



बिहार में लगभग साढ़े चार लाख वाहनों पर रजिस्ट्रेशन रद्द होने का खतरा मंडरा गया है। इन गाड़ियों के मालिकों ने टैक्स जमा नहीं किया है। सबसे अधिक पटना में वाहन मालिकों पर परिवहन विभाग का टैक्स बकाया है। अब विभाग ने इन गाड़ी मालिकों पर शिकंजा कसने का निर्णय लिया है। ऐसे गाड़ी मालिकों का रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) रद्द किया जा सकता है। सबसे ज्यादा टैक्स डिफॉल्टर राजधानी पटना में हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, बिहार में 4 लाख 51 हजार गाड़ी मालिकों पर टैक्स बकाया है। इनमें सबसे अधिक पटना जिले में 1 लाख 25 हजार से अधिक गाड़ी मालिक हैं। दूसरे स्थान पर मुजफ्फरपुर है, जहां 69 हजार गाड़ी मालिकों पर टैक्स बकाया है।

अन्य जिलों में बेगूसराय में 20 हजार 950, भागलपुर में 22 हजार 143, भोजपुर में 10 हजार 857, सारण में 13 हजार 735, गया में 12 हजार 722, पूर्णिया में 33 हजार 740, रोहतास में 12 हजार 55 तो वैशाली में 10 हजार 201 गाड़ी मालिकों पर टैक्स बकाया है। बाकी जिले में 10 हजार से कम वाहन मालिकों पर टैक्स बकाया है।

टैक्स डिफॉल्टर वाहन मालिकों में अधिकतर व्यावसायिक वाहन के संचालक हैं। इन्हें 3 माह से लेकर सालाना टैक्स जमा करने की सुविधा है। कमर्शियल वाहन चलाने वालों में कई ऐसे भी हैं, जिन्हें टैक्स कब और कैसे जमा करना है, इसकी भी जानकारी नहीं होती। अन्य कारणों से भी परिवहन और गैर परिवहन वाहन/ट्रैक्टर-टेलर/बैट्री चालित (इलेक्ट्रिक) वाहन स्वामी टैक्स डिफॉल्टर हो गए हैं।

राज्य में राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया हुई आसान

# अब घर बैठे ऑनलाइन बनवा सकते हैं अपना राशन कार्ड

निज संवाददाता | पटना



अब राज्य सरकार की पहल से ऑनलाइन राशन कार्ड बनाना आसान हो गया है। अब योग्य लाभार्थी अब घर बैठे आसानी से अपना राशनकार्ड बनवा सकते हैं। इससे आम लोगों को दफ्तरों के चक्कर और वहां लगने वाली लम्बी कतारों से छुटकारा मिल रहा है। सरकार ने नया राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया है। इसके आवेदन के लिए वेबसाइट Rconline. bihar.gov.in पर जाना होगा। वहां श्न्यू यूजर साइन अप फॉर मेरी पहचानश् पर क्लिक कर रजिस्ट्रेशन करना होगा। यहां परिवार के किसी सदस्य के नाम से फॉर्म भरने के बाद मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के जरिए रजिस्ट्रेशन पूरा होगा। इसके बाद नई आईडी और पासवर्ड से लॉगिन कर आवेदन पत्र भरा जा सकता है।

आवेदन प्रक्रिया में परिवार के सदस्यों की जानकारी दर्ज कर आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्डए बैंक पासबुकए निवास प्रमाण पत्र ए परिवार का फोटो जेपीजी-जेपीईजी फॉर्मेट, आवेदक के हस्ताक्षर का फोटोए तथा यदि शर्तें लागू हो तो विकलांगताए आय या जाति प्रमाण पत्र की स्वहस्ताक्षरित फोटोकॉपी अपलोड करनी होगी। आवेदन जमा करने के बाद रेफरेंस नंबर मोबाइल पर एसएमएस के जरिए प्राप्त होगाए जिससे आवेदन की स्थिति को ट्रैक किया जा सकेगा।

बिहार ने हासिल की एक और बड़ी उपलब्धि

# प्रदेश को चाय उत्पादन में पांचवां पायदान हुआ हासिल

निज संवाददाता | पटना



बिहार देशभर में चाय उत्पादन में पांचवें पायदान पर है, लेकिन संसाधनों की भारी कमी के चलते राज्य को राजस्व में बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है। खासकर किशनगंज और ठाकुरगंज जैसे जिलों में चाय उत्पादन तो हो रहा है, मगर स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण इकाइयों के अभाव में राज्य का फायदा अन्य राज्यों को मिल रहा है। जानकारी के अनुसार, किशनगंज जिले में करीब 10,000 हेक्टेयर क्षेत्र में चाय की खेती होती है, लेकिन यहां उत्पादित हरी पत्तियां पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी भेज दी जाती हैं, जहां उनका प्रसंस्करण और पैकेजिंग होती है। इससे बिहार को ना केवल आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि स्थानीय किसानों को भी उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा।

बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (बीआईए) के अध्यक्ष केपीएस केसरी ने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि, 'चाय उत्पादन में बिहार की स्थिति मजबूत है, लेकिन संसाधनों की कमी, विशेष रूप से प्रसंस्करण इकाइयों के अभाव में किसानों को सीधा घाटा हो रहा है और राज्य से राजस्व बाहर जा रहा है।' उन्होंने बताया कि फिलहाल राज्य में 20 से अधिक चाय प्रसंस्करण यूनिट्स सक्रिय हैं, जोकि राज्य की जरूरतों के हिसाब से बहुत ही कम हैं। यदि राज्य सरकार इस दिशा में ध्यान दे, तो बिहार चाय के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो सकता है और यहां के किसान समृद्ध हो सकते हैं।

केपीएस केसरी ने यह भी बताया कि छोटी जोत की समस्या चाय खेती के विस्तार में सबसे बड़ी बाधा बन रही है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि 'लैंड सिलिंग एक्ट' में बदलाव किया जाए और किसानों को लीज पर जमीन लेने की अनुमति मिले, ताकि बड़े पैमाने पर चाय पौधरोपण संभव हो सके। एक और बड़ी चिंता यह है कि टी बोर्ड ऑफ इंडिया में बिहार का कोई प्रतिनिधि नहीं है, जिससे यहां के चाय उत्पादकों की समस्याएं केंद्रीय स्तर पर नहीं पहुंच पातीं। केसरी ने मांग की है कि बोर्ड में बिहार को प्रतिनिधित्व दिया जाए, ताकि नीतिगत फैसलों में राज्य के हितों की रक्षा हो सके।


एनटीपीसी NTPC

भारत के लिए अनंत संभावनाओं के गौरवशाली 50 वर्ष




से विद्युत विकास में समर्पित

50 वर्षों से, एनटीपीसी भारत की प्रगति में एक प्रमुख स्तंभ बनकर खड़ी है। एक लघु शुरूआत से आज यह नवाचार के पॉवरहाउस के रूप में उभरी है, जिसने भारत के सपनों को साकार करने में योगदान दिया है। एनटीपीसी उद्योगों को विद्युत प्रदान करती हुई सामुदायिक विकास और जन–जीवन की उन्नति को असंख्य तरीकों से प्रभावित करती है। एनटीपीसी, एक विश्वसनीय ऊर्जा लीडर के रूप में सभी के लिए स्वच्छ, सतत विद्युत और 2047 तक विकसित भारत की दिशा में अग्रसर भारत की यात्रा में योगदान कर रही है।

**सशक्त भविष्य के लिए विद्युत प्रगति** — पारंपरिक, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों और परमाणु ऊर्जा योजनाओं के मजबूत पोर्टफोलियो के आधार पर 2032 तक 130 गीगावाट का लक्ष्य

**ऊर्जा का विश्वसनीय स्रोत** — देश में हर चौथे बल्ब को जगमग करना और बिजली की विश्वसनीय एवं किफायती विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना

**ऊर्जा के साथ–साथ जीवन को सशक्त बनाना** — समावेशी विकास के लिए समुदायों की सेवा, पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता की सुरक्षा करना

**हरित भविष्य के लिए नवाचार** — फ्लोटिंग सोलर, ग्रीन हाइड्रोजन, ई–मोबिलिटी, कार्बन कैप्चर, बायोफ्यूल्स और ऊर्जा भंडारण समाधानों में अग्रणी

**मूल में स्थिरता** — 'लोग, पृथ्वी, समृद्धि' दृष्टिकोण से प्रेरित होकर एनटीपीसी नेट जीरो भविष्य की ओर दृढ़ता से अग्रसर

www.ntpc.co.in



/ntpc1 /ntpcltd1 /ntpclimited /company/ntpc /ntpclimited पर आएं

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# गंगा नहाने गए 3 सगे भाई बहन की डूबने से मौत

निज संवाददाता। मुंगेर



♦ मुंगेर में कुलदेवता स्थापना से पहले गए थे स्नान करने, दो को नाविकों ने बचाया

मुंगेर में बुधवार को गंगा घाट पर एक नहाने के दौरान एक ही परिवार के तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। यह घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरदह गंगा घाट पर हुई। हादसे के बाद इलाके में कोहराम मच गया। मृतकों की पहचान 22 वर्षीय काव्या उर्फ शालो कुमारी, 16 वर्षीय हर्ष कुमार और 15 वर्षीय अमन कुमार राज के रूप में हुई है। तीनों संजय यादव और रेणु देवी के बेटे-बेटी थे। बताया जा रहा है कि परिवार के सदस्य कुलदेवता की स्थापना से पहले पवित्र स्नान के लिए गंगा घाट पर पहुंचे थे।

**नाव सवार लोगों ने दो को बचाया, तीन डूबे:** स्नान के दौरान पांचों सदस्य गहरे पानी में चले गए। गंगा नदी में जा रही एक नाव से यात्रियों ने देखा कि लोग डूब रहे हैं। दो को किसी तरह से बचा लिया गया, लेकिन तीन बच्चों को नहीं बचाया जा सका। सूचना मिलते ही सीताकुंड कल्याण चक गांव के ग्रामीण घाट पर पहुंचे और स्थानीय स्तर पर तलाश शुरू की।

**गोताखोर और SDRF की टीम ने निकाला शव:** घटना की जानकारी सदर एसडीओ शलेंद्र कुमार सिंह को दी गई। मौके पर गोताखोर और SDRF की टीम भेजी गई। कई घंटे की मशक्कत के बाद तीनों शवों को बरामद किया गया। शवों को मुंगेर सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर अनुराग ने बताया कि जब तक बच्चों को लाया गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद कई जनप्रतिनिधि भी अस्पताल पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। राजद नेता मुकेश यादव ने कहा कि यह बेहद दर्दनाक हादसा है।

**मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू:** मुफस्सिल थाना पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। जिला आपदा पदाधिकारी कुमार अभिषेक ने बताया कि मृतकों के परिजनों को आपदा राहत कोष से अनुशंसित मुआवजा दिया जाएगा।

## यू-डायस डाटा एंट्री में ढिलाई पर दो दिन की मिली मोहलत

**भागलपुर** | यू-डायस पोर्टल पर छात्र-छात्राओं के आंकड़ों की धीमी प्रविष्टि पर शिक्षा विभाग ने नाराजगी जताई है। शनिवार को शिक्षा सचिव ने वीसी कर समीक्षा की। भागलपुर की प्रगति कम पाई गई। उन्होंने दो दिन में शत-प्रतिशत डाटा एंट्री का निर्देश दिया गया। इसके लिए आज से प्रखंड स्तर पर कैंप लगाए जाएंगे। कैंप की व्यवस्था और डाटा प्रविष्टि की जिम्मेदारी संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की होगी। 14 मई तक छात्र-छात्राओं के आंकड़ों की प्रविष्टि पूरी करनी होगी। डाटा एंट्री में त्रुटि या तकनीकी कारणों से अपलोड नहीं होने पर संबंधित छात्रों की सूची प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे तक लेखा सहायक-सह-डाटा एंट्री ऑपरेटर के माध्यम से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को देनी होगी।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा मंगलवार को मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक के दौरान पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे । इस बैठक में महाप्रबंधक द्वारा संरक्षित रेल परिचालन, समय-पालन में आने वाली अड़चनों, यात्री सुविधा, माल लदान में बढ़ोत्तरी, रेल संरक्षा सहित पूर्व मध्य रेल पर चल रहे आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गयी । महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली । उन्होंने माल लदान में बढ़ोत्तरी हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिए । निर्माण परियोजनाओं की कार्य प्रगति की मॉनिटरिंग के साथ-साथ उसमें तेजी जाने तथा नई योजनाओं के कार्यान्वयन में नई तकनीक के प्रयोग पर भी महाप्रबंधक ने बल दिया ।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**( चोरी गयी स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल )**

गढ़वा थाना कांड सं0–516/2024 दिनांक–27.09.2024 धारा–303(2) बी0 एन0 एस0 2023 में चोरी गयी स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका रजि0 नं0– JH14J0404 इंजन नं0–HA11EVNHC62324 एवं चेचिस नं0– MBLHAW110NHC47413 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 352268 (Police)25-26*D



## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. : ईएल–10–25, दिनांक** 09.05.2025, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सूचना सं. : ईएल–10–25, कार्य का नाम एवं इसका स्थान: (क) आसनसोल मंडल:** आसनसोल मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों, यार्ड, सेवा भवन, सब–स्टेशन, फिल्टर हाउस, कोचिंग कॉम्प्लेक्स में एलटी पैनल का विस्तार और अन्य विद्युत कार्य से पुराने एलटी पैनल का प्रतिस्थापन। (फेज–I), (एसएसई/इलेक्ट (जी)/एएसएन के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत)। **(ख) आसनसोल मंडल:** आसनसोल मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों, यार्ड, सेवा भवन, सब–स्टेशन, फिल्टर हाउस, कोचिंग कॉम्प्लेक्स में एलटी पैनल का विस्तार और अन्य विद्युत कार्य से पुराने एलटी पैनल का प्रतिस्थापन। (फेज–I), (एसएसई/इलेक्ट (जी)/यूडीएल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत)। **निविदा मूल्य :** रु.5,06,07,179.46, **बयाना राशि :** रु. 4,03,000/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **कार्य के लिए समापन अवधि** : 09 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय** : दिनांक 06.06.2025 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-42/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा आश्रित हितलाभ का भुगतान



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बीमा आयुक्त (पूर्वी क्षेत्र), श्री प्रणय सिन्हा एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक ,सीए. निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स पैराग्रीन गार्डिंग प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति श्री विकास कुमार जो इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्रा. सब के अधीन हाजीपुर में सुरक्षा कर्मी के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता माता- श्रीमती सिगमा देवी, पिता- श्री अरविन्द कुमार को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी । स्व. विकास कुमार की मृत्यु दिनांक 10-11-2023 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी | वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था| नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जाँच की गयी तथा ई०एस०आई०सी० द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया । पेंशन के रूप में 42.15 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु.2529/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 42993-/ रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है । उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को ईएसआई कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ई० एस० आई० योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है ।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार।
**प्रेस विज्ञप्ति**

M/s Dubey Construction, Baralota, GLA Collage, Daltonganj, Palamau संवेदक के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मद अंतर्गत पैकेज सं0 JH-LWE-LAT-09/2021-22 का कार्य कराया जा रहा है, जिसका एकरारनामा सं0 SBD-19/2022-23 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि 03.09.2022 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 02.09.2023 है, जो कार्य पूर्ण करने का समयावधी पूर्व में ही समाप्त हो चुका है। इस कार्यालय का पत्रांक 724 दिनांक 20.08.2022, पत्रांक 1269 दिनांक 09.12.2023, पत्रांक 142 दिनांक 12.02.2024, पत्रांक 1190 दिनांक 06.12.2024 एवं पत्रांक 347 दिनांक 04.04.2025 के द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु लिखित आदेश देने के बाद भी आपके द्वारा अब तक कार्य पूर्ण नही किया गया है, जो खेद का विषय है।

अतः निदेशानुसार आपको सूचित किया जाता है कि इस कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा बाध्य होकर क्यो न नियमानुसार एकरारनामा की शर्तो के तहत एकरारनामा को विखंडित कर जमानत की राशि जब्त करते हुए आपके निबंधन को कालीसूची में डालने हेतु उच्चाधिकारी को अनुशंसा कर दी जाय।

इसे अंतिम स्मार–पत्र समझें।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लातेहार।

PR 352252 REO(25-26)D


## मायागंज अस्पताल में इलाज के दौरान छात्र की मौत

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के मायागंज अस्पताल में सड़क हादसे में घायल छात्र की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। मृतक विजय कुमार ठाकुर(14) झारखंड के गोड्डा जिले का रहने वाला था। 21 अप्रैल को ट्यूशन जाते समय तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टक्कर मारी थी। पिता भोला ठाकुर ने कहा कि स्कॉर्पियो से टक्कर के बाद विजय को गंभीर चोटें आई थी। कान से खून बहने लगा था। पहले पटना के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां से मायागंज लेकर आया। यहां समय पर ऑक्सीजन नहीं दिया गया। अस्पताल में नर्स का व्यवहार भी ठीक नहीं था। वहीं, मायागंज अस्पताल के अधीक्षक डॉ. हेमशंकर शर्मा ने जांच का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों ने इलाज में कोई कमी नहीं की। अगर कोई लापरवाही हुई है तो जांच के बाद कार्रवाई करेंगे।


## भारत सरकार
## जनजातीय कार्य मंत्रालय
## छात्रवृत्ति अनुभाग
****

**चयन वर्ष 2024-25 के लिए अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों हेतु राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति योजना (एनओएस)**

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार चयन वर्ष 2025-26 के लिए अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों से राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति योजना (एनओएस) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। विदेश में मास्टर स्तर, पीएचडी और पोस्ट- डॉक्टोरल अनुसंधान कार्यक्रमों में उच्च अध्ययन करने के लिए चुने गए छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

छात्रवृत्ति के लिए स्लॉटों की संख्या: 20

इच्छुक उम्मीदवार एनओएस पोर्टल https://overseas.tribal.gov.in/ के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जमा करने के लिए पोर्टल 15 मई 2025 से 30 जून 2025 (शाम 5:30 बजे तक) खुला रहेगा।

अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार मंत्रालय के पोर्टल पर जा सकते हैं: https://overseas.tribal.gov.in/

cbc43101/11/0007/2526



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।
**आवश्यक सूचना।**
**( चोरी गयी स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल )**

गढ़वा थाना कांड सं0–473/2024 दिनांक–07.09.2024 धारा–303(2) बी0 एन0 एस0 2023 में चोरी गयी स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका रजि0 नं0– JH03AD1267 इंजन नं0–HA11EDMHC40873 एवं चेचिस नं0– MBLHAW12XMHC16581 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR 352263 Police(25-26)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार।
**प्रेस विज्ञप्ति**

M/s Sugriw Pandey, Nagarutari, Dist - Garhwa संवेदक के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मद अंतर्गत पैकेज सं0 JH-LWE-II-LAT-03/2021-22 का कार्य कराया जा रहा है, जिसका एकरारनामा सं0 SBD - 22/2022-23 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि 04.09.2022 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 30.03.2023 है, जो कार्य पूर्ण करने का समयावधी पूर्व में ही समाप्त हो चुका है। इस कार्यालय का पत्रांक 369 दिनांक 15.04.2023, पत्रांक 594 दिनांक 22.05.2023, पत्रांक 928 दिनांक 18.08.2023, पत्रांक 1198 दिनांक 06.12.2024, पत्रांक 147 दिनांक 08.02.2025 एवं पत्रांक 413 दिनांक 17.04.2025 के द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु लिखित आदेश देने के बाद भी आपके द्वारा अब तक कार्य पूर्ण नही किया गया है, जो खेद का विषय है।

अतः निदेशानुसार आपको सूचित किया जाता है कि इस कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा बाध्य होकर क्यो न नियमानुसार एकरारनामा की शर्तो के तहत एकरारनामा को विखंडित कर जमानत की राशि जब्त करते हुए आपके निबंधन को कालीसूची में डालने हेतु उच्चाधिकारी को अनुशंसा कर दी जाय।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, लातेहार।

PR 352260 (REO) 25-26 (D)


## भागलपुर में हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**भागलपुर** । भागलपुर के शाहकुंड थाना पुलिस ने रविवार देर रात बलहा गांव में छापेमारी कर अवैध हथियार के साथ एक युवक को पकड़ा। आरोपी के घर से एक लोडेड कट्टा, एक कारतूस और एक खोखा बरामद हुआ है। गिरफ्तार युवक की पहचान घुटो यादव के रूप में हुई है। वह बलहा गांव का रहने वाला है। सोमवार को विधि व्यवस्था डीएसपी चंद्रभूषण ने बयान जारी कर बताया कि रविवार को थाना अध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि घुटो यादव के पास अवैध हथियार है। सूचना की पुष्टि के बाद मेरे नेतृत्व में टीम बनाई गई। टीम ने रात में घुटो यादव के घर छापा मारा। तलाशी में कट्टा, कारतूस और खोखा मिला। मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ शाहकुंड थाना में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पूछताछ में यह पता लगाया जा रहा है कि हथियार कहां से आया और इसका इस्तेमाल किस मकसद से होना था।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## लघु सिंचाई प्रमंडल, औरंगाबाद
''हर खेत तक सिचाई का पानी''

**अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 01/2025–26**

केवल ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in)पर
संवेदको से दर प्रतिशत दर पर निविदा

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल औरंगाबाद |
| 2. | विज्ञापन निर्गत करने की तिथि | दिनांक– **09.05.2025** |
| 3. | परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक– **17.05.2025** से **22.05.2025** को अपराह्न 05:00 बजे तक सिर्फ वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर। |
| 4. | प्री–बीड मीटिंग का स्थान, तिथि एवं समय | अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, पटना के कार्यालय में दिनांक– **21.05.2025** को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक । |
| 5. | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक– **23.05.2025** को अपराह्न 05:00 बजे तक सिर्फ वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर। |
| 6. | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक– 24.05.2025 को 10:00 बजे पूर्वाह्न को संबंधित प्रमंडलीय कार्यालय में। |
| 7. | वित्तीय वीड खोलने की तिथि | सक्षम प्राधिकार द्वारा बाद में घोषित किया जाएगा। |
| 8. | निविदा की वैद्यता अवधि | 120 दिन |
| 9. | कार्य की विवरणी | |

| क्र0सं0 | योजना का नाम | जिला | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण–विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) (रूपये में) | बेल्ट्रॉन को देय बीड प्रोसेसिंग मूल्य सेवा शूल्क सहित (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | बेलघटिया पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 39.840 | 0.800 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 2 | सुग्गी आहर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 46.840 | 0.940 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 3 | करमाटीकर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 45.701 | 0.915 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 4 | सोनवर्षा पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 34.520 | 0.691 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 5 | हजारी (राजपुर सिंवाना) उदवह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | नवीनगर | 37.202 | 0.750 | 5000 | 590 | 6 माह |
| 6 | हजारी (शिवगंज) उदवह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | नवीनगर | 36.793 | 0.740 | 5000 | 590 | 6 माह |
| 7 | नेहुती लपुरा उदवह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | औरंगाबाद | 29.264 | 0.590 | 5000 | 590 | 6 माह |
| 8 | उत्तर बेला उदवह सिंचाई योजना का निर्माण | औरंगाबाद | गोह | 47.043 | 0.950 | 5000 | 590 | 6 माह |

PR- 003152 (MWRD) 2025-26

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल औरंगाबाद

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



## झारखण्ड सरकार
## वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
## न्यायालय :– प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा।

**सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वन पदार्थ पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित सुनवाई की तिथि 27.05.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में ससमय प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वन पदार्थ तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ की विवरणी | अभियुक्त का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 07/2025 | साल प्रजाति का बोटा कुल–11 पीस (5 फीट 8 इंच x 3 फीट–1 पीस; 6 फीट 5 इंच x 3 फीट 2 इंच–1 पीस; 7 फीट x 2 फीट 9 इंच–1 पीस; 5 फीट 11 इंच x 2 फीट 9 इंच–1 पीस; 4 फीट 9 इंच x 3 फीट 2 इंच–1 पीस; 7 फीट 5 इंच x 2 फीट 8 इंच–1 पीस; 9 फीट x 3 फीट 6 इंच–1 पीस; 7 फीट 8 इंच x 2 फीट 4 इंच–1 पीस; 5 फीट 8 इंच x 2 फीट 9 इंच–1 पीस; 10 फीट 3 इंच x 1 फीट 11 इंच–1 पीस एवं 6 फीट 8 इंच x 3 फीट 3 इंच–1 पीस) | अज्ञात | |
| 2. | 17/2025 | सलई प्रजाति का बोटा कुल–10 पीस (7 फीट 4 इंच x 49 इंच–1 पीस; 7 फीट 6 इंच x 50 इंच–1 पीस; 7 फीट 3 इंच x 36 इंच–1 पीस; 7 फीट 6 इंच x 36 इंच–1 पीस; 8 फीट 6 इंच x 40 इंच–1 पीस; 7 फीट 9 इंच x 39 इंच–1 पीस; 7 फीट 4 इंच x 40 इंच–1 पीस; 7 फीट 1 इंच x 40 इंच–1 पीस; 7 फीट 7 इंच x 48 इंच–1 पीस एवं 6 फीट 7 इंच x 49 इंच–1 पीस) | अज्ञात | |

प्राधिकृत पदाधिकारी
–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल।

PR 352286 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26 (D)

## संक्षिप्त समाचार

### आज होगा मॉडल अस्पताल का उद्घाटन, हुआ बिजली का ट्रायल

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सदर अस्पताल में बने मॉडल अस्पताल का उद्घाटन 14 मई को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय करेंगे। इसकी जानकारी अस्पताल अधीक्षक डॉ बीएस झा ने दी। उन्होंने बताया कि उद्घाटन के बाद अस्पताल हैंडओवर हो जाने पर सदर अस्पताल उसमें शिफ्ट कर दिया जाएगा। मॉडल अस्पताल में पहले ओपीडी शुरू होगी, उसके बाद आईपीडी और फिर ओटी। सोमवार को अस्पताल में बिजली कनेक्शन का ट्रायल लिया गया। इस दौरान अधीक्षक डॉ बीएस झा और प्रबंधक प्रवीण कुमार ने अस्पताल का निरीक्षण किया। अधीक्षक ने बताया कि पूरा अस्पताल अब मॉडल अस्पताल में शिफ्ट हो जाएगा। निचले तल पर ओपीडी होगी। 16 विभाग की ओपीडी इस अस्पताल में शुरू होगी। ओपीडी के बाहर मरीजों के बैठने की भी व्यवस्था की गई है। पहले तल पर आईपीडी और ओटी रहेगी। निचले तल पर 20 बेड की इमरजेंसी भी रहेगी। अधीक्षक ने बताया कि अस्पताल की ओटी काफी आधुनिक बनी है। यहां मरीजों के इलाज के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के कार्यालय भी शिफ्ट किए जाएंगे।

### 432 बोतल विदेशी शराब लदी कार पकड़ी गई, दो गिरफ्तार

**गया, एजेंसी।** शादी-विवाह के सीजन में शराब की तस्करी बढ़ गई है। तस्करों के ज्यादा सक्रिय होने के साथ ही उत्पाद विभाग ने भी जिले भर में कार्रवाई तेज कर दी है। जांच चौकी डोभी पर लगातार दूसरे दिन रविवार की रात अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप पकड़ी गई। शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही दूसरी कार्रवाई में आमस में एक बाइक सवार युवक को आठ लीटर विदेशी शराब के साथ दबोचा गया। दोनों मामले में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई। लग्जरी कार पर लदी थी 162 लीटर विदेशी शराब उत्पाद सहायक आयुक्त प्रियरंजन ने बताया कि चेकपोस्ट सहित जिले भर में छापेमारी तेज कर दी गयी है। इसी क्रम में समेतिक जांच चौकी,डोभी पर लगातार दूसरे दिन रविवार रात शराब लदी लग्जरी कार पकड़ी गयी। जांच दल ने शक के आधार पर झारखंड की ओर से आ रही कार रुकवायी। जांच में कार के सीटे के नीचे और डिक्की से 432 बोतल विदेशी शराब निकली। 162 लीटर शराब के साथ कार पर सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवकों में परैया थाना क्षेत्र के मनझार गांव का सागर कुमार (चालक) और बाराचट्टी थाना क्षेत्र के कुरमावा गांव निवासी राज कुमार को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में चेकपोस्ट के निरीक्षक रामप्रीति कुमार, प्रभात कुमार झा, एएसआई विक्की कुमार, दिलीप कुमार व विजय कुमार सहित जवान शामिल रहे। बताया कि शनिवार से पहले चेक पोस्ट पर 168 बोतल विदेशी शराब और 92 पीस बीयर की बोतल के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया था। आमस में शराब ले जा रहे बाइक सवार पकड़ाया सहायक आयुक्त ने बताया कि विभाग की दूसरी टीम ने आमस थाना क्षेत्र के जीटी रोड शेरे विहार होटल के पास एक बाइक सवार को पकड़ा गया। जांच में बाइक सवार के पास से 8.250 लीटर विदेशी शराब निकली। शराब के साथ इमामगंज थाना क्षेत्र के दर्जी बिगहा नगमा के रौशन कुमार को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी में एएसआई रंजीत कुमार साह, मो. हाबिल व ओम प्रकाश प्रजापति सहित जवान शामिल रहे।

### पूर्णिया में करंट लगने से बच्चे की मौत

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया के मोहनपुर थाना क्षेत्र में करंट की चपेट में आने से 10 साल का बच्चा झुलस गया। आनन-फानन में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक शुभांकर कुमार(10) भौवा प्रबल पंचायत के साधुपुर गांव का रहने वाला था। मृतक के चाचा ने बताया कि भतीजे के साथ गांव के खेत पर जा रहा था। भतीजा उनसे 100 मीटर पीछे था। इस दौरान खेत से होकर गुजरे नंगे तार की चपेट में आ गया।

# एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने ऑपरेशन सिंदूर की कमान थाम बिहार का बढ़ाया मान

**पूर्णिया, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए नृशंस आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के तहत चल रहे हवाई अभियानों की निगरानी एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती महानिदेशक वायु संचालन (डीजीएओ) द्वारा की जा रही है, जो एक बिहारी अधिकारी हैं। एयर मार्शल भारती पूर्णिया के झुन्नी कलां गांव के रहने वाले हैं। उनके पिता जीवछलाल यादव कोशी परियोजना के सेवानिवृत्त लेखाकार हैं और उनकी माता उर्मिला देवी का घर श्रीनगर हाता पूर्णिया में है। एयर मार्शल भारती के दो भाई हैं जो पूर्णिया में काम करते हैं। एयर मार्शल भारती ने अपनी स्कूली शिक्षा सैनिक स्कूल तिलैया से प्राप्त की, जहां से वे एनडीए, पुणे गए और जून 1987 में भारतीय वायुसेना के फाइटर स्ट्रीम में शामिल हुए। एयर मार्शल भारती का पेशेवर इतिहास बहुत ही शानदार रहा है, जिसमें उन्होंने पाठ्यक्रम में शीर्ष स्थान प्राप्त किया था और उन्हें स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया था। उन्होंने वेलिंगटन में प्रतिष्ठित स्टाफ कोर्स और नई दिल्ली में एनडीसी भी किया। एयर मार्शल भारती ने एक फ्रंटलाइन फाइटर बेस की कमान संभाली और भारत के भीतर और बाहर कई महत्वपूर्ण कार्यभार संभाले। वायु सेना मुख्यालय में डीजीएओ का पदभार संभालने से पहले वे प्रयागराज में सेंट्रल एयर कमांड में सीनियर स्टाफ ऑफिसर (एसएएसओ) के पद पर तैनात थे, जहां उन्होंने हाल ही में आयोजित महाकुंभ का पर्यवेक्षण भी



किया था। वर्तमान में चल रहे ऑपरेशन सिंदूर में हवाई ऑपरेशन के वास्तुकार के रूप में उन्होंने योजना बनाने, समन्वय करने और अंततः पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारतीय वायुसेना द्वारा पाकिस्तान के भीतरी इलाकों में मिशनों की योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने, जिसमें उनकी सामरिक संपत्तियां भी शामिल हैं, ने न केवल उन्हें तत्काल युद्ध विराम का अनुरोध करने के लिए मजबूर किया, बल्कि इससे पाकिस्तानी प्रतिष्ठानों के मन में लंबे समय तक एक स्थायी भय भी बने रहने की संभावना है। एयर मार्शल एके भारती प्रधानमंत्री की इच्छा के अनुसार वायु सेना की योजना बनाने के मुख्य वास्तुकार रहे हैं, ताकि बर्बर पहलगाम हत्याकांड के लिए पाकिस्तान को दंडित किया जा सके। यह वास्तव में हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। यह जानकारी पूर्णिया के सामाजिक कार्यकर्ता विजय श्रीवास्तव के साथ इंडियन एयर फोर्स के रिटायर्ड ग्रुप कैप्टन विश्वजीत कुमार ने साझा की है।

#### सितंबर 2023 में एयर मार्शल के पद पर प्रमोट हुए

भारती भारतीय वायु सेना की फ्लाइंग ब्रांच में 1987 में कमीशंड हुए थे। सितंबर 2023 में एयर मार्शल के पद पर प्रमोट हुए। 16 अगस्त 2005 को सुखोई- 30 एमकेआई स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर के तौर पर जिम्मेदारी संभाली थी। इस यूनिट को हाल ही में एयरक्राफ्ट का एडवांस्ड वर्जन मिला था। एयर मार्शल भारती ने इसके वेपन सिस्टम को बनाने और ऑपरेशनल करने में क्रिटिकल रोल निभाया है। एयर मार्शल भारती की लीडरशिप में स्क्वॉड्रन ने एयर फोर्स लेवल एक्सरसाइज गगन शक्ति में हिस्सा लिया था। इसके जरिए एयर डॉमिनेंस फोर्स का कॉन्सेप्ट डिमोंस्ट्रेट किया जाता है। स्क्वॉड्रन को बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए 2006 और 2007 में सराहा गया था। 2006 में यूके रॉयल एयरफोर्स के साथ इंद्रधनुष एक्सरसाइज और 2007 में फ्रांस एयरफोर्स के साथ गरुड़ा एक्सरसाइज की थी। 2008 में भारती को राष्ट्रपति ने वायुसेना मेडल से सम्मानित किया।

#### 3 भाई में सबसे बड़े हैं अवधेश

एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती 3 भाई में सबसे बड़े हैं। एक भाई आरके भारती न्यूरो सर्जन हैं और दूसरे मिथिलेश कुमार एमआर हैं। पिता जीवछलाल कोशी परियोजना के रिटायर्ड लेखाकार हैं, और मां उर्मिला देवी हाउस वाइफ हैं। मां-पिता दोनों शहर के के.हाट थाना क्षेत्र के श्रीनगर हाता में रहते हैं।



### चंदवारा से फोरलेन तक सड़क के लिए 11 एकड़ जमीन का होगा अधिग्रहण

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** चंदवारा में फेज दो के तहत लिंक रोड बनाने की कवायद तेज हो गई है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण की भी आवश्यकता होगी। पुल निर्माण निगम ने मुशहरी अंचल अंतर्गत पांच मौजा को चिह्नित किया है। इन मौजों में करीब 11 एकड़ निजी भूमि का अधग्रिहण किया जाएगा। समाहर्ता की ओर से इसकी स्वीकृति के बाद अब सामाजिक प्रभाव का आकलन किया जाना है। इसके लिए पटना स्थित एक संस्थान का चयन किया गया है। समाहर्ता की ओर से प्रस्ताव तैयार कर सौंपने को कहा गया था। इसके आलोक में सामाजिक प्रभाव के आकलन के दौरान किन-किन बिंदुओं पर फोकस किया जाएगा, इसका पूरा ब्योरा संस्थान की ओर से समाहर्ता को भेज दिया गया है। इस कार्य पर करीब नौ लाख रुपये खर्च होंगे। इस राशि का आवंटन करने का अनुरोध किया गया है। इससे पूर्व पुल निर्माण निगम की ओर से भूमि अधग्रिहण को लेकर जिला भू-अर्जन कार्यालय को अधियाचना सौंपी जा चुकी है। इसपर खर्च होने वाली राशि का अनुमानित प्राक्कलन भी तैयार करने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि इस योजना को चंदवारा में फेज-दो का नाम दिया गया है, जिसके तहत तीन किमी लंबी सड़क का निर्माण होना है। मुशहरी अंचल अंतर्गत मौजा सरैया चक मुस्तफा सिपाहपुर में 0.8630 एकड़, हरपुर में 2.2810 एकड़, दामोदरपुर में 4.4700 एकड़, भगवतीपुर में 3.2898 एकड़ और चकमोहब्बत में 0.9110 एकड़ भूमि का अधिग्रहण होगा। संस्थान की ओर से रिपोर्ट मिलने के बाद अधिग्रहित की जाने वाली भूमि का एमवीआर निर्धारित किया जाएगा। इसी आधार पर रैयतों को मुआवजा भुगतान किया जाएगा।



## मौसम : देर रात 60 किमी की रफ्तार से चली आंधी, कई इलाकों में बारिश

**पटना, एजेंसी।** मध्य बिहार से ट्रफ लाइन गुजरने और उत्तर प्रदेश पर साइक्लोनिक सर्कुलेशन बने रहने की वजह से सोमवार की देर रात मौसम में अचानक बदलाव हो गया।

देखते ही देखते आकाश बादल छा गए और गरजने बरसने लगे। तेज आंधी भी चली लगी। 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी से कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। कई इलाकों पेड़ की डाली टूट कर गिर गई। बोरिंग कनाल रोड, अनिसाबाद, पाटलिपुत्र कॉलोनी समेत आसपास इलाकों में बारिश हुई। फुलवारीशरीफ और आसपास बूंदाबांदी हुई पर तेज आंधी चली। मौसमविदों का कहना है कि मंगलवार को भी दक्षिण बिहार के कई जिलों में और उत्तर बिहार में सीमांचल के जिलों में तेज आंधी पानी के गर्जन होने की संभावना है।

#### हवा में आर्द्रता अधिक रहने से गर्मी ज्यादा

वायुमंडल में आर्द्रता अधिक रहने के कारण गर्मी का एहसास बढ़ गया है। पटना सहित राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान से पांच से छह डिग्री सेल्सियस अधिक महसूस हो रही है। राज्य में पछुआ हवा चल रही है, इसके बाद भी इस हवा में आर्द्रता अधिक बनी हुई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार राज्य में लगातार हो रही बारिश के कारण पछुआ हवा में भी आर्द्रता आ गई है और यह लोगों को परेशान कर रही है। 14 मई की शाम से उत्तर-पूर्व भागों में आंधी-पानी का अलर्ट है। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार पटना सोमवार को पटना का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और न्यूनतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि हवा में आर्द्रता की मात्रा 66 प्रतिशत दर्ज किया गया।

## भागलपुर और पूर्णिया में अगले महीने से चलेंगी पिंक बसें?



**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार के भागलपुर और पूर्णिया शहर में महिलाओं के लिए विशेष पिंक बसों की शुरुआत अगले महीने यानी जून 2025 से हो जाएगी। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की ओर से यह जानकारी दी गई है। बीएसआरटीसी के अधिकारियों की मानें तो पिंक बसों के संचालन को लेकर कागजी कार्यवाही पूरी कर ली गई है। जून महीने के पहले सप्ताह से भागलपुर और पूर्णिया में पिंक बसें दौड़ने लगेंगी। बता दें कि वर्तमान में पिंक बस राज्य के चार शहरों में चलेंगी। इसमें पटना में 10 बसों का परिचालन होगा। इसके अलावा शेष 10 बसों का परिचालन भागलपुर, मुजफ्फरपुर और पूर्णिया में होगा। इन शहरों में चलने के बाद अक्टूबर महीने में 100 नई पिंक बसें चलाई जाएंगी। परिचालन के लिए परमिट का काम शुरू हो गया है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के अधिकारियों के अनुसार परमिट देने की प्रक्रिया मई माह तक चलेगी। इसके बाद जून के प्रथम सप्ताह में पिंक बस का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। भागलपुर में तिलकामांझी सरकारी बस स्टैंड, तो पूर्णिया में थाना चौक बस स्टैंड से इन बसों का परिचालन किया जाएगा।

बीएसआरटीसी के आरएम अजिताभ कुमार ने बताया कि पिंक बसें पटना पहुंच गई हैं। जल्द ही इन्हें भागलपुर और पूर्णिया लाया जाएगा। जून के पहले सप्ताह से इन दोनों शहरों में पिंक बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

#### पिंक बस में क्या खास?

पिंक बसों को खास तौर पर महिलाओं और लड़कियों के लिए डिजाइन किया गया है। इनमें महिलाएं एवं छात्राएं ही सफर कर सकेंगी। पिंक बस को शहर के प्रमुख स्थानों पर चलाया जाएगा। संचालन का समय सुबह 8 से रात 8 के बीच होगा। राज्य सरकार ने इन बसों में ड्राइवर और कंडक्टर भी महिलाएं ही रखने का फैसला लिया था। मगर अभी तक बीएसआरटीसी को महिला ड्राइवर हीं मिल पाए हैं।

### बच्चों का हेल्थ कार्ड बनाने में बिहार दूसरे स्थान पर

**पटना, एजेंसी।** बिहार के आंगनबाड़ी केंद्रों में अबतक 26.15फीसदी बच्चों का हेल्थ कार्ड बना। इसके साथ ही बिहार देशभर में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। बिहार से ज्यादा केवल महाराष्ट्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में 30.63 फीसदी बच्चों का हेल्थ आईडी कार्ड बना है। बता दें कि दिसंबर तक राज्य के आधे से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों में एक भी बच्चे का कार्ड नहीं बना था। पूरे राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों को मिलाकर 1435 बच्चों का ही हेल्थ आईडी कार्ड बना था। लेकिन दिसंबर से समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) निदेशालय ने विशेष अभियान शुरू किया। इसके बाद हर महीने हजारों बच्चों का हेल्थ आईडी कार्ड बनने लगा। पांच माह यानी दिसंबर से अप्रैल तक 29 लाख आठ हजार 420 यानी 26.15 फीसदी बच्चों का हेल्थ आईडी कार्ड बन चुका है। वर्तमान में 95 लाख के लगभग राज्यभर के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चें पंजीकृत हैं। जिसका हेल्थ आईडी कार्ड बनता है, उनके स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी का रिकॉर्ड ऑनलाइन रखा जाता है। ऐसे में अगर किसी बच्चे की तबीयत खराब होती है तो ऑनलाइन रिकॉर्ड के आधार पर उसका तुरंत इलाज शुरू हो जाएगा।

## जान से मारने की दी थी धमकी

## घर में घुसकर दुष्कर्म की कोशिश: पीड़िता के ससुर ने पिटाई के बाद युवक को पुलिस को सौंपा

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में घर में घुसकर एक महिला से दुष्कर्म की कोशिश की गई। पीड़िता ने शोर मचाया तो ससुर दौड़ते हुए आएं और युवक को पकड़ लिया। पड़ोसियों के साथ उसकी पिटाई की, फिर पुलिस को सौंप दिया।

पीड़िता की शिकायत पर युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। पीड़िता ने बताया, 3 दिन पहले आरोपी इकराम ने मुझे धमकी दी थी कि अगर मैं उससे बात नहीं करूंगी तो घर में घुसकर जान से मार देंगे। मेरे पति घर से रविवार की रात में कहकर निकले थे कि खेत पर जा रहा हूं। सुबह खाना पहुंचा देना। पति के जाने के बाद मैं सोने चली गई थी। तभी इकराम मेरे घर में घुस आया। मेरे ससुर समय पर नहीं आते तो मेरे साथ गलत हो जाता। मामला नारायणपुर प्रखंड के भवानीपुर थाना क्षेत्र का है।

#### एक तरफा प्यार में बात करने की कोशिश करता था

आरोपी इकराम महिला से एक तरफा प्यार करता था। पीड़िता उससे बात करना नहीं चाह रही थी। लड़का जबरदस्ती बात करने की कोशिश करने लगा। जिसका महिला ने विरोध जताया तो लड़का ने धमकी दी थी। आरोपी युवक का घर पीड़िता के घर से 2 किलोमीटर की दूरी पर है। जो लगातार महिला के घर की तरफ घूमने आता था। हालांकि पहले से युवक और महिला के बीच कोई संबंध नहीं था। पड़ोस के गांव के रहने के कारण एक दूसरे को जानते थे। भवानीपुर थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर महेश कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।





## गोपालगंज के किसान ने 48 डिग्री तापमान में उगाए सेब

**गोपालगंज, एजेंसी।** अब तक शिमला और कश्मीर जैसी ठंडी जगहों में होने वाले सेब की खेती अब बिहार की गर्म जमीन पर भी मुमकिन हो गई है। गोपालगंज के सदर प्रखंड स्थित एकड़ेरवा गांव के किसान ध्रुव कुमार सिंह ने इस असंभव मानी जाने वाली संभावना को साकार कर दिखाया है। उन्होंने हिमालयन-99 प्रजाति के सेब के पौधों की सफलतापूर्वक खेती की है, जो 48 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी फल दे सकता है।

**2022 में कृषि विभाग से मिले थे 25 पौधे, 12 में लगा फल:** ध्रुव कुमार सिंह को 2022 में कृषि विभाग के बागवानी मिशन के तहत हिमालयन-99 प्रजाति के 25 सेब के पौधे मिले थे। इनमें से 13 पौधे शुरू में सूख गए, लेकिन शेष 12 पौधों में अब फल आ चुके हैं। शुरुआती असफलता के बावजूद, मेहनत और धैर्य ने उन्हें यह सफलता दिलाई।

**आम-अमरूद जैसी देखभाल, कम लागत में बेहतर मुनाफा :** सेब की इस प्रजाति की खासियत यह है कि इसकी देखभाल आम और अमरूद जैसे पौधों की तरह ही की जा सकती है। शुरुआत में नियमित सिंचाई और समय-समय पर कटाई-छंटाई जरूरी होती है, लेकिन पेड़ के परिपक्व होने पर सिंचाई की जरूरत काफी कम हो जाती है। ध्रुव के अनुसार, यह कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाला विकल्प बन सकता है।

**सेब की बागवानी को बना लिया शौक, पेशे से हैं वकील :** ध्रुव कुमार सिंह पेशे से अधिवक्ता हैं, लेकिन बागवानी उनका प्रमुख शौक है। वे पहले से ही आम, अमरूद, अंगूर और अनार की खेती कर चुके हैं। सेब की खेती का ऑफर मिलने पर उन्होंने इसे एक चुनौती की तरह लिया। उन्होंने कहा, शुरुआत में लोग मज़ाक उड़ाते थे कि सेब यहां कैसे होगा, लेकिन आज वही लोग सराहना कर रहे हैं।

**जनवरी में फूल, मई-जून में फल:** ध्रुव बताते हैं कि सेब के पौधे लगाने का उपयुक्त समय 15 नवंबर से 15 फरवरी तक होता है। पौधे लगने के दो साल बाद इनमें फूल आते हैं, जो जनवरी के अंत से शुरू होकर फरवरी तक आते हैं। मई और जून में फल तैयार हो जाते हैं।

**'यह आम और लीची से भी बेहतर' :** ध्रुव का मानना है कि सेब की यह किस्म आम, लीची और अमरूद से भी बेहतर है, क्योंकि इससे कम समय में अच्छी गुणवत्ता वाला फल मिलता है। वे अब इसे व्यावसायिक स्तर पर विस्तार देना चाहते हैं और सरकार से सहयोग की अपेक्षा रखते हैं।

**उद्यान पदाधिकारी बोले: सफल हो रहा है प्रयोग, अन्य किसानों को भी जोड़ा जा रहा :** जिला उद्यान पदाधिकारी आकाश कुमार ने बताया कि यह बागवानी सरकार की प्रयोगात्मक योजना का हिस्सा है और इसका परिणाम उत्साहजनक रहा है। हम अन्य किसानों को भी सेब की खेती के लिए प्रेरित कर रहे हैं। आने वाले वर्षों में इसका बड़ा असर देखने को मिलेगा।

**बिहार में सेब की खेती से आय में इजाफा :** सेब की खेती बिहार के लिए कई मायनों में खास साबित हो सकती है। एक तो इससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी, वहीं स्थानीय लोगों को ताजा सेब भी सुलभ हो सकेगा। इसके अलावा, यह खेती के विविधीकरण और मृदा उर्वरता को बनाए रखने में भी सहायक होगी।

**ध्रुव की अपील: सरकार दे तकनीकी मदद और पौधे :** ध्रुव कुमार सिंह ने सरकार से अपील की है कि वे उन्हें बागवानी को बड़े स्तर पर फैलाने के लिए पौधे, तकनीकी प्रशिक्षण और बाजार तक पहुंच दिलवाएं। जब हिमाचल के सेब गर्मी में 230 रुपए किलो बिकते हैं, तो बिहार का सेब क्यों पीछे रहे?

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिटिश इंग्लिश स्कूल का सीबीएसई X व XII का परिणाम शानदार, कई छात्र 95% से अधिक अंक प्राप्त कर चमके















**गया**। ब्रिटिश इंग्लिश स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई 10वीं और 12वीं की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। मंगलवार को घोषित हुए बोर्ड परीक्षा के नतीजों में स्कूल के कई विद्यार्थियों ने 95% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जिससे स्कूल परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल है। बढ़ियां 12वीं कक्षा में साइना सुमन ने 95.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया, वहीं श्रेया कुमारी को 95.4% और स्वास्तिक गुमरा को 94.6% अंक प्राप्त हुए हैं। इस वर्ग के कुल 7 छात्रों को 90% से अधिक अंक प्राप्त हुए हैं और 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 37 रही। शेष छात्रों का प्रदर्शन भी संतोषजनक रहा है, जिससे शिक्षकों और अभिभावकों में गर्व की भावना देखी गई। वहीं 10वीं कक्षा के नतीजे भी कम शानदार नहीं रहे। इस वर्ग में अंशिका राय ने 96.2%, रिया कुमारी ने 95.8% और ब्यूटी कुमारी ने 95.2% अंक प्राप्त कर टॉपर्स की सूची में जगह बनाई है। इस वर्ग में 90% से अधिक अंक 20 छात्रों को प्राप्त हुए हैं जबकि 80% से अधिक अंक पाने वाले छात्रों की संख्या 68 बताई गई है। स्कूल के प्राचार्य आर. के. सिंह और निदेशक भीमराज प्रसाद ने इन नतीजों पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता बच्चों की कठिन मेहनत, शिक्षकों की मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि हम सभी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देते हैं और आने वाले वर्षों में इससे भी बेहतर परिणाम लाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

### सेवा भारती के मुफ्त होम्योपैथिक शिविर का शुभारंभ

**बोधगया**| बीटीएमसी ऑफिस के सामने सेवा भारती बोधगया की ओर से तीन दिवसीय निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर की शुरुआत सोमवार को की गई। उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक रामनवमी, क्षेत्र कार्यवाह डॉ. मोहन सिंह, प्रांत प्रचार प्रमुख राजेश, प्रांत प्रचारक उमेश रंजन, विभाग प्रचारक अंशुमान, सेवा भारती के प्रांत उपाध्यक्ष राहुल दत्ता, सेवा भारती बोधगया के अध्यक्ष संजय सिंह और सचिव संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर, दीप जलाकर और श्रीफल फोड़कर किया। सेवा भारती संस्था कई वर्षों से गया और बोधगया के बीच वंचित और पिछड़े इलाकों में सेवा, संस्कार, समरसता और स्वावलंबन के भाव से कार्य कर रही है। संस्था बाल संस्कार केंद्र, सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, स्वास्थ्य शिविर और कंप्यूटर प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम चला रही है। शिविर में डॉ. सुशील कुमार मिश्रा, डॉ. संजय कुमार मिश्रा, डॉ. प्रभात कुमार सिन्हा, डॉ. विनोद प्रसाद और डॉ. उमेश कुमार मरीजों को देख रहे हैं। मेडिको डॉ. प्रेम कुमार, डॉ. निशु कुमारी, डॉ. दुर्गा कुमारी और डॉ. अंबिका वर्मा भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में निरंजन कुमार, प्रिंस कुमार, जयशंकर कुमार, सोनल कुमार, गौरव कुमार गुप्ता, डॉ. शैलेंद्र कुमार उर्फ संजय यादव और अन्य स्वयंसेवकों का अहम योगदान रहा।

### पटेल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज का इजरायल की इंसेक्टिका बायोटेक के साथ एमओयू

**बिहारशरीफ**|जिले में निजी क्षेत्र के बड़े औद्योगिक समूह पटेल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज ने इजरायल के इंसेक्टिका बायोटेक के साथ एमओयू साइन किया है। पेटेंटेड तकनीकों का उपयोग करके झींगा और मछली फ़ीड उत्पादों के विकास के लिए इजरायली बायोटेक प्रमुख इंसेक्टिका बायोटेक के साथ एक समझौता किया गया हैं। इस एमओयू पर पटेल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष डॉ. दिलीप पटेल और इंसेक्टिका बायोटेक ग्रुप, इजरायल के अध्यक्ष बेंजामिन एलाद रुबिन ने हस्ताक्षर किए हैं। पटना में सिद्धार्थ मिश्रा, डॉ. अरुणेश कुमार और सीए कुणाल किशोर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन से दोनों समूहों के बीच भारत-इजरायल संयुक्त उद्यमों की श्रृंखला के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करने की उम्मीद है।

### नर्सें स्वास्थ्य सेवा का आधार स्तंभ हैं

**राजगीर**। रूबन कम्युनिटी हॉस्पिटल में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को याद किया। इस अवसर पर डॉ. वंदना कुमारी ने कहा कि यह दिवस नर्सों के समर्पण, सेवा और योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि नर्सें केवल दवा देने का कार्य नहीं करतीं, बल्कि मरीजों के शारीरिक और मानसिक उपचार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने नर्सों को स्वास्थ्य सेवा का आधार स्तंभ बताया और कहा कि वे हर परिस्थिति में मरीजों की देखभाल करती हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा को सशक्त और प्रभावी बनाने में नर्सों का योगदान अतुलनीय है।

### महिला संवाद में अपनी अपेक्षाएं रख रही हैं महिलाएं

**राजगीर**। पूजा जीविका ग्राम संगठन मिल्कीपर के तत्वावधान में सोमवार को महिला संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाना और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करना था। इस मौके पर एलईडी मोबाइल वैन के माध्यम से महिला सशक्तीकरण पर आधारित प्रेरणादायक वीडियो दिखाए गए, जिन्हें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक देखा। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड परियोजना प्रबंधक अमित रंजन सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं का यह स्वर्ण युग है और जागरूकता ही उन्हें आत्मनिर्भर बना सकती है। कार्यक्रम में महिलाओं से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं, आकांक्षाएं और सुझाव सुने गए, जिन्हें नीतिगत सुझावों के रूप में सरकार तक पहुंचाया जाएगा।

### जू सफारी में वनकर्मियों की हुई स्वास्थ्य जांच

**राजगीर**। जू सफारी में सोमवार को मेदांता अस्पताल, पटना के विशेषज्ञों के सहयोग से वनकर्मियों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली के दिशा-निर्देशों के अनुरूप था, जिसमें वन्यजीवों के साथ कार्यरत कर्मियों की नियमित स्वास्थ्य जांच को अनिवार्य माना गया है। शिविर में जू सफारी के दैनिक कर्मियों, कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों की ब्लड प्रेशर, शुगर, कोलेस्ट्रॉल सहित अन्य जांच की गई। डॉ. सदाशिव पाण्डेय ने बताया कि नियमित जांच से गंभीर बीमारियों की पहचान समय पर हो सकती है जिससे इलाज अधिक प्रभावी बनता है। इस अवसर पर जू सफारी निदेशक राम सुंदर एम ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना है, ताकि वे वन्यजीव स्वास्थ्य प्रबंधन में अपनी भूमिका बेहतर ढंग से निभा सकें।

### महाराष्ट्र योगासन की टीम ने पहले दिन 2 स्वर्ण सहित 4 पदक जीते

**बोधगया**। बोधगया पहली बार बिहार की मेजबानी में हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में महाराष्ट्र का पदक जीतने का सिलसिला लगातार जारी है। डिफेंडिंग चैंपियन महाराष्ट्र की योगासन की टीम ने पहले दिन दो स्वर्ण सहित चार पदक जीतकर इस पारंपरिक खेल में अपना जलवा जारी रखा है। गया के आईआईएम परिसर में जारी खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के योगासन स्पर्धा में महाराष्ट्र के लड़कों ने रिदमिक योगासन वर्ग में स्वर्ण और रजत पदक पर कब्जा जमाया।

# नालंदा जिले में दूल्हे के पिता की मौत, 7 लोग हुए घायल

निज संवाददाता। नालंदा



♦ **स्कॉर्पियो ने बारातियों से भरी गाड़ी में मारी टक्कर, घायलों की हालत गंभीर, हायर सेंटर रेफर**

नालंदा में तेज रफ्तार स्कॉर्पियों ने बारातियों से भरी गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे में दूल्हे के पिता की मौत हो गई, जबकि 7 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक कुसो बिंद(40) कुसुंभा गांव के रहने वाले थे। घटना सारे थाने क्षेत्र के बेनार मोड़ के पास की है। परिजनों ने बताया कि कुसो बिंद के बेटे की शादी थी। बारात को लेकर बेनार गांव पहुंचे थे। सड़क किनारे सवारी गाड़ी खड़ी थी। कुछ लोग गाड़ी से नीचे उतरकर पानी पी रहे थे। इस बीच बिहार शरीफ की ओर से आ रही स्कार्पियो ने गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे में कुसो बिंद की मौत हो गई। विकास बिंद, विक्रम बिंद, मिथिलेश बिंद, पप्पू बिंद, मोहित कुमार, समर कुमार और अमित कुमार घायल हो गए। हादसे के बाद सभी को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। पल भर में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। जैसे-तैसे रस्म पूरी की गई।

**छानबीन में जुटी पुलिसः** वहीं, सारे थानाध्यक्ष धर्मेश कुमार गुप्ता ने बताया कि स्कॉर्पियों को जब्त कर लिया गया है। एक व्यक्ति की मौत हुई है। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। अभी तक पीड़ित परिवार की ओर से आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## नालंदा में 2 चचेरे भाइयों की मौत



निज संवाददाता। नालंदा

♦ **हाइवा ने बाइक में मारी टक्कर, दोस्त की बारात में शामिल होने जा रहे थे**

नालंदा में देर रात हाइवा ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 2 चचेरे भाइयों की मौत हो गई। दोनों दोस्त की बारात में शामिल होने जा रहे थे। मृतकों की पहचान मावां गांव निवासी अवधेश कुमार(26) और पुजारी कुमार(28) के तौर पर हुई है। घटना बिंद थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव के पास की है। परिजनों ने बताया कि गांव से एक दोस्त की बारात पटना जिले के भथियार गांव गई थी। उसी बरात में शामिल होने के लिए दोनों एक ही बाइक से जा रहे थे। गांव से करीब 13 किलोमीटर दूर सड़क हादसे में दोनों की मौत हो गई। पुलिस से हादसे की जानकारी मिली। अवधेश बिहार पुलिस की तैयारी कर रहा था, जबकि पुजारी गांव में रहकर मजदूरी करता था। एक साथ 2 भाइयों की मौत के बाद पूरे गांव में गम का माहौल है।

**पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया:** बिंद थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि गश्ती टीम को हादसे की जानकारी मिली थी। जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। एक युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहार शरीफ भेज दिया गया है।

## गया में दीपू हत्याकांड में 2 आरोपियों ने किया सरेंडर

निज संवाददाता। गया



गया के बेलागंज थाने में दीपू हत्याकांड में नामजद 2 आरोपी गिरिधर कुमार और राजेश कुमार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सरेंडर कर दिया है। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत भेज दिया है। तीसरे आरोपी प्रशांत कुमार की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। मामला 17 जुलाई 2023 का है। गया-पटना मुख्य मार्ग पर अपराधियों ने पाली गांव निवासी दीपू कुमार की गोली मार दी थी। गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां 2 दिन बाद उसकी मौत हो गई। दीपू की मां कृष्णमनी देवी ने बहू सुनीता कुमारी, उसके माता-पिता और दोस्त गिरिधर कुमार के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

**सुप्रीम कोर्ट ने दिया था निर्देशः** पुलिस अनुसंधान में ओटीए गया में तैनात सिपाही प्रशांत कुमार और मनोरंजन कुमार को भी आरोपी बनाया गया था। उस समय 3 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई थी। बाद में हाईकोर्ट से जमानत मिला था। वादी पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में तीनों आरोपियों की जमानत रद्द करने की अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए गिरिधर कुमार, राजेश कुमार और प्रशांत कुमार की जमानत रद्द कर आत्मसमर्पण का निर्देश दिया था।

**तीसरे आरोपी की तलाश जारीः** थानाध्यक्ष अरविंद किशोर ने बताया कि कोर्ट के निर्देश पर दो आरोपियों ने थाने में सरेंडर कर दिया है। तीसरे की तलाश जारी है। इस हत्या कांड के पीछे पारिवारिक विवाद सामने आया था। दीपू उस विवाद में गवाह था।

## बुद्ध जंयती पर महाबोधि में जुटे हजारों श्रद्धालु

निज संवाददाता। गया



♦ **डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने की पूजा, मंत्री प्रेम कुमार, जीवेश मिश्रा भी हुए शामिल**

भगवान बुद्ध की 2569 वीं जयंती के अवसर पर बोधगया स्थित विश्व प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। गौरतलब है कि यह दिन भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण की स्मृति में मनाया जाता है। यह आयोजन सिर्फ धार्मिक कार्यक्रम नहीं बल्कि देश की आध्यात्मिक विरासत का उत्सव बन गया। खास बात यह रही कि इस उत्सव में सत्ता, समाज और साधना का संतुलन स्पष्ट रूप से नजर आया। इस मौके पर प्रदेश सरकार के कई वरिष्ठ नेता महाबोधि मंदिर पहुंचे और भगवान बुद्ध को श्रद्धासुमन अर्पित किए। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार और नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश मिश्रा विशेष रूप से इस समारोह में शामिल हुए और भगवान बुद्ध को नमन किया। मंदिर प्रबंधन समिति (BTMC) की ओर से डॉ. भिक्षु मनोज, सचिव डॉ. महाश्वेता मराठी और सदस्य डॉ. अरविंद सिंह ने इन मंत्री व नेताओं का स्वागत किया। इस दौरान सभी नेताओं ने महाबोधि मंदिर के गर्भगृह में पुष्प और धूप अर्पित किए। पूजा-अर्चना के दौरान बौद्ध सूत के पवित्र मंत्रों की ध्वनि से संपूर्ण मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर डॉ. महाश्वेता महारथी और डॉ. अरविंद सिंह ने मंत्रियों को स्मृति चिह्न भेंट कर उनका सम्मान किया। यह सम्मान न सिर्फ उनकी उपस्थिति के लिए था, बल्कि बौद्ध विरासत के संरक्षण और संवर्धन में उनके सहयोग को भी दर्शाता है। बुद्ध जयंती के मौके पर यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में प्रतिष्ठित महाबोधि मंदिर में इस दिन देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रद्धा, शांति और साधना से भरे इस माहौल में भगवान बुद्ध के उपदेशों की गूंज और अनुयायियों की आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। गौरतलब है कि मंत्रियों के आगमन से पूर्व बुद्ध जयंती समारोह में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान शरीक हुए थे।

# मणिपुरी मार्शल आर्ट 'थांग ता' में 120 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे

निज संवाददाता। गया



♦ **योग में अंश-रोहन ने जीता गोल्ड, बिपार्ड और आईआईएम बोधगया में हो रही स्पर्धा**

बिहार पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की मेजबानी कर रहा है। 4 मई से 15 मई तक भव्य आयोजन में राज्य के 5 जिलों को खेलों का केंद्र बनाया गया है। इसी क्रम में गया जिले के बिपार्ड व आईआईएम बोधगया में विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। सोमवार को बिपार्ड परिसर में मणिपुरी मार्शल आर्ट थांग ता खेल का उद्घाटन हुआ। इस पारंपरिक युद्धकला में देश के 25 राज्यों से 120 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें 60 बालक और 60 बालिकाएं शामिल हैं। थांग ता, जिसे हुएन लालोंग भी कहा जाता है। यह मणिपुर की प्राचीन युद्ध परंपरा है। इसका अर्थ होता है 'तलवार और भाले की कला'। यह कला मणिपुर के ऐतिहासिक युद्धों और राजनीतिक संघर्षों की देन है। ब्रिटिश शासन के दौरान इस पर रोक जरूर लगी, लेकिन यह गुप्त गुरुकुलों में जीवित रही और आज वैश्विक मंच पर भारत की पहचान बन रही है। थांग ता में प्रदर्शन, तांत्रिक विधा और युद्ध कौशल तीनों का समावेश होता है।

**योगासन स्पर्धा में महाराष्ट्र के खिलाड़ियों ने जलवा बिखेराः** वहीं दूसरी ओर बोधगया स्थित आईआईएम परिसर में योगासन स्पर्धा में महाराष्ट्र के खिलाड़ियों ने जलवा बिखेरा। खासकर 12 वर्षीय अंश रूपेय मयेका ने रिदमिक योगासन में स्वर्ण पदक जीतकर सबका ध्यान खींचा। यह अंश का खेलो इंडिया में तीसरा स्वर्ण है। हरियाणा और मध्य प्रदेश में पहले ही स्वर्ण जीत चुके अंश तमिलनाडु संस्करण में क्वालीफाई नहीं कर पाए थे, लेकिन बिहार में वापसी कर उन्होंने अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया।

**योगासन की रिदमिक स्पर्धा में महाराष्ट्र के लड़कों ने स्वर्ण और रजत दोनों पदक जीतेः** अंश का कहना है कि तमिलनाडु में चूक गया था, लेकिन हार नहीं मानी। अपने कोच की मदद से कड़ी मेहनत की और बिहार में खुद को फिर साबित किया। अंश की जोड़ीदार रोहन तायडे ने भी कमाल किया। रोहन भी चार साल की उम्र से योग कर रहे हैं और उन्होंने अपने स्वर्ण पदक का श्रेय अपने पिता को दिया। उन्होंने कहा कि मेरे पापा ने ही मुझे सिखाया। योगासन की रिदमिक स्पर्धा में महाराष्ट्र के लड़कों ने स्वर्ण और रजत दोनों पदक जीते, वहीं लड़कियों ने भी इसी स्पर्धा में पहला और दूसरा स्थान हासिल किया। डिफेंडिंग चैंपियन महाराष्ट्र ने पहले ही दिन 2 स्वर्ण समेत 4 पदक जीतकर बता दिया कि पारंपरिक खेलों में उनका दबदबा कायम है।

## फर्नीचर बनाने वाली की बेटी ने जीता कांस्य पदक

निज संवाददाता। नालंदा

महाराष्ट्र की 15 साल की वेटलिफ्टर पूजा थेपेकर ने राजगीर में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में वेटलिफ्टिंग की 49 किलोग्राम श्रेणी में कांस्य पदक जीता है। ये उनके करियर का पहला मेडल है। पूजा यवतमाल जिले के पुसड गांव की रहने वाली हैं। पूजा ने कहा कि यह मेरे जीवन का पहला पदक है। इससे पहले मैंने सिर्फ़ स्कूल स्टेट और स्कूल नेशनल लेवल वेटलिफ़्टिंग प्रतियोगिता में भाग लिया था, लेकिन कोई भी पदक अर्जित करने में नाकाम रही थी। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भी मैं पहली बार भाग ले रही हूं और पहली ही कोशिश में पदक पा कर बहुत ज़्यादा खुश हूं। पूजा की कहानी गरीबी से संघर्ष और सपनों को साकार करने की अनूठी मिसाल है। उनके पिता एक फर्नीचर की दुकान में मामूली वेतन पर काम करते हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है। ऐसी परिस्थितियों में खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ना पूजा के लिए कभी आसान नहीं था।

**बोलीं- मेरे कोच ने ही सारा खर्च उठायाः** पूजा की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने में सबसे बड़ा योगदान उनके कोच रोशन देशमुख का रहा है। रोशन यवतमाल के गुणवतराओ देशमुख़ स्कूल में शारीरिक शिक्षक हैं। देशमुख ने पूजा को स्कूल की विभिन्न प्रतियोगिताओं में देखा और उनके अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानते हुए 12 साल की उम्र से ही ट्रेनिंग देना शुरू कर दिया था। पूजा ने कहा कि मेरे कोच ने ही मेरी ट्रेनिंग का पूरा खर्च उठाया। आर्थिक सहायता कर मुझे यहां तक आने के काबिल बनाया है। आज मैं जो भी अर्जित कर पाई हूं, सब उन्हीं की बदौलत है।

**संघर्ष से सफलता तक का सफरः** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 तक पहुंचने की पूजा की यात्रा कई चुनौतियों से भरी थी। आर्थिक तंगी के अलावा, पेशेवर प्रशिक्षण की कमी, सीमित सुविधाएं और उपकरणों का अभाव उनके सामने बड़ी बाधाएं थीं। इन सब के बावजूद, उन्होंने हार नहीं मानी और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ती रहीं। इसी वर्ष पुणे के बालिवड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित खेलो इंडिया ट्रायल कैम्प में पूजा ने हिस्सा लिया और वहां से चयनित होकर बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में अपनी जगह बनाई। प्रतियोगिता में उन्होंने 49 किलोग्राम श्रेणी में स्नैच में 60 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 72 किलोग्राम वजन उठाया। कुल 132 किलोग्राम के साथ उन्होंने कांस्य पदक अपने नाम किया। पूजा ने कहा कि अगली बार अपने आप को और बेहतर करने की कोशिश करूंगी।

**हावड़ा मंडल के तहत नबग्राम काँकुड़हाटी एवं बरमसिया हॉल्ट के लिए हॉल्ट ठेकेदार का चयन**

सं.: सीओएम/डीईवी/हॉल्ट/एनबीकेएच/बीआरएमए/2025 दिनांक: 13.05.2025

**हावड़ा मंडल के नबग्राम काँकुड़हाटी एवं बरमसिया हॉल्ट स्टेशनों में निर्धारित कमिशन के आधार पर टिकटों की बिक्री के लिए पांच वर्षों हेतु** सम्पूर्ण रूप से अनुबंध के आधार पर हॉल्ट ठेकेदार के चयन के लिए पात्र व्यक्तियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं: **1; हॉल्ट का नाम:** नबग्राम काँकुड़हाटी; **स्थान:** कटवा-आजिमगंज लाइन में कटवा एवं शिबलुन के बीच; **जिला:** पूर्व बर्द्धमान; **राज्य:** पश्चिम बंगाल। **2; हॉल्ट का नाम:** बरमसिया; **स्थान:** रामपुरहाट-दुमका लाइन में शिकारीपाड़ा एवं कुरुवा के बीच; **जिला:** दुमका; **राज्य:** झारखण्ड। **पात्रता के मानदंड:** (i) आवेदक को उस जिले का स्थानीय निवासी होना चाहिए, जहां स्टेशन अवस्थित हैं यानी पश्चिम बंगाल राज्य में नबग्राम काँकुड़हाटी के लिए पूर्व बर्द्धमान एवं झारखण्ड राज्य में बरमसिया के लिए दुमका क्रमशः। इसके लिए आवेदक को जिस जिले में हॉल्ट स्टेशन अवस्थित है उस जिले के डीएम/एडीएम/एसडीओ/बीडीओ से स्थानीय आवासिक प्रमाणपत्र अथवा राजपत्रित अधिकारी द्वारा भलीभांति सत्यापित चुनाव पहचान पत्र की प्रतिलिपि जमा करनी होगी। आवेदन के साथ स्थानीय निवासी होने के दस्तावेज जमा किए जाने चाहिए। (ii) आवेदक की उम्र **दिनांक 01.05.2025** को 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। आवेदक को कम से कम 10वीं कक्षा उत्तीर्ण किया होना चाहिए तथा स्टेशनों के नाम तथा टिकटों के मूल्य पढ़ने लायक अंग्रेजी का साधारण कार्यकारी ज्ञान होना चाहिए। आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र तथा उम्र के साक्ष्य के दस्तावेज की सत्यापित प्रतिलिपि जमा करनी होगी। (iii) आवेदक को पंजीकृत चिकित्सक द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाणपत्र जमा करना होगा, जिसमें यह उल्लेख होना चाहिए कि वह सक्रिय रूप से सेवा प्रदान करने के लिए शारीरिक रूप से तंदुरुस्त हैं तथा किसी भी तरह की संक्रामक बीमारी से मुक्त हैं। (iv) चयन के उपरांत, उम्मीदवार को पुलिस जांच रिपोर्ट तथा संबंधित फीडिंग स्टेशन में रु. 2,000 की नकद रकम जमा करनी होगी। **भुगतेय कमिशन का निम्नानुसार होंगे:** बिक्री कारोबार (रु. में) तथा भुगतेय कमिशन क्रमशः निम्नलिखित हैं: (1) रु. 1-15,000 एवं 15%, (2) रु. 15,001-50,000 एवं 12%, (3) रु. 50,001-1,00,000 एवं 9%, (4) रु. 1,00,001-2,00,000 एवं 6%, (5) रु. 2,00,001 तथा अधिक एवं 3%। **आवेदन के लिए प्रारूप तथा विस्तृत नियम एवं शर्तों की उपलब्धता:** आवेदन का प्रारूप तथा विस्तृत नियम एवं शर्तें **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, यात्री निवास, चौथी मंजिल, वाणिज्य शाखा, हावड़ा, पिन-711101** के कार्यालय से **दिनांक 14.05.2025 से 04.06.2025** के बीच किसी भी कार्यकारी दिवस को (सभी दिवसों को **पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक, दिनांक 14.05.2025** एवं **04.06.2025** को छोड़कर। **दिनांक 14.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक** तथा **दिनांक 04.06.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक**) उपलब्ध रहेगी। आवेदन का प्रारूप तथा विस्तृत नियम एवं शर्तें आधिकारिक वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं। **आवेदन जमा : दिनांक 14.05.2025 से 04.06.2025 तक** (सभी दिवसों को **पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक**, **दिनांक 14.05.2025 एवं 04.06.2025** को छोड़कर। **दिनांक 14.05.2025 को अपराह्न 01.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक** तथा **दिनांक 04.06.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक**)। प्रारूप के अनुसार भलीभांति भरे हुए आवेदन के साथ भलीभांति सत्यापित दस्तावेज की छाया प्रतिलिपियां मुहरबंद लिफाफे में संलग्न कर लिफाफे के आवरण पर **"नबग्राम काँकुड़हाटी हॉल्ट स्टेशन में हॉल्ट ठेकेदार हेतु आवेदन"** अथवा **"बरमसिया हॉल्ट स्टेशन में हॉल्ट ठेकेदार हेतु आवेदन"** लिख कर मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व रेलवे, हावड़ा, यात्री निवास, चौथी मंजिल, वाणिज्य शाखा, हावड़ा, पिन-711101 को संबोधित कर भेजना होगा। आवेदन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा के कार्यालय में इस उद्देश्य के लिए रखी पेटी में डाले जाने चाहिए। **आवेदन पेटी खोली जाएंगी:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा के कार्यालय में **दिनांक 04.06.2025 को अपराह्न 2.00 बजे**। अवकाश अथवा किसी भी अपरिहार्य कारणवश कार्यालय के बंद रहने पर आवेदन अगले कार्यकारी दिवस को उसी समय एवं स्थान पर खोले जाएंगे। **आवेदन का सम्पूर्ण विवरण तथा विस्तृत नियम एवं शर्तें** आधिकारिक वेबसाइट : **www.er.indianrailways.gov.in** पर तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें जा सकते हैं।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### बॉयोमीट्रिक उपस्थिति लागू नहीं, पंजी से ही भुगतान

**आरा।** नगर निगम, आरा में सफाईकर्मियों की उपस्थिति अब भी वार्ड में पुराने पंजी पर दर्ज हो रही है। जबकि राज्य सरकार ने फरवरी से सभी नगर निकायों में बॉयोमीट्रिक उपस्थिति अनिवार्य कर दी है। इसके बावजूद निगम में आदेश का पालन नहीं हुआ है। पूर्व वार्ड पार्षद सह बार एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी अमरेन्द्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि लोक शिकायत में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद लोक शिकायत पदाधिकारी ने नगर आयुक्त से जवाब मांगा। जवाब में नगर आयुक्त ने माना कि अब भी उपस्थिति पंजी के आधार पर ही भुगतान किया जा रहा है। राज्य सरकार ने साफ निर्देश दिया है कि फरवरी 2025 से सफाईकर्मियों को वेतन केवल बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर मिलेगा।

### व्याख्यान व भाषण के प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**आरा।** डॉ. जिया जैन शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण ट्रस्ट ने सोमवार को व्याख्यानमाला, भाषण प्रतियोगिता और सम्मान समारोह जेल रोड में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत बुद्ध वंदना से हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक, समाजसेवी और बुद्धिजीवी शामिल हुए। व्याख्यानमाला में वक्ताओं ने शिक्षा, समाज और युवाओं की भूमिका पर अपने विचार रखे। भाषण प्रतियोगिता में स्थानीय स्कूलों के छात्रों ने सामाजिक मुद्दों पर भाषण दिए। ट्रस्ट ने शिक्षा, समाजसेवा और सांस्कृतिक क्षेत्र में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया। ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ. जया जैन ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में जागरूकता लाते हैं और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना बढ़ाते हैं। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट सदस्य पवन कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संयोजक संजीव कुमार ने दिया। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय बुद्धिजीवियों और स्वयंसेवकों का योगदान रहा।

### उत्पाद विभाग ने चलाया अभियान महिला समेत पांच लोग गिरफ्तार

**बक्सर।** शराब तस्करों के खिलाफ उत्पाद विभाग में सोमवार को सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न स्थानों से भारी मात्रा में शराब के साथ महिला समेत पांच शराब तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। उत्पाद पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक उत्पाद पुलिस को सूचना मिली कि शहर के गायत्री घाट से शराब की खेप लाई जा रही है। सूचना मिलते हैं उत्पाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस में कारवाई करते हुए नई बाजार के पवन कुमार और मोहित कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक बाइक से शराब की खेप ला रहे थे। इनके पास 178 बोतल शराब बरामद किया गया। वहीं दूसरी ओर जहाज घाट से नेहरू नगर के पिंकी देवी को 18 बोतल शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उत्पाद पुलिस ने चौसा चेकपोस्ट से बगेन गोला थाना क्षेत्र के एकरासी गांव के आकाश कुमार शर्मा और बब्लू कुमार को 58 बोतल शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति, भजन संध्या में भावविभोर हुए श्रद्धालु

**आरा।** चौराई गांव में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति सोमवार को भंडारे के साथ हो गई। यह आयोजन जीयर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में हुआ। यज्ञ समिति की ओर से शाम को भजन संध्या रखी गई। इसमें भजन सम्राट भरत शर्मा ने स्वामी जी का भजन श्रद्धालुओं को सुनाया। समिति ने सभी आगंतुकों का माता की चुनरी ओढ़ाकर सम्मान किया। जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि पूजा कामना रहित होनी चाहिए। ईश्वर सबकी कामनाएं जानते हैं, फिर कहने की जरूरत नहीं। उन्होंने कहा, चित्त की उलटी चाल में मैं फँस गया था, मृगजल ने धोखा दिया, पर भगवान ने कृपा कर आंखें खोल दीं। स्वामी जी ने कहा कि प्रभु अपने भक्त को कभी दुःखी नहीं करते। भक्तों की चिंता स्वयं उठा लेते हैं। हरि का कीर्तन सुखपूर्वक करो। कलिकाल से मत डरो, उसका निवारण सुदर्शनचक्र कर देगा। हरि का नाम ही बीज है, वही फल है। यही धर्म और पुण्य का सार है। उन्होंने कहा कि हरिकथा सब तीर्थों की मुकुट मणि है। यह अमृतधारा भगवान के सामने बहती रहती है। संतों का कार्य जीवों को मोह-माया की नींद से जगाना है। वे स्वयं जागते हैं और दूसरों को भी जगा देते हैं। संतों के उपकार माता-पिता से भी बढ़कर हैं। जैसे नदियाँ समुद्र में मिल जाती हैं, वैसे ही त्रिभुवन के सुख-दुःख संतों के बोध में विलीन हो जाते हैं। आंखें खोलो, यह नर-तनु बड़ी निधि है। इसे सार्थक करो। संत तुझे जगाकर पार ले जाएंगे। भक्त समागम से सब भाव हरि के हो जाते हैं। स्वामी जी ने कहा कि हरि जल, थल, काठ, पत्थर, पंचमहाभूतों और सभी पदार्थों में व्याप्त हैं। ब्रह्मांड में उनके सिवा कुछ नहीं। मनुष्य किसी भी जाति में जन्मा हो, यदि वह भगवद्भक्त है तो वंदनीय है। कसौटी जाति नहीं, साधुता और भक्ति है। उन्होंने कहा कि चित्त शुद्ध हो तो शत्रु भी मित्र बन जाते हैं। विष अमृत हो जाता है। दुःख सुख का रूप ले लेता है। आग की लपट ठंडी हवा बन जाती है। जैसे पारस के स्पर्श से लोहा सोना बनता है, वैसे ही दुष्टजन संतों के संपर्क में आकर संत बन जाते हैं।

### भक्ति ही ईश्वर प्राप्ति का एकमात्र मार्ग

**आरा।** ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा रामलीला मैदान में चल रहे 20 दिवसीय प्रवचन के 16वें दिन सोमवार को स्वामी डॉ युगल शरण जी ने कहा कि ईश्वर प्राप्ति के तीन मार्ग हैं कर्म, ज्ञान और भक्ति। कर्म मार्ग अपनाने वाला कर्मी, ज्ञान मार्ग अपनाने वाला ज्ञानी और भक्ति मार्ग अपनाने वाला भक्त कहलाता है। परंतु वास्तविक लक्ष्य की प्राप्ति केवल भक्ति मार्ग से ही संभव है। केवल कर्म करने से कर्मी और आत्मज्ञान से ज्ञानी को लक्ष्य नहीं मिलता। सगुण साकार भगवान की भक्ति से ही कर्मी कर्मयोगी और ज्ञानी ब्रह्मज्ञानी बन सकता है। इसलिए भक्ति सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मानंदी को केवल आनंद का अनुभव होता है, लेकिन वे भगवान को देख, सुन, छू या सूंघ नहीं सकते। प्रेमानंदी को न केवल आनंद का अनुभव होता है, बल्कि वे भगवान का दर्शन कर सकते हैं, दिव्य शब्द सुन सकते हैं, दिव्य सुगंध ले सकते हैं और स्पर्श भी कर सकते हैं। प्रेमानंद में पाँचों इन्द्रियों का रस है, इसलिए ब्रह्मानंदी भी प्रेमानंद की लालसा रखते हैं। स्वामी जी ने कहा कि आदि शंकराचार्य ने अद्वैतवाद का प्रचार किया, लेकिन स्वयं श्रीकृष्ण की भक्ति करते थे। उन्होंने गंगाजी से कहा था कि श्रीकृष्ण से पूछना, हमारा उद्धार कब करेंगे। जब उनके शिष्य ने पूछा कि आपके इष्ट कौन हैं, तो उन्होंने श्रीकृष्ण का श्रृंगार वर्णन कर कहा कि घनश्याम ही उनके इष्ट हैं। उन्होंने बताया कि ब्रह्मा जी ने वेदों का तीन बार मंथन कर कहा कि यदि भक्ति करनी है तो हरि का ध्यान करो। जो न अधिक आसक्त है, न अधिक विरक्त, वही भक्ति मार्ग का अधिकारी है। भक्ति तप और भगवान की कृपा से मिलती है डॉ स्वामी जी ने कहा कि यह भक्ति तप और भगवान की कृपा से मिलती है। श्वेताश्वतर उपनिषद और रामचरितमानस में भी यही कहा गया है कि निष्कपट भाव से भक्ति करने पर भगवान कृपा करते हैं। भक्ति के कई स्तर होते हैं—साधना भक्ति, भाव भक्ति, प्रेमा भक्ति, स्नेह भक्ति, मान भक्ति, प्रणय भक्ति, राग भक्ति, अनुराग भक्ति, भावावेश भक्ति और महाभाव भक्ति। हमें साधना भक्ति करनी है और शुद्धा भक्ति पानी है, जो गुरु की कृपा से मिलती है। स्वामी जी ने कहा कि प्रेम दिव्य वस्तु है। मायिक अन्तःकरण में यह टिक नहीं सकता। इसलिए अन्तःकरण को शुद्ध करना होगा। इसके लिए साधना भक्ति करनी होगी। जब पात्र तैयार होगा, तब महापुरुष स्वयं प्रेम दे देंगे।

### सामाजिक और पारिवारिक संस्कार ही भारतीय संस्कृति की आत्माः विधायक

**बक्सर।** सामाजिक और पारिवारिक संस्कार ही भारतीय संस्कृति की आत्मा है। ऐसे अवसरों पर इन मूल्यों को सहेजना अत्यंत आवश्यक है। उक्त बातें धनसोई में राजपुर विधायक विश्वनाथ राम ने कही। वे एक निजी आयोजन में पहुंचे थे। विधायक के अलावा पूर्व परिवहन मंत्री संतोष कुमार निराला समेत कई गणमान्य लोगों ने नवदंपती को आशीर्वचन देते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। स्थानीय धनसोई बाजार निवासी घनश्याम प्रसाद के पुत्र वासुदेव का विवाह भोजपुर जिले के जगदीशपुर निवासी सुनील कसेरा की पुत्री नंदनी के साथ सम्पन्न हुआ था। सोमवार को धनसोई स्थित दैनिक भास्कर के पत्रकार बजरंगी लाल के निवास स्थान पर रिसेप्शन का आयोजन किया गया था।

# आरा में ट्रैक्टर-बाइक की टक्कर, वीडियोग्राफर की मौत

निज संवाददाता। आरा



♦ भोजपुर में दोस्तों के साथ शादी समारोह में जा रहा था, दो साथी घायल

आरा-सलेमपुर मुख मार्ग परधोबहा थाना क्षेत्र के हेमतपुर गांव में मंगलवार की दोपहर ट्रैक्टर व बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक चला रहे वीडियोग्राफर की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बाइक पर पीछे बैठे उसके दो दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी दोनों युवकों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़ मौके से फरार हो गया। मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के बेनवलिया गांव निवासी गोविंद ठाकुर के 20 साल के बेटे ब्लू ठाकुर है। युवक पेशे से वीडियोग्राफर था और शादी समारोह और पार्टियों वीडियोग्राफर का काम करता था। घायलों में शाहपुर थाना क्षेत्र के रामडीहरा गांव निवासी अभिराम तिवारी का 30 साल के बेटे दयाशंकर तिवारी उर्फ ब्लू तिवारी व बिहिया थाना क्षेत्र के बेलवनिया गांव निवासी ललन गोड़ का 32 साल के पूर्व सुधीर कुमार है और तीनों दोस्त है।

**वीडियो कैमरा का काम करने के लिए घर से निकला थाः** मृतक के भाई अर्जुन ठाकुर ने बताया कि वह शादी में वीडियो कैमरा का काम करने के लिए बाइक से घर से निकला था। इसी बीच हेमतपुर गांव में ट्रैक्टर व उनकी बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मौजूद लोगों ने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और तीनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां डॉक्टर ने देख उसके भाई बबलू ठाकुर को मृत घोषित कर दिया। जख्मी उसके दोस्त दयाशंकर तिवारी और ब्लू तिवारी और सुधीर कुमार गोड़ का सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व एक बहन में चौथे स्थान पर था। उसके परिवार में मां सरस्वती देवी व तीन भाई अर्जुन ठाकुर,मंटू ठाकुर, बिट्टू ठाकुर व एक बहन रानी देवी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की मां सरस्वती देवी में परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## भोजपुर में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने 2 महिलाओं को रौंदा

निज संवाददाता। आरा



♦ हादसे में 1 महिला की मौत, दूसरे की हालत गंभीर, ग्रामीणों ने ड्राइवर को पकड़ा

भोजपुर के नारायणपुर इलाके में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने 2 महिलाओं को रौंद दिया। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतका की पहचान अहिले निवासी दिनेश ठाकुर की पत्नी लालसा देवी(23) के तौर पर हुई है।

**घर लौटते समय हुआ हादसाः** मृतका के पति ने बताया कि मेरी पत्नी अगिआंव बाजार गई थी। मार्केट करने के बाद ऑटो से वापस अहिले गांव पहुंची। गाड़ी से उतरने के बाद सड़क के किनारे से घर आ रही थी। इस बीच स्कार्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर भागने लगा। इस दौरान दूसरी महिला विजयंती देवी को भी रौंद दिया। गंभीर हालत में दोनों को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां लालसा देवी की मौत हो गई।

**ड्राइवर को ग्रामीणों ने पकड़ाः** ग्रामीणों के सहयोग से आरोपी ड्राइवर को अगिआंव में पकड़ा। मामले की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के बयान के आधार पर मामले की छानबीन की जा रही है।

## भोजपुर में 2 अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा



♦ पिस्टल, मैगजीन और कारतूस बरामद, बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे

भोजपुर पुलिस ने क्राइम की साजिश रच रहे 2 अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। एक देसी पिस्टल, मैगजीन और कारतूस बरामद हुआ है। अपराधियों की पहचान अमन कुमार और नीतीश कुमार के तौर पर हुई है। गिरफ्तारी टाउन थाना क्षेत्र के अहिरपुरवा सूर्य मंदिर के पास से हुई है।

**पुलिस ने खदेड़कर अपराधियों को पकड़ाः** एसपी राज ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी सूर्य मंदिर के पास हथियार के साथ जुटे हैं। किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। इनपुट के आधार पर अपर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम गांव में छारेमारी करने पहुंची। पुलिस को देखते हुए 2 अपराधी भागने लगे। जिसे खदेड़कर पकड़ा। दोनों के क्रिमिनल रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है। तलाशी के दौरान 7.65 एमएल का एक देसी पिस्टल, मैगजीन और एक कारतूस मिला है। पिस्टल पर स्टार चिन्ह है। इससे पहले भी जिले में स्टार मार्क वाले पिस्टल मिल चुके है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर अवैध हथियारों के बारे में पता लगा रही है।

## संपत्ति के लिए बेटे ने पिता को तलवार से काटा

निज संवाददाता। आरा



♦ हत्या के बाद मां के साथ आरोपी फरार, सिर, गर्दन, हाथ पर वार के गहरे निशान

भोजपुर में 20 साल के बेटे ने संपत्ति के लिए मंगलवार सुबह तलवार से ताबड़तोड़ हमला कर अपने 50 साल के पिता की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बेटा अपनी मां के साथ फरार हो गया। वारदात की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और जांच पड़ताल में जुट गई। साथ ही आरोपी बेटे और उसकी मां को गिरफ्तार करने की कोशिश में जुट गई। मामला जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मोती टोला का है। मृतक की पहचान देवघर मोती टोला का शिव पर्सन सिंह के बेटे जय प्रकाश सिंह के रूप में हुई है। वारदात की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पड़ोसियों से घटना के संबंध में जानकारी जुटा रही है। पड़ोसियों के मुताबिक, आरोपी बेटे विष्णु कुमार ने 7 कट्ठा जमीन के लिए वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी ने ये जमीन पिता से बिना पूछे ही बेच दी थी, जिसका विरोध करने पर उसने तलवार से हमला कर अपने पिता की जान ले ली।

**चार दिन पहले पिता-पुत्र में विवाद हुआ था, पंचायती भी हुई थीः** ओम प्रकाश ने बताया कि चार दिन पहले भी जमीन को लेकर मेरे भाई जय प्रकाश और उसके बेटे विष्णु के बीच विवाद हुआ था। विवाद ज्यादा बढ़ने पर गांव में पंचायती भी की गई थी। उस दौरान विष्णु ने अपने पिता को धमकी भी दी थी। पंचायती के चार दिन बाद उसने वारदात को अंजाम दे दिया। जय प्रकाश सिंह ने पहली पत्नी के बर्ताव से तंग आकर 17 साल बाद दूसरी शादी की थी। विष्णु कुमार पहली पत्नी सीमा देवी का लड़का है। दूसरी पत्नी से दो लड़की रिंकी कुमारी, पिंकी कुमारी और एक लड़का अंकुर है।

**जय प्रकाश के नाम पर 17 कट्ठा जमीन, विष्णु ने बिना पूछे 7 कट्ठा बेचीः** ओम प्रकाश ने बताया कि उसके पिता शिव पर्सन सिंह के नाम पर 35 कट्ठा जमीन है। इसमें 17 कट्ठा जमीन जय प्रकाश सिंह और 17 कट्ठा जमीन मुझे (ओम प्रकाश) मिला था। जय प्रकाश को जो जमीन मिली थी, उसमें से 7 कट्ठा जमीन विष्णु कुमार ने बिना बताए ही नवंबर 2024 में जमीन बेच दी थी। मामले की जानकारी के बाद विष्णु के दादा यानी मेरे पिता शिव पर्सन सिंह ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही विष्णु अपने पिता जय प्रकाश सिंह से लड़ाई झगड़ा करता था, मारपीट करता था। चार दिन पहले भी विवाद हुआ था। ओम प्रकाश ने बताया कि सीमा देवी और विष्णु कुमार ने मिलकर मेरे भाई जय प्रकाश की हत्या की है। घटना के बाद से ही दोनों फरार है। घटनास्थल पर से एक कट्टा भी मिला है।

# श्रद्धा आश्रम चैरिटेबल ट्रस्ट की छात्राओं ने धूमधाम से मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस

निज संवाददाता। बक्सर



श्रद्धा आश्रम चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रांगण में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के तहत जनरल ड्यूटी असिस्टेंट एवं होम हेल्थ ऐड का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं में अनामिका, मुस्कान, अमृता, कविता, मन्ताशा, शिवम, ज्योति सैनी, शबनम, आशा, रोजी, डिंपल समेत कई अन्य ने इस विशेष अवसर को यादगार बनाया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रद्धा आश्रम चैरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक रवि रंजन चौबे ने दीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद सभी छात्राओं ने आधुनिक नर्सिंग सेवा की जननी मानी जाने वाली फ्लोरेंस नाइटेंगल के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कैंडल जलाकर उनके अद्वितीय योगदान को नमन किया। इस अवसर पर संस्था की सदस्य नीलम कुमारी ने फ्लोरेंस नाइटेंगल के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार फ्लोरेंस नाइटेंगल ने प्रथम विश्व युद्ध के दौरान पीड़ित सैनिकों के उपचार में अपनी सेवाएं प्रदान कर नर्सिंग के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाई। नीलम कुमारी ने छात्राओं को नर्सिंग सेवा के महत्व और उसमें निहित सेवा भावना के बारे में भी प्रेरणादायक बातें बताई। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा आश्रम चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों सहिस्ता प्रवीण, निधि यादव, राजेश कुमार, शम्मा प्रवीण, राफ़त जहां व पवन शर्मा द्वारा छात्राओं को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए और नर्सिंग के क्षेत्र में समाज सेवा के अपने संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। श्रद्धा आश्रम चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से ऐसे आयोजनों के माध्यम से छात्राओं को सेवा भावना से ओत-प्रोत कर उन्हें भविष्य में समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के लिए तैयार किया जा रहा है।

## सेना में नहीं जाकर 500 युवाओं को बना रहे हैं देशसेवक



निज संवाददाता। बक्सर

आमतौर पर युवा सेना में भर्ती होकर अपने और परिवार के भविष्य को सुरक्षित करना चाहते हैं, लेकिन जिले के सदर प्रखंड के कम्हरिया गांव निवासी अनिकेत कुमार ने एक अलग राह चुनी। उन्होंने खुद सेना में जाने का अवसर ठुकराकर सैकड़ों युवाओं को देश सेवा के योग्य बनाने का संकल्प लिया। आज उनकी "बक्सर फिजिकल अकादमी" से प्रशिक्षण लेकर हर वर्ष 400 से 500 युवा भारतीय सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों में चयनित हो रहे हैं। नगर के सोमेश्वर स्थान के समीप गंगा किनारे स्थित मैदान को प्रशिक्षण स्थल के रूप में चुनकर अनिकेत पिछले छह वर्षों से लगातार युवाओं को फिजिकल ट्रेनिंग दे रहे हैं। वे प्रतिदिन सुबह-शाम करीब सौ से अधिक लड़के-लड़कियों को कठिन परिश्रम और अनुशासन के साथ प्रशिक्षित करते हैं। उनका सपना है कि बक्सर का हर युवा शारीरिक रूप से इतना सक्षम हो कि सेना और पुलिस जैसी सेवाओं में देश का नाम रोशन कर सके। अनिकेत बताते हैं कि जब उनका स्वयं सेना में चयन हुआ था, तो उन्हें एहसास हुआ कि वे अकेले जाकर सिर्फ अपने घर का भला कर पाएंगे। वहीं अगर वे युवाओं को सही दिशा दें, तो कई घरों में खुशियों के दीप जल सकते हैं। इसी सोच के साथ उन्होंने फिजिकल अकादमी की नींव रखी। अनिकेत के मित्र धर्मेंद्र सिंह बताते हैं कि अनिकेत आज जिले के युवाओं के लिए एक आदर्श बन चुके हैं। उनकी लगन और समर्पण ने न जाने कितने परिवारों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को सुदृढ़ किया है। धर्मेंद्र कहते हैं कि अनिकेत जैसे लोग समाज के लिए एक प्रेरणा हैं, जो बिना किसी सरकारी मदद के नयी पीढ़ी को सशक्त बनाने का कार्य कर रहे हैं। बक्सर फिजिकल अकादमी आज उन संस्थानों में शुमार हो गई है जो न केवल सपनों को दिशा दे रही है,। बिहार पुलिस में चुने गए 86 विद्यार्थी अनिकेत द्वारा बिहार पुलिस में हाल ही में चयनित 70 लड़कियों और 16 लड़कों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे सफल अभ्यर्थियों पर पुष्पवर्षा की गई और मिठाइयां खिलाकर उनकी उपलब्धि का जश्न मनाया गया। सभी चयनित अभ्यर्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अनिकेत द्वारा दिए गए प्रशिक्षण और मार्गदर्शन को दिया। प्रशिक्षण स्थल पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव हालांकि, अनिकेत के प्रयासों को अब भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वे बताते हैं कि प्रशिक्षण स्थल पर शौचालय और मूत्रालय जैसी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। कई बार सांसद, विधायक और नगर परिषद के अधिकारियों को लिखित अनुरोध भेजा गया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। अनिकेत का कहना है कि मैदान में बड़ी संख्या में लड़कियां भी प्रशिक्षण लेती हैं, इसलिए मूलभूत सुविधाओं का होना अत्यंत आवश्यक है। बावजूद इसके, स्थानीय प्रशासन की उदासीनता से स्थिति जस की तस बनी हुई है।

# रिपोर्ट में देरी से सजा से बच रहे मुजरिम

निज संवाददाता। आरा



अधिकांश संगीन अपराधों और घटनाओं में साक्ष्यों के फोरेंसिक जांच की जरूरत पड़ती है। लेकिन कई बार फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी से उन साक्ष्यों की फोरेंसिक जांच रिपोर्ट देर से पुलिस को प्राप्त होती है। इससे भोजपुर जिले के कई थानों में दर्जनों गंभीर केस वर्षों से लंबित हैं। बड़ी घटनाओं में पुलिस एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य इकट्ठा कराती है। ये साक्ष्य जांच के लिए पटना में फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री भेजे जाते हैं। लेकिन रिपोर्ट आने में महीनों और वर्षों लग जाते हैं। जब तक रिपोर्ट नहीं आती, केस थाना या कोर्ट में पेंडिंग रहता है। इससे ना आरोपियों को सजा मिल पाती है। ना कांडों का खुलासा हो पाता है। जिले के कई थानों में एफएसएल रिपोर्ट के अभाव में केस लंबित हैं। कुछ मामलों में पुलिस चार्जशीट भी कोर्ट में समर्पित कर चुकी है। लेकिन रिपोर्ट नहीं आने से केस पेंडिंग हैं। केस के अनुसंधानकर्ता बार-बार एफएसएल कार्यालय को पत्र भेज चुके हैं। लेकिन अब तक रिपोर्ट नहीं आई है। पटना में एफएसएल जांच लैबोरेट्री के बाद भागलपुर और मुजफ्फरपुर में भी फोरेंसिक लैबोरेट्री है। लेकिन भागलपुर और मुजफ्फरपुर में डीएनए जांच की व्यवस्था अभी नहीं है। जिसके चलते मुख्यालय में ज्यादा लोड रहता है।

**एफएसएल रिपोर्ट नहीं आने से कई थानों में गंभीर केस पेंडिंगः** आरा मुफस्सिल थाना कांड संख्या 150/24 में करवा गांव में 30 जुलाई 2024 को पिंटू कुमार की हत्या हुई थी। कांड संख्या 150/24 में तीन आरोपी गिरफ्तार हुए थे। रिपोर्ट के अभाव में एक को जमानत मिल गई। आरा मुफस्सिल थाना कांड संख्या 266/24 में लक्ष्मणपुर में रामबाबू प्रसाद की हत्या हुई थी। आर्म्स भी बरामद हुआ। लेकिन एफएसएल रिपोर्ट नहीं आने से चार्जशीट दाखिल नहीं हो सकी। आरा मुफस्सिल कांड संख्या 281/24 में जमीरा में अक्टूबर 2024 में पॉक्सो की घटना हुई थी। आरा मुफस्सिल कांड संख्या 294/24 में 22 दिसंबर 2024 को सारंगपुर में पॉक्सो का केस दर्ज हुआ था। आरा महिला थाना कांड संख्या 281/24 में कायमनगर में पॉक्सो का मामला दर्ज है। संदेश थाना कांड संख्या 25/23 में बलात्कार की घटना हुई थी। गजराजगंज थाना कांड संख्या 485/22 में हल्दी टोला में एक लड़के का शव टुकड़ों में मिला था। गजराजगंज थाना कांड संख्या 193/24 में कारीसाथ गांव के सिपाही की प्रेम प्रसंग में हत्या हुई थी। शव नहीं मिला था। गजराजगंज थाना कांड संख्या 125/24 और 2/21 में मसाढ़ में गांजा के केस दर्ज हैं।


# इसरो और सेना की जोड़ी ने किया कमाल, आसमान से थी पूरे पाकिस्तान पर नजर, चुन-चुनकर किया वार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देशी और विदेशी कॉमर्शियल स्पेस एसेट्स का बड़े स्तर पर इस्तेमाल किया। भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हमारे सभी रणनीतिक स्पेस एसेट्स का ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अलग-अलग तरीकों से उपयोग किया गया। हमारी टीमें लगातार काम कर रही थीं और हमें गर्व है कि इसरो देशहित में सशस्त्र बलों की मदद कर सका।

**भारतीय सेना के पास लगभग 9-11 सैन्य सैटेलाइटः** एक अन्य अधिकारी ने बताया कि भारतीय सेना के पास लगभग 9-11 सैन्य सैटेलाइट उपलब्ध हैं। इनके अलावा भी इसरो ने अमेरिका की कॉमर्शियल सैटेलाइट इमेजरी कंपनी मैक्सार से भी डेटा हासिल करने में मदद की। अधिकारी ने कहा कि हमारे कार्टोसैट सीरीज के सैटेलाइट से प्राप्त इमेजरी का इस्तेमाल योजना बनाने में हुआ, वहीं मैक्सार से दैनिक रूप से मिलने वाली हाई-रिजॉल्यूशन तस्वीरों ने ऑपरेशन को और धार दी।

कार्टोसैट-2सी जैसे सैटेलाइट 0.65 मीटर तक की रिजॉल्यूशन के साथ तस्वीरें उपलब्ध कराते हैं। यह भारत की सैन्य




खुफिया प्रणाली का अहम हिस्सा हैं। ये सैटेलाइट पहले भी 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक जैसे अभियानों में उपयोग में लाए जा चुके हैं। इसके अलावा रीसैट सीरीज के रडार इमेजिंग सैटेलाइटों से इलाके में गतिविधियों की निगरानी की गई और जीसेट सीरीज ने संचार व्यवस्था को संभाला। इस लिहाज से पूरा पाकिस्तान भारत की जद में था। यही वजह है कि भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान पर इतना सटीक हमला किया कि उससे केवल वही टारगेट हिट हुए जिन्हें नष्ट करने की योजना थी। पाकिस्तान के एयरबेस पर चुन-चुनकर हुए हमले इसका सबसे सटीक उदाहरण हैं।

**जीपीएस सिस्टम्स ने भी इस ऑपरेशन में की मददः** अधिकारी ने बताया कि भारतीय सैटेलाइट औसतन हर 14 दिन में किसी विशिष्ट क्षेत्र की इमेज प्रदान कर सकते हैं, लेकिन व्यावसायिक सैटेलाइटों से यह डेटा रोजाना उपलब्ध हो सकता है। साथ ही भारत की एनएवीआईसी प्रणाली और अन्य वैश्विक जीपीएस सिस्टम्स ने भी इस ऑपरेशन में नेविगेशन और पोजिशनिंग में मदद की। इंडियन स्पेस एसोसिएशन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) ए.के. भट्ट ने कहा, आधुनिक युद्ध में स्पेस टेक्नोलॉजी अत्यंत महत्वपूर्ण है, और इसमें इमेजरी, सैट-कॉम और पीएनटी (पोजिशनिंग, नेविगेशन एंड टाइमिंग) की व्यापक भूमिका होती है।

### एक और सैटेलाइट लॉन्च करने जा रहा इसरो

इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन ने भी ऑपरेशन पर सीधी टिप्पणी नहीं की, लेकिन उन्होंने यह पुष्टि की कि वर्तमान में 10 सैटेलाइट भारतीय सेना के लिए 24गुणा 7 काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 18 मई को भारत ईओएस-09 या रीसेट-1 बी नामक एक और महत्वपूर्ण सैटेलाइट लॉन्च करेगा, जो सशस्त्र बलों की क्षमताओं को और मजबूत करेगा। यह सैटेलाइट सी-बैंड सिंथेटिक एपरचर रडार सिस्टम से लैस होगा, जो किसी भी मौसम और अंधेरे में भी सतह की साफ इमेज प्रदान करने में सक्षम होगा। नारायणन ने यह भी बताया कि आने वाले पांच वर्षों में भारत 100 से 150 सैटेलाइट लॉन्च करेगा, जिनमें से 52 सैटेलाइट स्पेस-बेस्ड सर्विलांस-3 (एसबीएस-3) कार्यक्रम के तहत होंगे, और इनमें से 31 सैटेलाइट निजी क्षेत्र द्वारा विकसित किए जाएंगे। यह स्पष्ट है कि आने वाले समय में भारतीय सशस्त्र बलों और अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के बीच सहयोग और भी सशक्त होने जा रहा है।

### ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य

ऑपरेशन सिंदूर को 7 मई 2025 को शुरू किया गया था, जो 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब था। इस हमले में 26 पर्यटकों की मौत हो गई थी। ऑपरेशन का उद्देश्य पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी ढांचों को नष्ट करना था। भारतीय सशस्त्र बलों ने इस ऑपरेशन को सटीकता के साथ अंजाम दिया, ताकि नागरिक और सैन्य ढांचों को न्यूनतम नुकसान हो।

## संक्षिप्त समाचार



### हिमाचल के किसानों के लिए खुशखबरी, सुक्खू सरकार का बिजली पर बंपर छूट

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी है। राज्य की सुक्खू सरकार ने बिजली पर बंपर छूट का ऐलान किया है। सरकार ने सोमवार को इसकी घोषणा भी कर दी है। अब किसानों को काफी किफायती दर पर बिजली मिलेगा। हिमाचल प्रदेश सरकार ने सोमवार को कृषि उपभोक्ताओं के लिए 4.04 रुपए प्रति यूनिट की सब्सिडी की घोषणा की। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि अब किसानों को मात्र 1 रुपए प्रति यूनिट की भारी सब्सिडी दर पर बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। 4.04 रुपए प्रति यूनिट की शेष लागत राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी।

प्रवक्ता ने कहा कि बिजली पर बंपर सब्सिडी की घोषणा कर राज्य की कांग्रेस सरकार ने कृषि क्षेत्र को समर्थन देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि बिजली सब्सिडी अधिसूचना जारी करने में देरी के कारण कुछ किसानों को अधिक दरों पर बिजली बिल प्राप्त हुए होंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी अधिक राशि को अगले बिलिंग चक्रों में समायोजित किया जाएगा, ताकि किसानों पर कोई वित्तीय बोझ न पड़े। उन्होंने आगे कहा कि प्रशासन किसानों का समर्थन करने और उनकी आजीविका में सुधार करने के लिए सभी आवश्यक और प्रभावी उपाय कर रहा है।

### बस कंडक्टर को 20 साल बाद दिल्ली हाईकोर्ट से राहत, 110 रुपये की धोखाधड़ी में हुआ था बर्खास्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने हरियाणा रोडवेज के एक बस कंडक्टर को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने कंडक्टर के खिलाफ अनुशासनिक व अपीलीय प्राधिकरण के आदेश को निरस्त कर दिया है। साथ ही अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए हरियाणा रोडवेज को बर्खास्ती के दौरान कंडक्टर की रोकी गई सैलरी और अन्य भत्तों को तीन माह में देने का आदेश दिया है।

हाईकोर्ट ने कहा कि कंडक्टर पर आरोप है कि उसने अलग-अलग यात्रियों से पैसे वसूले, लेकिन टिकट नहीं दिए। यह एक पहलू है। दूसरे नजरिए से देखा जाए, तो कंडक्टर ने 110 रुपये की धोखाधड़ी के एवज में दो दशक तक हरियाणा से दिल्ली तक अपने खिलाफ मुकदमों पर पक्ष रखने में लाखों रुपये खर्च किए हैं।

जस्टिस प्रतीक जालान की बेंच ने इस मामले में टिप्पणी करते हुए कहा कि बेशक इस मामले को दोबारा जांच के लिए भेजने का नियम है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट दशकों से चल रहे मामलों को बंद करने का विशेष अधिकार रखते हैं। बेंच ने इस बाबत दो मामलों का हवाला भी दिया। इन मुकदमों के लंबा खिंचने पर आरोपी को राहत दी गई थी। इस मामले में भी यही सिंद्धात अपनाया जा रहा है।

हरियाणा रोडवेज को निर्देश दिया जा रहा है कि उसे वह सभी लाभ दिए जाएं, जो वह सेवा के दौरान प्राप्त करता। कंडक्टर रिटायर हो चुका है। कंडक्टर की हरियाणा रोडवेज में वर्ष 1981 में नियुक्ति हुई थी। घटना के समय वह हरियाणा रोडवेज की तरफ से दिल्ली के बाहरी इलाकों में चल रही बस में कंडक्टर था। इंस्पेक्टरों ने इस कंडक्टर को पांच अलग-अलग मामलों में धोखाधड़ी करते पाया था। पहली बार 4 जनवरी 2006 में उस पर आरोप लगे। इसके बाद चार अन्य बार ऐसे ही आरोप लगे। कंडक्टर पर यात्रियों से कुल 110 रुपये वसूलने के बाद टिकट नहीं देने का आरोप था। इन मामलों की सुनवाई के दौरान अनुशासनात्मक व अपीलीय प्राधिकरण ने कंडक्टर पर लगे धोखाधड़ी और वरिष्ठ अधिकारियों से दुर्व्यवहार के आरोप को सही माना। इसी आधार पर उसे नियुक्ति से लेकर कार्य के दौरान के सभी लाभों से वंचित कर दिया था। साथ ही उसे नौकरी से भी बर्खास्त कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने अब कहा है कि जब यह मामले दर्ज किए गए तब तक कंडक्टर 25 साल की नौकरी पूरी कर चुका था। उसके पूर्व के भत्तों को रद्द कर दिया गया था। 20 साल उसे अपना पक्ष रखने में लग गया। यह एक लंबा समय है। ऐसे में उसे राहत मिलनी चाहिए।

## गुजरात में पाकिस्तानी लिंक वाले मौलाना के मदरसे पर चला दिया बुलडोजर

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात में पुलिस ने एक मौलाना का पाकिस्तानी लिंक सामने आने के बाद उसकी ओर से संचालित किए जा रहे मदरसे को बुलडोजर से मिट्टी में मिला दिया है। मौलाना मोहम्मद फजल अब्दुल अजीज शेख की ओर से चलाया जा रहा था। मौलाना के फोन में पाकिस्तानी कनेक्शन वाले कई वॉट्सऐप ग्रुप मिलने के बाद पुलिस ने यह ऐक्शन लिया है। अमरेली के डीएसपी पीआर राठौर ने कहा कि एसडीएम की जांच में पाया गया कि मदरसे के पास दस्तावेज नहीं हैं।




संचालक यह बताने में असफल रहे कि यह मदरसे की जमीन उनकी है और निर्माण कानूनी तरीके से किया गया है। मौके पर भारी सुरक्षाबल को तैनात किया गया था। हालांकि, पुलिस को किसी तरह के विरोध का सामना नहीं करना पड़ा।पहलगाम आतंकी हमले के बाद गुजरात पुलिस ने अमरेली से संदिग्ध मौलाना को हिरासत में लिया था। पूछताछ के दौरान उसका पाकिस्तानी कनेक्शन सामने आया था। उसके फोन में 7 संदिग्ध पाकिस्तानी और अफगानिस्तानी वॉट्सऐप ग्रुप पाए गए थे। पुलिस मौलाना से पूछताछ करके यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वह पाकिस्तान में किन लोगों के संपर्क में था और उसका मकसद क्या था। धारी पुलिस स्टेशन में मौलाना के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मौलाना मूल रूप से अहमदाबाद का रहने वाला है और अमरेली में मदरसा चला रहा था।

## जांच से पहले ही जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से गायब हो गया था कैश, किसका हाथ? बढ़ने वाली है मुसीबत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास से भारी मात्रा में कैश बरामद होने के मामले में एक नया खुलासा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त एक इन-हाउस जांच समिति ने पुष्टि की है कि 14 मार्च को जस्टिस वर्मा के घर में आग लगने की घटना के बाद वहां से कैश बरामद किया गया था। हालांकि, जांच शुरू होने से पहले ही यह कैश रहस्यमय तरीके से गायब हो गया, और इसके पीछे जस्टिस वर्मा के आवास पर कार्यरत कर्मचारियों का हाथ होने का संदेह जताया जा रहा है।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, आग बुझाने के बाद जब कमरे को खोला गया, तो वहां बड़ी मात्रा में जली हुई नकदी मिलने की बात सामने आई। बताया जा रहा है कि यह कमरा लॉक था और उसे तोड़कर खोला गया। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से लिखा गया है कि जब इस बारे में जस्टिस वर्मा से सवाल किया गया तो उन्होंने गलत और भ्रामक जानकारी दी। बरामद नकदी की सही राशि अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है, क्योंकि जांच से पहले ही नकदी गायब हो चुकी थी।

**पद से हटाने की सिफारिशः** सुप्रीम कोर्ट की इन-हाउस जांच समिति ने इस पूरे मामले में गंभीरता को देखते हुए जस्टिस वर्मा को पद से हटाने की सिफारिश की। इसके बाद दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने प्रारंभिक जांच करवाई और तुरंत प्रभाव से जस्टिस वर्मा से न्यायिक कार्य वापस ले लिया गया। इसके बाद उन्हें बिना किसी न्यायिक जिम्मेदारी के इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर



कर दिया गया। जांच समिति की रिपोर्ट और जस्टिस वर्मा के जवाब को भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजा है। उच्च न्यायालय के जजों के लिए निर्धारित इन-हाउस जांच प्रक्रिया के तहत, यदि कोई जज इस्तीफा नहीं देता, तो मुख्य न्यायाधीश को ही राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखना होता है।

हालांकि, जस्टिस वर्मा ने सभी आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने अपने जवाब में लिखा कि जिस कमरे से नकदी मिली, वह कई लोगों के लिए खुला रहता था और उनका इस नकदी से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने इसे पूरी तरह से बेबुनियाद और हास्यास्पद करार दिया। अब राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री द्वारा इस मामले में क्या कदम उठाए जाएंगे, इस पर सबकी निगाहें टिकी हैं।

**जस्टिस यशवंत वर्मा के लिए आगे क्या?:** 8 मई को सीजेआई संजीव खन्ना ने तीन सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेज दिया, जो इस बात का संकेत है कि जस्टिस वर्मा ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया है। स्ट की समिति में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी.एस. संधावालिया और कर्नाटक हाई कोर्ट की जज अनु शिवरामन शामिल थे।

## इंदिरा ने गलती ना की होती तो पीओके हमारा होता

### *अनिल विज ने पुराना जख्म कुरेद कांग्रेस पर बोला हमला*

**चंडीगढ़, एजेंसी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने सोमवार को कहा कि 1971 में सैनिकों ने जो लड़ाई मैदान में जीती थी, वह तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने टेबल पर हरा दी थी। विज ने चंडीगढ़ में मीडिया कर्मियों से कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने हमारे देश का बेड़ागर्क किया क्योंकि पहले आपातकाल लगाया। 1971 की जंग में हमारे पास 93 हजार युद्धबंदी थे और लगभग 13 हजार एकड़ जमीन हमारी सेना ने जीती थी। अगर उस समय वह कोई भी शर्त चाहतीं तो मनवा सकती थीं।

विज ने कहा कि अगर इंदिरा गांधी ने उस वक्त पीओके वापस लेने की शर्त रखी होती क्योंकि पीओके हमारा है तो वह हमें मिल जाता लेकिन उस समय सैनिकों ने जो लड़ाई मैदान में जीती थी, वह इंदिरा गांधी टेबल पर हार गई थीं। उन्होंने बताया कि राजा हरि सिंह ने जिस विलय पत्र पर हस्ताक्षर किए थे, उसमें पीओके भी था और वह हमें दिया



गया था। भाजपा नेता ने कहा कि इंदिरा गांधी को शिमला समझौते के लिए कभी माफ नहीं किया जा सकता।

**अभी सीजफायर हुआ है, लड़ाई खत्म नहीं हुईः** भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ की मीटिंग के सवाल पर विज ने कहा कि हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बीच अभी सीजफायर ही हुआ है, लड़ाई खत्म नहीं हुई। भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ होने वाली मीटिंग के बारे में उन्होंने कहा कि ये पाकिस्तान नहीं बल्कि ना-पाकिस्तान है, सीजफायर ही हुआ है, लड़ाई खत्म नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सेनाएं वैसे की वैसे बॉर्डर पर खड़ी हैं, बैरकों में नहीं गई हैं। युद्ध खत्म तब माना जाता है, जब सेनाएं बैरकों में चली जाती हैं। मोदी का सीधा पैगाम है, अगर तुम गोली मारोगे तो हम गोला मारेंगे।

**कांग्रेसियों को नासमझ बतायाः** पाकिस्तान के साथ सीजफायर के बाद विपक्ष द्वारा संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की मांग पर अनिल विज ने कहा कि जो सीक्रेट बातें हैं, वहां उनको डिस्क्लोज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कांग्रेसियों को नासमझ बताते हुए कहा कि इनको युद्ध की कहां समझ है। उन्होंने कहा कि आर्मी में तो साथ वाले व्यक्ति को भी पता नहीं होता कि कौन सी मिसाइल चलनी है, कहां चलनी है क्योंकि ये लड़ाई की नीति होती है।

### टला नहीं पाकिस्तान से हमले का खतरा? एयर इंडिया-इंडिगो ने रद्द कर दीं 7 शहरों की फ्लाइट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच भले ही औपचारिक रूप से सीजफायर का ऐलान हो गया है लेकिन तनाव की स्थित अब भी बनी हुई है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इंडिगो और एयर इंडिया ने सात शहरों की फ्लाइट कैंसल कर दी हैं। इनमें श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, चंडीगढ़ और तीन अनय शहर शामिल हैं। एयर इंडिया ने जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़, राजकोट का टू वे फ्लाट ऑपरेशन रद्द कर दिया है। वहीं इंडिगो ने जम्मू. अमृतसर, चंडीगढ़, लेह, श्रीनगर और राजकोट की फ्लाइट कैंसल की हैं। विमानन कंपनी ने सोमवार रात 11 बजकर 38 मिनट पर 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'नवीनतम घटनाक्रम के मद्देनजर और आपकी सुरक्षा को हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए, जम्मू, अमृतसर, चंडीगढ़, लेह, श्रीनगर और राजकोट से आने-जाने वाली उड़ानें 13 मई 2025 के लिए रद्द कर दी गई हैं।' एयरलाइन ने यह भी कहा कि उसकी टीम सक्रियता से स्थिति पर नजर रख रही हैं।

## पाकिस्तान की सीमा से लगे पंजाब के चार जिलों के स्कूल अभी भी बंद

**चंडीगढ़ , एजेंसी।** भारत-पाक संघर्ष विराम की घोषणा के बाद भी पाकिस्तान की सीमा से सटे पंजाब के चार जिलों में स्कूल अभी भी बंद हैं। आईएएनएस से बात करते हुए एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि गुरदासपुर को छोड़कर पाकिस्तान की सीमा से लगे पंजाब के इन जिलों में एहतियात के तौर पर मंगलवार को स्कूल बंद रहेंगे। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के तुरंत बाद अमृतसर, पठानकोट, जालंधर और होशियारपुर में अधिकारियों ने लोगों से जरूरी न होने पर बाहर निकलने से बचने की अपील की और सेना के अधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद आंशिक ब्लैकआउट लागू कर दिया। जालंधर में सोमवार शाम को सशस्त्र बलों ने एक निगरानी ड्रोन को मार गिराया।

जालंधर के डिप्टी कमिश्नर हिमांशु अग्रवाल ने कहा, मुझे बताया गया है कि मंड गांव के पास रात करीब 9.20 बजे सशस्त्र बलों ने एक निगरानी ड्रोन को मार गिराया। विशेषज्ञों की एक टीम मलबे की तलाश कर रही है। बाद में अग्रवाल ने कहा कि रात



10 बजे के बाद जालंधर में कोई ड्रोन गतिविधि नहीं हुई। रात 10.45 बजे एक संदेश में उन्होंने लोगों को मलबे के पास न जाने और तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन को सूचित करने की सलाह दी।

होशियारपुर डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने दसूया इलाके में कुछ धमाके सुने जाने की पुष्टि की और फिर सेना के अधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद आंशिक ब्लैकआउट की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों से मिली जानकारी के आधार पर दसूया और मुकेरिया इलाकों में ब्लैकआउट लगाया गया है। सीमावर्ती जिले अमृतसर में सामान्य गतिविधि देखी गई, लेकिन अलर्ट जारी किया गया और साथ ही सोमवार को कुछ घंटों के लिए ब्लैकआउट लगाया गया। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली से अमृतसर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट को राज्य के अन्य हिस्सों में ड्रोन गतिविधि देखे जाने के बाद डायवर्ट किया गया।

सुबह-सुबह अमृतसर की डिप्टी कमिश्नर साक्षी साहनी ने एक्स पर लिखा, अब आपको एक छोटा सा सायरन सुनाई दे सकता है - यह दर्शाता है कि अलर्ट खत्म हो गया है और हम अपनी सामान्य गतिविधियों को फिर से शुरू कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद।

पठानकोट जिला भी अलर्ट पर रहा क्योंकि कथित तौर पर भारत-पाक सीमा पर स्थित बामियाल इलाके में ड्रोन देखे गए। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीमा पार आतंकवाद के लिए इस्लामाबाद की कड़ी आलोचना की और कहा कि बातचीत और आतंक, खून और पानी एक साथ नहीं चल सकते।

## ट्रंप कुछ भी दावा कर निकल गए, पीएम मोदी ने क्यों नहीं दिया जवाब? कांग्रेस ने उठाए सवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पीएम मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संबोधन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान को लेकर चुप रहे। कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं कि क्या भारत ने अमेरिका की मध्यस्थता को स्वीकार कर लिया है और अमेरिका के कहने पर वह पाकिस्तान के साथ किसी तीसरे देश में वार्ता के लिए सहमत हो गया है। इस दौरान कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यह मांग एक बार फिर दोहराई है कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री को सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री के संबोधन से कुछ देर पहले ही ट्रंप ने कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान को व्यापार बंद करने की धमकी थी, जिसके बाद दोनों देशों के बीच सैन्य संघर्ष रुका सका। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''प्रधानमंत्री का लंबे समय से टलता आ रहा राष्ट्र के नाम संबोधन राष्ट्रपति ट्रंप के कुछ मिनट पहले किए गए खुलासों से पूरी तरह दब गया। प्रधानमंत्री ने उन पर एक शब्द भी नहीं कहा।'' जयराम रमेश ने सवाल किया, ''क्या भारत ने अमेरिका की मध्यस्थता स्वीकार कर ली है? क्या भारत पाकिस्तान के साथ वार्ता के लिए किसी तटस्थ स्थल पर सहमत हो गया है? क्या अब भारत अमेरिका की इन मांगों को मान लेगा कि वह ऑटोमोबाइल, कृषि और अन्य क्षेत्रों में अपने बाजार खोल दे?'' कांग्रेस महासचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री को तुरंत सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करनी चाहिए।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# भारत की जीत

युद्ध के बिल्कुल करीब पहुंच चुके भारत और पाकिस्तान के बीच भले समझौता हो गया हो, लेकिन आतंकवाद के खिलाफ जंग जारी रहेगी। फिर भी, समझौते तक भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये काफी कुछ हासिल किया, जिनमें से ये सात बातें काफी मायने रखती हैं। पहली बात यह कि भारत ने बदला तो उरी और पुलवामा का भी लिया था, लेकिन इस बार स्ट्राइक ज्यादा तीव्र और घातक रही। भारतीय सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर ही नहीं, पाकिस्तान के पंजाब तक में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिसमें 140 आतंकवादी मारे गए। दूसरी, भारत-पाकिस्तान मामले में यह डर हमेशा से रहता है कि दोनों परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र हैं और इनके बीच का टकराव परमाणु युद्ध तक पहुंच सकता है। पाकिस्तान ने इस नैरेटिव को दुनिया में खूब बेचा और फायदा भी उठाया। लेकिन, पिछले एक दशक में इसमें बदलाव आया है। अब भारत रुष्ट और अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने से भी नहीं हिचकता। इस बार सौ किमी अंदर तक घुसकर उसने एक नया ट्रेंड सेट किया। तीसरी, भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर रखा है। यह बात इसलिए अहम है, क्योंकि 1971 और कारगिल वॉर के दौरान भी संधि जारी रही थी। पिछले कुछ साल से भारत इस संधि को रिव्यू करने की बात कह रहा है। पानी के जरिये भारत ने पड़ोसी देश पर बड़ी कूटनीतिक बढ़त हासिल की है। चौथी, अभी तक भारत की कोशिश यह भी होती थी कि पाकिस्तान को सबूत सौंपकर रास्ते पर लाने की कोशिश की जाए, उस पर इंटरनैशनल कम्युनिटी का प्रेशर बनाया जाए। नई दिल्ली ने प्रेशर तो बनाया, लेकिन साथ में खुद एक्शन लेकर बताया कि उसके पास और भी विकल्प हैं। पांचवीं, अब से हर आतंकी हमला एक्ट ऑफ वॉर माना जाएगा और यह पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ी चेतावनी है। पाकिस्तान को इसके बाद अपने यहां के आतंकवादियों को कंट्रोल करना पड़ेगा। अगर वह ऐसा नहीं करता है तो भारत ने संकेत दिया है कि वह आगे भी पाकिस्तान के आतंकी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई से पीछे नहीं हटेगा। छठी, भारत ने मॉडर्न वॉरफेयर की अपनी क्षमता साबित की। यह भी दिखाया कि उसका डिफेंस सिस्टम कितना मजबूत है। देश की उत्तरी और पश्चिमी सीमा पर उसने पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइल हमलों को बखूबी नाकाम किया।

# भारत ने आर्थिक प्रगति के बल पर आतंकवादी ठिकानों को किया नेस्तनाबूद

(प्रह्लाद सबनानी)

वित्तीय वर्ष 2013-14 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार दुगना होकर 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी आगे निकल गया है। इससे भारतीय नागरिकों की आय भी लगभग दुगनी हो गई है एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की संख्या में भी भारी कमी दर्ज हुई है। भारत ने अंततः पाकिस्तान के कई आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर ही दिया। भारत के इस कठोर कदम से भारतीय नागरिकों को संतुष्टि मिली है, विशेष रूप से उन परिवारों को जिन्होंने हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के हमले में अपने सगे सम्बन्धियों को खोया है। विश्व के लगभग समस्त देशों ने भारत के इस कदम का समर्थन ही किया है क्योंकि आतंकवादियों से अपने देश के नागरिकों की रक्षा करना किसी भी देश की सरकार का प्रथम कर्तव्य है। भारत को पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों पर हमले करने का साहस कहां से मिलता है। यह मिलता है भारतीय नागरिकों की एकजुटता से, वर्तमान केंद्र सरकार पर देश के नागरिकों का भरपूर विश्वास है एवं वह यह सोचती है सही समय पर एवं सही स्थान पर भारतीय सेना आतंकवादियों पर हमला करके अपने नागरिकों के मारे जाने का बदला जरूर लेगी। दूसरे, संभवतः भारत की लगातार मजबूत हो रही आर्थिक स्थिति से भी केंद्र सरकार को कठोर निर्णय लेने का बल मिलता है। इस संदर्भ में, हाल ही में अच्छी खबर यह आई है कि भारत जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चोथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है एवं संभवतः वर्ष 2026 के अंत तक जर्मनी की अर्थव्यवस्था को भी पीछे छोड़ते हुए भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारतीय अर्थव्यवस्था आज भी विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। विश्व के लगभग समस्त वित्तीय संस्थान भारत के संदर्भ में यह भविष्यवाणी करते हुए दिखाई दे रहे है कि आगे आने वाले कई दशकों तक भारत इसी प्रकार विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा। भारत ने पिछ्ले 10/11 वर्षों के दौरान वित्तीय क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रमों को लागू किया है। जिसका परिणाम स्पष्ट रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। माह अप्रेल 2025 में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण नित नई ऊंचाईयां छूते हुए 2.37 लाख करोड़ रुपए के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गया है। यह सब देश के नागरिकों द्वारा अप्रत्यक्ष करों के नियमों का अनुपालन करने के चलते सम्भव हो पा रहा है। अप्रेल 2025 माह में ही फैक्ट्री उत्पादन के मामले में पिछ्ले 10 माह के उच्चत्तम स्तर को पार किया गया है। आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए की कीमत अमेरिकी डॉलर की तुलना में तेजी से बढ़ती जा रही है और यह अपने पिहले 7 माह के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गई है। और तो और, सरकारी उपक्रमों एवं निजी कम्पनियों की लाभप्रदता में भी भारी सुधार देखने में आ रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान भारतीय स्टेट बैंक ने 70,901 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। इसी प्रकार, रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 69,621 करोड़ रुपए, एचडीएफसी बैंक ने 64,062 करोड़ रुपए, ओएनजीसी ने 49,221 करोड़ रुपए, टाटा कंसल्टैसी सर्विसेज लिमिटेड ने 45,908 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक ने 44,256 करोड़ रुपए, इंडियन आइल कॉर्पोरेशन ने 41,729 करोड़ रुपए, लाइफ इन्शुरन्स कॉर्पोरेशन ने 40,915 करोड़ रुपए, कोल इंडिया लिमिटेड ने 37,402 करोड़ रुपए एवं टाटा मोटर्स लिमिटेड ने 31,399 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। आपको ध्यान में होगा कि आज से कुछ वर्ष पर तक केंद्र सरकार को कई सरकारी उपक्रमों को चलायमान बनाए रखने के लिए लाखों करोड़ रुपए की सहायता केंद्रीय बजट के माध्यम से इन सरकारी उपक्रमों की करनी होती थी। आज स्थित एकदम बदल गई है एवं आज ये लगभग समस्त उपक्रम केंद्र सरकार के लिए कमाऊ पूत की भूमिका निभाते हुए नजर आ रहे हैं एवं करोड़ों रुपए का लाभांश केंद्र सरकार को उपलब्ध करा रहे हैं। यह सब केंद्र सरकार द्वारा इन उपक्रमों में सुधार कार्यक्रमों को लागू करने के चलते ही सम्भव हो सका है। वर्ष 1991 में विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में भारत भयावह स्थिति में पहुंच गया था तथा उस समय भारत के पास केवल 15 दिवस के आयात के बराबर ही विदेशी मुद्रा भंडार बच गया था और भारत को अपने स्वर्ण भंडार को ब्रिटेन के बैंकों में गिरवी रखकर विदेशी मुद्रा भंडार की व्यवस्था करनी पड़ी थी। आज स्थिति इस ठीक विपरीत है आज भारत के पास लगभग एक वर्ष के आयात के बराबर की राशि का विदेशी मुद्रा भंडार मौजूद है और यह 68,813 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर के ऊपर निकल गया है जो भारत के इतिहास में आज तक के उच्च्तम स्तर के बहुत करीब है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत से विभिन्न उत्पादों एवं सेवा क्षेत्र के निर्यात अपने उच्चत्तम स्तर 82,490 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गए हैं। जिसके चलते भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में अतुलनीय सुधार होता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत से विभिन्न देशों को निर्यात में अभी और सुधार होता हुआ दिखाई देगा क्योंकि भारत ने हाल ही में ब्रिटेन के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है इससे भारत के सेवा क्षेत्र को अत्यधिक प्रोत्साहन मिलने जा रहा है और ब्रिटेन में भारतीय इंजिनीयर एवं डाक्टर के साथ ही अन्य क्षेत्रों में कार्य करने के लिए भारतीयों की मांग में वृद्धि दृष्टिगोचर होगी। अमेरिका के साथ भी भारत का द्विपक्षीय व्यापार समझौता अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है और यूरोपीयन यूनियन देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता दिसम्बर 2025 तक सम्पन्न होने की प्रबल सम्भावना है। इसके बाद भारत से विकसित देशों को निर्यात निश्चित रूप से बढ़ेंगे और इसके चलते बहुत सम्भव है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के निर्यात अपने उच्चत्तम स्तर अर्थात एक लाख करोड़ अमेरिको डॉलर के स्तर को भी पार कर जाएं। यदि ऐसा होता है तो भारत में विदेशी मुद्रा भंडार भी एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर सकते हैं क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें भी कम होती हुई अर्थात लगभग 60 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर होती हुई दिखाई दे रही हैं जबकि भारत अपने उपयोग का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल का आयात विभिन्न देशों से करता है। साथ ही, भारत को स्वर्ण के आयात को भी नियंत्रण में रखना होगा।

> *अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई कमी और वर्ष 2025 के खरीफ मौसम के दौरान मौसम विभाग द्वारा की गई सामान्य से अधिक मानसून की भविष्यवाणी के कारण खुदरा कृषि क्षेत्र में मुद्रा स्फीति (महंगाई) की दर मार्च 2025 माह में कम होकर 3.73 प्रतिशत के निचले स्तर पर पहुंच गई है।*
> *वित्तीय वर्ष 2013-14 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार दुगना होकर 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी आगे निकल गया है।*

# अब लोग कम समय में अधिक पाने की उम्मीद से निराशा और हताशा बढ़ रही

पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह लोगों की जीवन शैली बदली है, उसका एक नकारात्मक पक्ष यह भी है। अब लोग कम समय में अधिक पाने की उम्मीद करने लगे हैं। जब यह आकांक्षा पूरी नहीं होती, तो उनमें निराशा और हताशा बढ़ने लगती है। कई वजह हो या फिर ऐसी बात, जिस पर गुस्सा तक नहीं होना चाहिए, उस पर भी अब लोग तुरंत इस कदर आवेश में आने लगे हैं कि देखते ही देखते वे हिंसक रूप ले लेते हैं। पिछले दिनों दिल्ली में खाना बना रहे एक मजदूर ने महज इस बात के लिए अपने एक साथी की हत्या कर दी, क्योंकि उसने सब्जी में नमक ठीक से डालने के लिए कहा था। भोजन में नमक कम या ज्यादा हो जाना क्या कोई ऐसी बात है कि जो किसी को इतना हिंसक बना दे कि वह अपने ही साथी की जान ले ले? यह गुस्सा है या मानसिक विकार? आज अधिकतर लोग आर्थिक संकट, टूटते रिश्ते, घर-दफ्तर या फिर परिवार की किसी न किसी समस्या से परेशान हैं। मगर हमने कैसा समाज बना डाला है, जहां किसी कमजोर के साथ नाइंसाफी होने, कोई अधिकार छिन जाने या फिर स्त्रियों की गरिमा के हनन होने पर तो गुस्सा नहीं आता, लेकिन जिन बातों को नजरअंदाज कर आगे बढ़ जाना चाहिए, वहां लोग मामूली विवाद पर मरने-मारने पर उतारू हो जाते हैं। शहरों-महानगरों में सड़कों पर ऐसे दृश्य आम हैं जब बहुत छोटी बात पर भी हिंसक और जानलेवा टकराव हो जाता है। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह लोगों की जीवन शैली बदली है, उसका एक नकारात्मक पक्ष यह भी है। अब लोग कम समय में अधिक पाने की उम्मीद करने लगे हैं। जब यह आकांक्षा पूरी नहीं होती, तो उनमें निराशा और हताशा बढ़ने लगती है। इसी के साथ उनमें आया चिड़चिड़ापन कब गुस्से में बदल जाता है, इसका पता भी नहीं चलता। वहीं लोगों के बीच बेतहाशा प्रतिद्वंद्विता भी देखी जाने लगी है।

# दुनिया ने देखी भारत की ताकत, सहम गया पाकिस्तान ऑपरेशन सिंदूर से निकले 3 बड़े संकेत

(संजय दुबे)

मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात भारत ने एक बार फिर दुनिया को यह जता दिया कि जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा की हो, तो वह न तो चुप बैठता है और न ही सीमाओं तक सिमटता है। 'ऑपरेशन सिंदूर 2025' के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पीओके में फैले नौ आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर नष्ट किया। यह महज़ एक जवाबी हमला नहीं था, बल्कि रणनीतिक संदेशों से भरी हुई कार्रवाई थी। यह कार्रवाई 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 के बालाकोट एयरस्ट्राइक से आगे निकलती दिखाई देती है। यह सिर्फ पहलगाम का बदला नहीं, दो दशकों की पीड़ा का उत्तर है पहलगाम में श्रद्धालुओं पर हुआ आतंकी हमला इस ऑपरेशन का तात्कालिक कारण जरूर बना, लेकिन भारत ने स्पष्ट कर दिया कि यह कार्रवाई केवल एक घटना का जवाब नहीं थी। बुधवार को प्रेस ब्रीफिंग में इसे 2001 की संसद हमले से लेकर 26/11 के मुंबई हमलों तक, आतंकवाद के पूरे इतिहास की प्रतिक्रिया के रूप में प्रस्तुत किया गया। भारत ने एक स्पष्ट संकेत दिया कि अब वह केवल घटना-दर-घटना नहीं, बल्कि पूरी 'आतंकी प्रणाली' को जवाब देगा। जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों पर कार्रवाई करते हुए भारत ने एक स्पष्ट पैटर्न को निशाना बनाया—वह नेटवर्क जो दशकों से भारत में खून बहा रहा है और जिसे पाकिस्तान की सरकार ने या तो पनाह दी या नजरअंदाज किया। भारत ने साजिद मीर का उदाहरण देते हुए यह दिखाया कि पाकिस्तान की सरकार तब तक कार्रवाई नहीं करती जब तक अंतरराष्ट्रीय दबाव न हो। पाकिस्तान ने जिस आतंकी को पहले मृत घोषित किया, उसे बाद में ऋऋऋ की सिफारिशों के दबाव में 2022 में गिरफ्तार करना पड़ा। एफएटीएफ के दबाव और भारत की कूटनीतिक रणनीति ने इन आतंकी संगठनों को नए नामों जैसे द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) और पीपुल्स एंटी-फासीस्ट फोर्स (पीएएफएफ) के तहत छिपने को मजबूर किया, ताकि आतंकवाद को 'कश्मीरी प्रतिरोध' के रूप में दिखाया जा सके। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर ने इन छद्म संगठनों की भी पोल खोल दी। भारत ने अपनी कार्रवाई की रणनीति बेहद संतुलित रखी है—उकसावे का जवाब दिया, लेकिन युद्ध की स्थिति नहीं बनाई। भारत ने जानबूझकर पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया, सिर्फ आतंकी ढांचे को लक्ष्य बनाया। यह वही नीति है जो 2016 और 2019 की कार्रवाइयों में अपनाई गई थी। 2016 में भारत ने नियंत्रण रेखा के पार आतंकी शिविरों पर सर्जिकल स्ट्राइक की थी, 2019 में बालाकोट के आतंकी कैंप को एयरस्ट्राइक से निशाना बनाया गया था। लेकिन 2025 की कार्रवाई में भारत ने पहली बार नियंत्रण रेखा के पार के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार पाकिस्तान के अंदर गहरे लक्ष्यों को निशाना बनाया। इस बार जैश का मरकज सुभान अल्लाह (बहावलपुर), लश्कर का मरकज तैयबा (मुरीदके) और हिजबुल का महमूना जोया (सियालकोट) जैसे प्रमुख ठिकाने हमले का निशाना बने। ये वही स्थान हैं जो वर्षों से इन संगठनों की आतंकी गतिविधियों का केंद्र रहे हैं। रक्षा मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति में भी यह बात दोहराई गई कि किसी भी पाकिस्तानी सैन्य सुविधा को निशाना नहीं बनाया गया है। इसका उद्देश्य साफ है—भारत आतंकवाद और पारंपरिक युद्ध को अलग रखकर, संघर्ष को नियंत्रित दायरे में रखना चाहता है। ऑपरेशन सिंदूर के ज़रिए भारत ने न केवल आतंकियों को जवाब दिया, बल्कि पाकिस्तान को कूटनीतिक और सामरिक स्तर पर भी चेतावनी दी। पाकिस्तान द्वारा 23 अप्रैल से 6 मई तक भारत को दी गई धमकियों को अब एक खोखली रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। भारत की कार्रवाई ने पाकिस्तान की 'डिटरेंस कैपेसिटी' यानी निरोधक क्षमता को न केवल चुनौती दी।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5730

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | 6 | 9 | | | 4 |
| | | 9 | | | | | 5 | |
| | 2 | | | | 4 | 7 | 1 | |
| 4 | 9 | 8 | | | | | | 7 |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| 1 | | | | | | 4 | 3 | 5 |
| | 8 | 1 | 6 | | | | 4 | |
| | 5 | | | | | 3 | | |
| 9 | | | 2 | 7 | 1 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5729

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 |
| 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 |
| 7 | 3 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 5 | 8 | 9 | 2 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 7 | 6 | 1 |
| 9 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 3 | 4 | 5 |

## वर्ग पहेली 5730

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | | ■ |
| 5 | | | ■ | | ■ | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | 8 | 12 |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | 12 | | |
| ■ | | ■ | 13 | ■ | 14 | | ■ |
| 15 | | | ■ | 16 | ■ | 17 | |
| 20 | | ■ | ■ | 19 | 20 | | ■ |
| | ■ | ■ | 21 | | | ■ | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 16 जून 2007 को यह महिला अंतरिक्ष में लगातार सबसे लंबे समय तक रहने वाली महिला बनी (7)
5. प्रणाम, अभिवादन, नमस्कार (3)
7. सेवा करना वाला, नौकर (3)
8. व्रत, उपवास (उर्दू)(2)
9. मादा या आवेश में आना (4)
13. प्रकाश की किरण, अर्धप्रकाश (1)
14. टूटने-फूटने आदि से उत्पन्न शब्द (2)
15. गति (3)
17. अधिकार, शक्ति, पर्याप्त है कि, समाप्ति सूचक शब्द (2)
18. प्रहार करने की क्रिया (2)
19. गवाह का कथन, साक्ष्य (3)
21. बलमा, प्रेमी, साजन, इस फिल्म मे देवानंद के साथ मीना कुमारी व सुरैया थी (1951) (3)

**ऊपर से नीचे**

1. पुराणानुसार महाराजा जनक की पत्नी का नाम, सुलोचना (4)
2. कड़वी छाल वाले इस वृक्ष की पत्तियां औषधि बनाने के काम में आती है (2)
3. इन्हें सम्राट अकबर के नवरत्नों में गिना जाता है, इनका मूल नाम रामतनुमाल था (4)
4. काबिलीयत, योग्यता, गुण, पात्रता (4)
6. संवारना, आकर्षक और सुंदर बनाना (3)
8. रूपयों का लेन-देन का हिसाब सबंधी बही (5)
10. बंधक बनाया हुआ, जिसे अपराध के सिलसिले में पकड़ा गया हो (4)
12. दार्शनिक प्रणाली, राय, वोट (2)
15. प्रस्थित, भेजा गया (3)
16. वे दिन जिसमें विवाह आदि संपन्न कराए जाते है, तल्लीनता, ध्यान लगाने का भाव (3)
20. बायां, चंद्रमा के रथ के एक घोड़े का नाम (2)

### वर्ग पहेली 5729 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | र | त | ■ | गो | दा | व | री |
| ग | ज | ट | ■ | दा | ता | र | ■ |
| खु | ■ | स्थ | ग | न | ■ | या | मा |
| ल | य | ■ | र्ज | ■ | सं | त्रा | य |
| ना | ज | नी | न | ■ | ता | ■ | ■ |
| ■ | मा | ■ | क | मी | न | गा | ह |
| जा | न | व | र | ■ | ही | र | क |
| ट | ■ | ■ | ना | दा | न | ■ | ला |

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। उन्हें ऑफिस में अच्छा काम करने के लिए सम्मान मिल सकता है। यदि वे अपने काम धंधे को आगे बढ़ाने के लिए लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो वह भी मिल सकता है। जरूरी काम में पुराने दोस्तों से मदद मिलेगी और आपको पत्नी का पूरा सहयोग मिलेगा। रात का समय परिवार के साथ हंसी-मजाक में बीतेगा और कहीं घूमने भी जा सकते हैं।

### वृष
आज दिन व्यस्तता से भरा बीतेगा। बहुत भागदौड़ के कारण वे काम में बिजी रहेंगे। ऐसे में पैर में चोट लग सकती हैं, सावधान रहें। निर्णय लेने की क्षमता से उन्हें फायदा होगा। वे कुछ नया करने के बारे में सोच सकते हैं। रुके हुए काम पूरे होंगे और उन्हें खुशी होगी। किसी काम में निवेश करना पड़े तो दिल खोलकर करें तो आपको आगे चलकर बहुत फायदा होगा।

### मिथुन
आज सावधानी से बिताने की सलाह है। फिजूल के खर्चों से बचना अच्छा रहेगा। अगर आप किसी बीमारी से परेशान हैं, तो उनकी तकलीफ बढ़ सकती है। सामाजिक कार्यों में रुकावट आ सकती है और उन्हें नुकसान हो सकता है।

### तुला
आज दिन शुभ है। करियर में उन्नति और सम्मान दोनों मिल सकते हैं। उच्च अधिकारियों से सहयोग मिलेगा और प्रमोशन की भी संभावना है। जो लोग व्यापार कर रहे हैं उन्हें नई डील मिल सकती है। आर्थिक दृष्टि से आय के नए स्रोत बन सकते हैं। संपत्ति से जुड़े मामलों में सफलता मिलेगी। कोई रुका हुआ भुगतान या उधार राशि मिल सकती है।

### वृश्चिक
आज दिन मिला-जुला रहेगा। कामकाज में सफलता मिलेगी, परंतु कुछ विरोधियों से सावधान रहने की जरूरत है। ऑफिस में राजनीति से दूर रहें। व्यवसाय में किसी महत्वपूर्ण ग्राहक से लाभ मिल सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी लेकिन अनावश्यक खर्चों से बचें। परिवार के आर्थिक मामलों में व्यावहारिक दृष्टिकोण रखें। निवेश करने से पहले सही सलाह लें तो आपको धन लाभ होगा।

### धनु
आज दिन करियर में नयापन लाएगा। आप किसी नए प्रॉजेक्ट या योजना में हाथ डाल सकते हैं, जो आगे चलकर लाभकारी साबित होगा। आपकी सोच में मौलिकता और नवाचार की झलक होगी। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी लेकिन घर के किसी सदस्य के कारण खर्च बढ़ सकता है। नौकरी में बदलाव के बारे में विचार कर सकते हैं। किसी वरिष्ठ से मार्गदर्शन लें।

### कर्क
आज कठिन परिश्रम का फल मिलेगा। कार्यस्थल पर आपका प्रभाव बढ़ेगा। सहकर्मियों से भी सहयोग मिलेगा। व्यापार में धन लाभ की संभावना है, विशेष रूप से कृषि, शिक्षा या फार्मा सेक्टर से जुड़े लोगों को। खर्च अधिक हो सकता है, विशेषकर स्वास्थ्य पर। पत्नी या परिवार के किसी सदस्य के इलाज में धन खर्च संभव है।

### सिंह
आज दिन सकारात्मक है। करियर में नए अवसर मिलेंगे। इंटरव्यू या प्रेजेंटेशन में सफलता मिलेगी। व्यापारी वर्ग को सरकारी योजनाओं या बैंक से आर्थिक सहायता मिल सकती है। संपत्ति या जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों में लाभ के संकेत हैं। पुराने निवेशों से भी रिटर्न मिलने की संभावना है। कोई नया व्यापारिक समझौता लाभदायक रहेगा।

### कन्या
आज धैर्य और विवेक से काम लेने का दिन है। व्यापार में उतार-चढ़ाव संभव है, लेकिन शाम तक स्थितियां अनुकूल हो जाएंगी। करियर में कोई पुराना विवाद सुलझ सकता है। कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामलों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से सावधानी रखनी होगी।

### मकर
आज करियर में संतुलन बनाए रखना होगा। काम का दबाव हो सकता है, लेकिन उसका सकारात्मक परिणाम भी मिलेगा। व्यापार में छोटे-छोटे निवेश आगे चलकर बड़ा लाभ दे सकते हैं। परिवार में किसी जिम्मेदारी के चलते अनचाहे खर्च हो सकते हैं। ससुराल पक्ष से मान-सम्मान और कुछ आर्थिक सहयोग मिल सकता है।

### कुंभ
आज दिन करियर और धन के मामले में शुभ है। नौकरी में पदोन्नति या नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। व्यवसाय में तेजी आने की संभावना है। आपकी समझदारी से आपको आर्थिक लाभ मिलेगा। धार्मिक कार्यों में खर्च हो सकता है लेकिन वह मानसिक शांति देगा। कोई रुका हुआ भुगतान मिल सकता है। निवेश करने के लिए दिन अनुकूल है। आपका दिन उन्नति से भरा होगा।

### मीन
आज कार्यस्थल पर सराहना मिलेगी। अटका हुआ कार्य पूरा होगा और आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापारी वर्ग को रुकी हुई डील पूरी होने की संभावना है। सामाजिक पहचान बढ़ेगी, जिससे नए क्लाइंट्स से संपर्क बनेगा। धन लाभ की संभावना है, साझेदारी में काम करने वाले लोग स्पष्ट संचार रखें तो आपके लिए आने वाले समय में लाभ के योग बनेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## संक्षिप्त समाचार

### अब याचना नहीं रण होगा : चंपाई सोरेन

**पूर्वी सिंहभूम, एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के नाम संबोधन का समर्थन करते हुए इसे नए भारत का दृढ़ निश्चय बताया है। अपने एक्स पोस्ट में चंपई सोरेन ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब आतंकवाद को किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने लिखा कि पाकिस्तान से कोई भी बातचीत केवल पाक अधिकृत कश्मीर और आतंकवाद के मुद्दे पर होगी। मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का हवाला देते हुए चेतावनी दी कि भविष्य में भारत पर हमला करने की कोशिश करने वाले आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारा जाएगा, चाहे सीमाएं बीच में हों या नहीं ।प्रधानमंत्री ने यह भी साफ किया कि परमाणु हथियारों के नाम पर भारत को ब्लैकमेल नहीं किया जा सकता। आतंक और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते, और अब पानी और खून भी एक साथ नहीं बहेंगे, यह बयान उन्होंने दृढ़ता से दिया। सोरेन ने कहा कि यह कोई कोरी घोषणा नहीं, बल्कि भारत की नई रणनीतिक सोच है, जिसे पूरी दुनिया ने हाल के दिनों में देखा है। हमारी सेनाएं देश की सुरक्षा में पूरी तरह सक्षम हैं।

### पांच से ज्यादा चालान पेंडिंग, तो वाहन जब्त होगा

**रांची, एजेंसी।** ट्रैफिक पुलिस की सख्ती के बावजूद बाइक व स्कूटी सवार शहर में यातायात नियमों का पालन करने के लिए तैयार नहीं हैं। जान की परवाह किए बगैर सड़कों पर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए गाड़ियां चला रहे हैं। वाहन सवार का चालान भी कट रहा है, लेकिन फाइन की राशि वह जमा नहीं कर रहे हैं। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस अभियान चलाकर वैसे वाहन सवार को चिह्नितकर रही है, जिनका पांच से ज्यादा चालान पेंडिंग है। इनकी गाड़ी जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। शहर के आठ लोकेशन पर सोमवार को अभियान चलाकर ऐसी 20 बाइकों को जब्त कर संबंधित ट्रैफिक थाने में भेज दिया गया है। जब्त वाहन के मालिक को अब गाड़ी के पूरे कागजात के साथ ट्रैफिक थाना बुलाया गया है, जहां जांच के बाद फाइन की पूरी राशि जमा करने का निर्देश दिया जाएगा। फाइन की पूरी राशि जमा करने के बाद ही ट्रैफिक पुलिस वाहन छोड़ेगी। सेवानिवृत्त डीजीपी, एमपी, अन्वेष मंगलम का कहना है कि आंकड़ों पर गौर करें, तो अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 तक ट्रैफिक पुलिस ने 3 ।14 लाख बाइक सवार को बगैर हेलमेट पहने गाड़ी चलाते हुए पकड़ा है। जिसके बाद उनका फाइन काटा गया है। इसके अलावा नो पार्किंग जोन में खड़े 18 हजार वाहन सवारों का भी चालान काटा गया है।

### हत्या के जुर्म में 11 साल जेल में बिताने के बाद सत्यनारायण साहू बरी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट ने हत्या के जुर्म में दोषी ठहराए गए हटिया निवासी सत्यनारायण साहू और सबीना परवीन को बरी कर दिया है। दरअसल रांची सिविल कोर्ट ने 31 जुलाई 2014 को सत्यनारायण साहू को उसकी प्रेमिका सबीना के पति अफरोज खान की हत्या में सत्यनारायण को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। सिविल कोर्ट के फैसले के कुछ वर्षों बाद सबीना को हाईकोर्ट से बेल मिल गयी थी। लेकिन सत्यनाराण साहू लगभग 11 वर्षों से जेल में था। सत्यनारायण साहू और सबीना परवीन ने रांची सिविल कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए क्रिमिनल अपील दाखिल की थी। जिसपर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस राजेश कुमार की खंडपीठ में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष साबित नहीं कर पाया कि अफरोज खान की हत्या में सत्यनारायण साहू और सबीना परवीन की मिलीभगत थी और दोनों ने षड्यंत्र रचकर उसकी हत्या की ।हालांकि चार्जशीट में पुलिस ने इस बात का जिक्र किया था कि सत्यनारायण साहू और सबीना परवीन की फोन पर अक्सर बातचीत होती थी। लेकिन पुलिस कोई ऐसा ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाई, जिससे यह साबित हो कि इन्हीं दोनों ने अफरोज की हत्या की है। हाईकोर्ट के इस आदेश से सत्यनारायण साहू को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि सिविल कोर्ट के फैसले के बाद उसे करीब 11 वर्षों तक जेल की काल कोठरी के पीछे रहना पड़ा। सत्यनारायण साहू और सबीना परवीन की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता सूरज वर्मा और अधिवक्ता जितेंद्र सिंह ने बहस की। वहीं राज्य सरकार की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रिय श्रेष्ठ और नेहाला शरमीन ने पक्ष रखा।

# फर्जीवाड़ा कर बेची 1.34 एकड़ जमीन, अब डीड रद के लिए कोर्ट दौड़ रहे मालिक

**रांची, एजेंसी।** रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र स्थित मायल मौजा में 3.5 एकड़ जमीन की हेराफेरी का मामला सामने आया है। इस 3.5 एकड़ जमीन में 1.34 एकड़ जमीन की जालसाजी कर खरीद-बिक्री किए जाने के मामले में रैयत अब डीड रद कराने के लिए कोर्ट की दौड़ लगा रहे हैं।

रैयत अब ईडी में भी इसकी शिकायत करने जा रहे हैं। ईडी राज्य में जमीन घोटाला मामले की जांच कर रही है। रांची के बाद बोकारो में वन भूमि घोटाले की जांच कर रही ईडी रामगढ़ के इस मामले को भी अपने अधीन ले सकती है।

रामगढ़ के रजरप्पा थाना क्षेत्र में 1.34 एकड़ जमीन का यह मामला मायल मौजा के खाता नंबर 157 व 535 से संबंधित है। इस मामले में रैयत चितरपुर निवासी शंकर कुमार चौरसिया ने 30 जनवरी 2025 को एक साजिश के तहत जमीन हड़पने के मामले में रजरप्पा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

उन्होंने साजिश रचने व धोखाधड़ी का



आरोप रजरप्पा थाना क्षेत्र के सांडी गांव निवासी गोपाल चौधरी, रजरप्पा थाना क्षेत्र के चितरपुर निवासी पवन कुमार शर्मा तथा रजरप्पा के ही मारंग मरचा स्थित हरकी पौंडी कंस्ट्रक्शन के निर्देशक हर्ष कुमार चौधरी पर लगाया था।

हर्ष कुमार चौधरी की जमानत याचिका निचली अदालत से इस बिंदु पर खारिज हो चुकी है कि उन्होंने जमीन खरीदने के लिए तीन चेक से 67 लाख 25 हजार रुपये रैयत को दिए जाने का जिक्र किया था, लेकिन उस अवधि में उनके खाते में केवल 45 हजार 700 रुपये ही थे।

कोर्ट ने इसी बिंदु को पकड़ा और उनकी जमानत याचिका खारिज की। वे फिलहाल, पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं।शिकायतकर्ता शंकर कुमार चौरसिया ने रजरप्पा थाने में दर्ज प्राथमिकी में जानकारी दी है कि उन्होंने 19 जून 2023 को गोपाल चौधरी व पवन कुमार शर्मा के साथ उनकी 3.5 एकड़ जमीन के पावर के लिए निबंधित एकरारनामा किया था। इसमें किसी तरह का कोई लेन-देन नहीं हुआ था।

इकरारनामा में यह स्पष्ट रूप से निर्देशित था कि आरोपित जब भी उक्त संपत्ति की बिक्री करते हैं तो जमीन मालिक को उसकी कुल कीमत अदा करेंगे। जब दोनों के गलत क्रियाकलाप की उन्हें जानकारी हुई तो उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से 19 दिसंबर 2024 को पावर वापस लेने व उसका उपयोग नहीं करने के लिए निर्देशित किया।

इसके बावजूद सभी आरोपितों ने रैयत के नोटिस की अवहेलना कर 1.34 एकड़ जमीन की कुल कीमत 1,27,77,500 रुपये का भुगतान भी नहीं किया और एक साजिश के तहत जमीन हड़प ली।

## जल्द ही खराब पड़े चापाकल को ठीक कराया जाएगा : बीडीओ



**सिसई, एजेंसी।** सिसई के 18 पंचायत के 88 गांवों में नदी, तालाब, कुआं व चापानल सुखने लगा है। जगह-जगह पर जलमीनार खराब हो गया है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर जल नल योजना भी विफल साबित हो रहा है। जिसके वजह से प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में लोग आज भी शुद्ध पानी पीने के लिए तरस रहे हैं। पेयजल आपूर्ति योजनाएं फाइलों पर ही धरी के धरी रह गई है। भीषण गर्मी के कारण अधिकतर जलस्रोत सुख चुके हैं। जो नहीं सूखे हैं वहां भी जलस्तर काफी नीचे चला गया है। वहीं चापानलों का हाल भी बेहाल हो गया है। जिसके वजह से प्रखंड के ग्रामीणों को एक घड़ा पानी लेने के लिए घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ता है जब जाकर पानी नसीब होता है। सिसई प्रखंड की आबादी लगभग डेढ़ लाख के आसपास है।

जहां प्रखंड की पूरी आबादी की प्यास बुझाने के लिए 2228 चापानल लगाया गया है। इनमें से आधे से अधिक चापानल खराब पड़े है। हांलाकि सरकारी आंकड़ों के अनुसार 218 चापानल पूरी तरह से खराब हो चुके है। वहीं 91 चापानल से गंदा पानी निकलता है और 420 चापानलों को मरम्मत की जरुरत है। लोगों का कहना है कि चापानल में बमुश्किल से 10 से 15 बाल्टी ही पानी निकलता है।

## पलामू के सरकारी अस्पताल में सब स्टैंडर्ड दवा की सप्लाई, 20 में से 18 दवाइयां घटिया निकली

**रांची, एजेंसी।** राज्य के सरकारी अस्पतालों में सब-स्टैंडर्ड क्वालिटी की दवाइयों की सप्लाई हो रही हैं। इसका खुलासा पलामू में स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाओं की जांच कराने पर हुआ है। जिला भंडार और एक पीएचसी से 62 दवाओं के रैंडम सैंपल लिए गए थे। सैंपलों को जांच के लिए कोलकाता के सेंट्रल ड्रग लेबोरेट्री में भेजा गया था। सिर्फ 20 सैंपल की जांच रिपोर्ट में 18 दवाइयां सब-स्टैंडर्ड क्वालिटी की मिलीं। 42 सैंपलों की रिपोर्ट अभी आनी बाकी है। चिकित्सकों के अनुसार, ऐसी सब-स्टैंडर्ड दवाइयां लेने से बीमारी ठीक नहीं होती, लेकिन दूसरी बीमारी या अन्य साइड इफेक्ट जरूर होने लगते हैं। इधर, 20 दवाइयों की रिपोर्ट आने के बाद दवा सप्लाई करने वाली एजेंसी से अस्पतालों में इन दवाइयों की सप्लाई रोक दी गई है। ये दवाइयां गुजरात की फार्मा कंपनी द्वारा निर्मित है। जिसे जमशेदपुर के सप्लायर द्वारा पलामू में सप्लाई किया गया था।

कैल्शियम की दवा में कैल्शियम व विटामिन में विटामिन की मात्रा 5त्न भी नहीं मिलीसभी दवाइयों के सैंपल फरवरी में ही जांच के लिए भेजे गए थे। रिपोर्ट आने के बाद इन दवाइयों के वितरण को रोकने के लिए सिविल सर्जन को पत्र लिखा गया है। सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने बताया कि इन दवाइयो का वितरण किसी अस्पताल से मरीजों के बीच नहीं किया गया है।

औषधि निरीक्षक कैलाश मुंडा ने बताया कि जिला भंडार गृह से 47 और तरहसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से 15 दवाइयों का सैंपल जांच के लिए कोलकाता में स्थित केन्द्रीय प्रयोगशाला भेजा गया था। जहां से 62 में से 20 दवाइयों की रिपोर्ट मिल गई है। इनमें 18 दवाइयां घटिया क्वालिटी की हैं। ये सभी दवाइयां कैल्शियम कार्बोनेट और विटामिन डी थ्री कंपोजिशन बताकर सप्लाई की गई थीं। लेकिन, इनमें कैल्शियम व विटामिन की मात्रा 5त्न भी नहीं मिली। फरवरी में ही जांच के लिए भेजे गए थे सैंपलसभी दवाइयों के सैंपल फरवरी में ही जांच के लिए भेजे गए थे।

# कोडरमा में हाथी के हमले से बुजुर्ग की मौत

## बहुभोज से लौटने के दौरान हाथी ने किया हमला

**कोडरमा, एजेंसी।** कोडरमा जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के सरमाटांड़ स्टेशन के पास सोमवार देर रात हाथी के हमले में सतडीहा गांव निवासी 62 वर्षीय किसान बासुदेव यादव की मौत हो गई। वे बेटे और भाई के साथ पड़ियाडीह गांव में आयोजित एक बहुभोज से लौट रहे थे। रात करीब 12 बजे उनकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया, जिसके बाद तीनों ने फुट ओवर ब्रिज से पैदल सफर शुरू किया। इसी दौरान झाड़ियों से निकले एक जंगली हाथी ने उन पर हमला कर दिया।

### सूंड से लपेट कर पटक डाला

बेटा और भाई तो किसी तरह जान बचाकर भाग निकले, लेकिन बासुदेव भाग नहीं सके। हाथी ने उन्हें सूंड से उठाकर पटक दिया और कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने हाथी को भगाने की कोशिश की। उन्होंने मशाल जलाकर जानवर को दूर भगाया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही जयनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेजा। इधर घटना के बाद गांव में मातम



पसरा है। मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बासुदेव यादव खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे।

### वन विभाग ने दी 25 हजार की सहायता

घटना की सूचना के बाद जयनगर वन प्रक्षेत्र के रेंजर रविन्द्र कुमार मृतक के घर पहुंचे और तत्काल सहायता के रूप में मृतक के बेटे को 25 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी। कोडरमा डीएफओ सौमित्र शुक्ला ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं में कुल 4 लाख रुपए मुआवजे का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी होते ही शेष मुआवजा भी परिजनों को उपलब्ध कराया जाएगा।

### इलाके में हाथियों का आतंक जारी

बताते चलें कि पिछले दो महीनों से कोडरमा क्षेत्र में हाथियों का आतंक बना हुआ है। हाथियों का झुंड गांवों में घुसकर किसानों की फसलें बर्बाद कर रहा है, झोपड़ियों को तोड़ रहा है और अनाज नष्ट कर रहा है। वन विभाग की तमाम कोशिशों के बावजूद हाथियों को आबादी वाले इलाकों से दूर नहीं किया जा सका है। वन विभाग ने आश्वासन दिया है कि हाथियों के झुंड को क्षेत्र से हटाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**कोडरमा में अज्ञात ट्रेन से कटा युवक**

## घर में बिना बताए निकला, पटरियों में मिली बॉडी, परिजनों ने कहा - हत्या हुई

**कोडरमा, एजेंसी।** कोडरमा जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह रेल लाइन के चैनपुर के समीप अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान डोमचांच थाना क्षेत्र के चैनपुर निवासी 30 वर्षीय मदन दास के रूप में हुई है। घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने बताया कि मदन सोमवार की शाम करीब 4 बजे घर से निकले थे। जब वे देर रात तक घर से नहीं लौटे तो इन लोगों ने उनकी खोजबीन शुरू कर दी लेकिन इनका कहीं कुछ पता नहीं चला।

### पटरियों में मिली बॉडी

आज सुबह करीब 9 बजे परिजनों को पता चला कि मदन रेलवे लाइन के किनारे पड़े हुए हैं। इधर परिजनों ने बताया कि इनकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से नहीं हुई है। बल्कि इनकी हत्या कर इसे रेल दुर्घटना का रूप दिया जा रहा है। मृतक के पिता रामचंद्र दास और उसके मौसेरे भाई सोनू ने बताया कि सोमवार की सुबह करीब 10 बजे गांव के ही राजू दास नाम का एक व्यक्ति मदन से उनके घर पर आया था। जिसके बाद शाम को करीब 4 बजे मदन घर में किसी को बिना कुछ बताए निकल गया था।

### पटरियों पर मिला फोन और हेडफोन

वहीं आसपास मौजूद लोगों का कहना है कि मदन हादसे का शिकार हो गया होगा। रेल पटरी पर



गिरे मोबाइल फोन और इयरफोन को देखकर ऐसा लगता है कि व्यक्ति अपने कान में हेडफोन लगाए हुए रेल पटरी पार करने की कोशिश कर रहा होगा। इसी बीच ट्रेन की चपेट में आ गया होगा। हादसे के बाद उसका दाहिना पैर कट गया और उसकी मृत्यु हो गई होगी। इधर घटना की सूचना डोमचांच पुलिस को दे दी गई है।

# परमवीर अब्दुल हमीद के नाम पर चौक, पर सुंदरीकरण वर्षों से अधूरा

**रांची, एजेंसी।** कांटाटोली स्थितअब्दुल हमीद चौक बरसों से सौंदर्यीकरण की राह देख रहा है। 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में दुश्मनों को धूल चटाने वाले वीर अब्दुल हमीद 10 सितंबर, 1965 युद्ध के दौरान शहीद हो गए थे। मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित अब्दुल हमीद की शहादत के आगे जहां पूरा भारत नतमस्तक है, वहीं कांटाटोली में उनको समर्पित अब्दुल हमीद चौक की बदहाली पर सरकार बेखबर है।

यहां के लोग उनको सम्मान देने के लिए 1965 के बाद से लगातार इस चौक पर परमवीर अब्दुल हमीद का शहादत दिवस मनाते आ रहे हैं। परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक समिति के अध्यक्ष मुन्ना भाई और सचिव मोहम्द शहाबुद्दीन के अनुसार 1987 में परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक समिति का गठन किया गया था। तब से लेकर आज तक इसी समिति के अंतर्गत प्रति वर्ष परमवीर अब्दुल हमीद की जयंती 1 जुलाई को और शहादत दिवस 10 सितंबर को मनाया जाता है। शहादत दिवस में कई बार ऐसे मौके आए हैं जिसमें परमवीर शहीद अब्दुल हमीद के परिवार से उनकी स्वर्गवासी प7ी रसूलन बीबी और बेटा तलत महमूद और पोता वसीम आते रहे हैं। इसके अलावा सेना के उच्च अधिकारी



भी कांटा टोली स्थित स्मारक स्थल पर अपनी हाजिरी देते रहे हैं। अब्दुल हमीद स्मारक समिति अपने कार्यक्रम में सभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं को भी बुलाते रहे हैं। 2024 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं राज्यसभा सांसद महुआ मांजी ने भी स्मारक स्थल का शिलान्यास किया।

करीब 40 वर्षों से समिति केवल आश्वासन ही सुनती आई है। अब तक किसी ने भी परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक स्थल का जीर्णोद्धार एवं सुंदरीकरण करने की जिम्मेदारी नहीं ली है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड के करीब सारे कैबिनेट मंत्री एवं 1989 में आरआरडीए के अध्यक्ष रहे नज्म अंसारी भी आ चुके हैं। लेकिन सभी ने केवल आश्वासन ही दिया है।

सेना के उच्च अधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा एवं गवर्नर को भी लिखित आवेदन देकर स्मारक स्थल का जीर्णोद्धार करने का आग्रह किया था। पूर्व मेयर रमा खालको ने जब मेयर का पदभार संभाला था तब समिति के लोगों के आग्रह को स्वीकार करते हुए चौक के नामकरण को बोर्ड से पारित कर स्वीकृति प्रदान की थी।

समिति के प्रधान महासचिव अधिवक्ता अख्तर हुसैन ने कहा कि हमारी समिति परमवीर अब्दुल हमीद का सम्मान चाहती है। वर्तमान हेमंत सरकार को चाहिए कि परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक स्थल को सुंदरता प्रदान करे एवं कांटा टोली फ्लाईओवर का नाम परमवीर अब्दुल हमीद के नाम पर करने की घोषणा करे।

# सड़क निर्माण के कारण कई वाटर कनेक्शन कटे, लोगों की बढ़ी परेशानी

## साढ़े आठ करोड़ रुपए से निर्माण की गई थी कुडू ग्रामीण जलापूर्ति योजना

**लोहरदगा, एजेंसी।** एक तरफ करोड़ों की लागत से सड़क निर्माण और नाली निर्माण कर विकास के कार्य किए जा रहे है। वहीं दूसरी ओर विकास कार्य के नाम पर सड़क चौड़ीकरण और नाली निर्माण कर रही एजेंसी के द्वारा ब्लॉक मोड़ से इंदिरा गांधी चौक तक सड़क के दोनों ओर पेयजलापूर्ति के बिछाए गए सैकड़ों लोगों के वाटर कनेक्शन के पाइप को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। नतीजा साढ़े आठ करोड़ की लागत से निर्माण किया गया कुडू ग्रामीण जलापूर्ति योजना पर ग्रहण लग गया है।

वहीं सैकडों वाटर कनेक्शनधारियों के समक्ष विकट परिस्थिति उत्पन्न हो गई है। मामला यह है कि नेशनल हाइवे 143 ए में कुडू से घाघरा तक सड़क चौड़ीकरण और नाली निर्माण कर रही है निर्माण कार्य कर रही वीकेएस कंट्रक्सन कंपनी और एनएचएआई के लापरवाही से कुडू शहरी क्षेत्र में सैकडों



लोगों को पेयजलापूर्ति के लिए वाटर कनेक्शन के पाइप क्षतिग्रस्त कर दिया है। सड़क निर्माण कर रही एजेंसी ब्लॉक मोड़ से इंदिरा गांधी चौक तक सड़क के दोनों ओर वाटर कनेक्शन को क्षतिग्रस्त कर दिया है। वही पेयजलापूर्ति के बिछाया गया पाइप लाइन को मशाला युक्त चिप्स से भर कर सड़क कालीकरण कर दिया जा रहा है। जिसके कारण भविष्य में कुडू वासियों को पेयजलापूर्ति योजना का लाभ से भी वंचित होना पड़ रहा है। एक ओर जहां विकास के कार्य किए करोड़ो खर्च किए जा रहे है वही दूसरी ओर हजारों लोगों को प्यास बुझाने वाला करोड़ों रुपए का योजना को ध्वस्त किया जा रहा है। इस भीषण गर्मी में पेयजल के लिए हाहाकार मचा है दूसरी ओर स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रखंड प्रशासन और पीएचईडी विभाग को वाटर कनेक्शन क्षतिग्रस्त होने सूचना भी नहीं है।

नाली निर्माण के बाद कुडू शहरी क्षेत्र में कंपनी ने सड़क निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया है।जिसके कारण शहरी क्षेत्र के दुकानदारों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को दुरुस्त कराने में पीएचईडी विभाग आंखे मूंदे है। मामले पर बीडीओ सह सीओ मधुश्री मिश्रा ने कहा सड़क निर्माण कार्य कर रही कंपनी के लापरवाही से पेयजलापूर्ति बाधित हुआ है तो मामले की जांच कराएंगे। एनएचआई के एमडी से बात की जाएगी।

## जम्मू कश्मीर से फर्जी लाइसेंस बना हथियार खरीदा, रांची में कर रहा था गनमैन की नौकरी, गिरफ्तार

**रांची, एजेंसी।** एसटीएफ बिहार की टीम ने रांची में छापेमारी कर अंतरराज्यीय हथियार तस्कर रामपुकार राय को गिरफ्तार किया है। वह फर्जी आर्म्स लाइसेंस के आधार पर हथियार और गोलियां खरीद कर बिहार में तस्करी करता था। रामपुकार राय, भोजपुर जिले के शाहपुर का रहने वाला है। वह वर्तमान में रांची के करमटोली, सीताकुंज अपार्टमेंट में रह रहा था और रांची में गनमैन की नौकरी कर रहा था।

उसके पास से 0.315 बोर की मोडिफाइड रायफल, 83 कारतूस, बीएसएफ का फर्जी आईडी कार्ड, फर्जी सर्विस सर्टिफिकेट, फर्जी आर्म्स लाइसेंस, गोलियों की रसीदें सहित कई अन्य सामान पुलिस ने जब्त किए हैं। रांची के लालपुर थाना में एसटीएफ के दारोगा राजीव कुमार यादव ने जो प्राथमिकी दर्ज कराई है, उसके आधार पर लालपुर थाना की पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। वहीं उसके भाई जयपुकार राय के विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसके अनुसार, 16 अप्रैल 2023 को आरा रेल थाना कांड संख्या 58/23 में गिरफ्तार अभियुक्तों से जब्त हथियारों की जांच में रामपुकार का नाम सामने आया था। जांच में पता चला कि उसने अमृतसर, पंजाब के एस. जसवंत सिंह एंड कंपनी से फर्जी लाइसेंस पर हथियार खरीदे।

तकनीकी विश्लेषण के आधार पर एसटीएफ की टीम 7 मई को रांची पहुंची। कोतवाली थाना रांची और जिला शस्त्र पदाधिकारी रांची के सहयोग से रामपुकार के लाइसेंस की जांच की गई। जांच में पता चला कि उसका लाइसेंस जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले से 16 जनवरी 2018 को जारी हुआ था। रामपुकार ने बताया कि उसने अपने भाई जयपुकार राय के सहयोग से एक लाख रुपए में जम्मू-कश्मीर के एक दलाल से फर्जी लाइसेंस बनवाया था।गिरफ्तार रामपुकार ने बताया कि झांसी गन हाउस, उत्तरप्रदेश से फर्जी आधार कार्ड और फर्जी नाम संजय तिवारी के नाम पर .315 बोर की रायफल और 50 चक्र गोली खरीदी थी। रामपुकार के कमरे की तलाशी में 0.315 बोर की मोडिफाइड रायफल, 83 कारतूस, बीएसएफ का फर्जी आईडी कार्ड, फर्जी सर्विस सर्टिफिकेट, फर्जी आर्म्स लाइसेंस आदि बरामद हुए।

## संक्षिप्त समाचार

## बिजली खरीद में फिक्स चार्ज पर खर्च होगा 51 फीसदी

### अब 22 मई को नियामक आयोग करेगा सुनवाई

**लखनऊ, एजेंसी।** पॉवर कॉर्पोरेशन की ओर से दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्यकता में बिजली खरीद में 51 फीसदी फिक्स चार्ज और 49 फीसदी फ्यूल चार्ज रखा गया है। इसी तरह जल विद्युत खरीद प्रस्ताव को चार हजार से बढ़ाकर छह हजार मेगावाट कर दिया गया है। अब इस मामले में 22 मई को नियामक आयोग सुनवाई करेगा। वर्ष 2025-26 के बिजली खरीद में फिक्स चार्ज के रूप में 45614 करोड़ और 43141 करोड़ फ्यूल चार्ज प्रस्तावित किया गया



है। उपभोक्ताओं के लिए करीब 88755 करोड़ की बिजली खरीद का प्रस्ताव है। बिना टैरिफ बढ़ोतरी के राजस्व प्राप्ति का आकलन करीब 85041 करोड़ रुपये बताया गया है।

वहीं, सभी बिजली कंपनियों ने निजीकरण के पहले वर्ष 2028 तक के लिए 4000 मेगावाट जल बिजली खरीदने के लिए टेंडर जारी करने का प्रस्ताव बनाकर नियामक आयोग को भेजा है। अब प्रस्ताव में बदलाव करके जल बिजली खरीद 6000 मेगावाट कर दिया गया है। खरीद वर्ष 2032 तक के लिए इसे प्रस्तावित किया गया है। अब पूरे मामले में नियामक आयोग 22 मई को सुनवाई कर कॉर्पोरेशन से इस बढ़ोतरी के बारे में पूछेगा।

### उपभोक्ताओं पर बढ़ेगा भार

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पॉवर कॉर्पोरेशन ने फिक्स चार्ज में 51 फीसदी रखा है यानी जिस उत्पादन इकाई से समझौता किया गया है, उससे बिजली खरीद की जरूरत हो या न हो, लेकिन उसे तय फिक्स चार्ज का भुगतान करना ही होगा। इसका सीधा असर उपभोक्ताओं पर भार बढ़ोतरी के रूप में पड़ेगा। निगमों का घाटा भी बढ़ना तय है।

## 10 विदेशी भाषाओं में होगा यूपी की खूबसूरती का बखान

### शॉर्ट फिल्मों से होगी पर्यटक सर्किट की ब्रांडिंग

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में पर्यटन विभाग प्रदेश के पर्यटक आकर्षणों को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने के लिए एनामॉर्फिक फिल्मों का निर्माण कराएगा। इस परियोजना में प्रदेश के 12 प्रमुख पर्यटक सर्किट को दो मिनट की शॉर्ट फिल्मों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। हर



फिल्म में छह सर्किट को शामिल किया जाएगा। इसमें सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक महत्व को रचनात्मक और दृश्य के माध्यम से उभारा जाएगा। इन फिल्मों को 10 विदेशी भाषाओं (फ्रेंच, स्पेनिश, जर्मन, इतालवी, रूसी, पुर्तगाली, अरबी, थाई, जापानी और कोरियाई) में डब किया जाएगा। ताकि वैश्विक दर्शकों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित हो सके। फिल्में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार कराई जाएंगी। संबंधित एजेंसी को यह काम 120 दिनों में पूरा करना होगा।

### धान खरीद घोटाला: एसआईटी जांच में होश उड़ाने वाला खुलासा

# जिले से लेकर पीसीएफ मुख्यालय तक के अफसर नपेंगे

**लखनऊ, एजेंसी।** प्रादेशिक कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड में धान खरीद घोटाले के तार जिलों से लेकर प्रदेश मुख्यालय तक जुड़े हैं। एसआईटी जांच में इसके भी सुबूत मिले हैं। मामले की जांच आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) को सौंपे जाने के बाद अमित चौधरी से जुड़े अफसर भी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं। इसी तरह तत्कालीन एसडीएम, एडीएम और लेखपाल पर भी गाज गिर सकती है, क्योंकि उस वक्त किसान सत्यापन का कार्य इन्हीं के जिम्मे था।

वर्ष 2023-24 में धान खरीद घोटाले की जड़ें काफी गहरी हैं। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बस्ती के जिला प्रबंधक रहते अमित चौधरी को पहले सिद्धार्थनगर का चार्ज दिया गया। फिर सिद्धार्थनगर में नियमित करके बस्ती का चार्ज थमा दिया गया। वह सिद्धार्थनगर ही नहीं बस्ती, संत कबीरनगर सहित अन्य जिलों में भी धान खरीद में चल रहे खेल को संचालित करता रहा। मामला सदन में उठने के बाद जांच शुरू हुई।

सूत्रों के मुताबिक एसआईटी की जांच में जिला प्रबंधक के साथ ही अकाउंटेंट परमानंद उपाध्याय, छह क्रय केंद्र प्रभारी, धान ढुलाई में लगे ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जांच के दौरान पता चला कि 37 क्रय केंद्र पर धान खरीद में घालमेल किया गया। जांच में



लगी पुलिस ने करीब 4200 किसानों के खातों की पड़ताल की है। इसमें पता चला कि कई किसानों ने 63 बार धान बेचा है। इनके खाते एक ही हैं, लेकिन ओटीपी के लिहाज से मोबाइल नंबर बदल-बदल कर प्रयोग किया गया है।

**एसडीएम के पास थी सत्यापन की जिम्मेदारी-** धान बिक्री के संबंध में किसान के ऑनलाइन आवेदन पर लेखपाल रिपोर्ट लगाता है। पांच हेक्टेयर से कम भूमि वालों का सत्यापन एसडीएम और इससे अधिक भूमि वाले किसानों का सत्यापन एडीएम करते हैं। ऐसे में ईओडब्ल्यू की जांच के दायरे में लेखपाल, एसडीएम और एडीएम भी आएंगे।

**खरीद हुई नहीं, ढुलाई में लाखों खर्च-** धान खरीद में पीसीएफ के अधिकारियों के साथ ही क्रय केंद्र प्रभारियों और ढुलाई में लगे ठेकेदारों की भी मिलीभगत रही। बिना धान खरीदे ही ढुलाई के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए गए है। जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि ढुलाई में 10 ठेकेदार काम कर रहे थे। इसमें से दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई और वे जेल में हैं। इसी तरह 37 क्रय केंद्रों में से छह केंद्र प्रभारियों को भी जेल भेजा जा चुका है। अब अन्य क्रय केंद्रों से जुड़े डाटा की भी पड़ताल की जा रही है। इन केंद्रों के दस्तावेज और यहां धान बेचने वाले किसानों का सत्यापन किया जा रहा है। पुलिस अकाउंटेंट की तलाश में लगी है। उसके लखनऊ स्थित आवास पर भी छापे मारे गए, लेकिन वह हाथ नहीं लगा।

**दोषियों के खिलाफ शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी-** मामले में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने बताया कि पीसीएफ के जिला प्रबंधक सहित अन्य लोगों को निलंबित कर जांच शुरू कराई गई। जिला प्रबंधक को बर्खास्त कर दिया गया है। अन्य दोषी विभागीय अधिकारियों के खिलाफ भी शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी।

### उन्नाव में चार हजार करोड़ का निवेश करेगा यूएई का शाही परिवार

# मछली पालन में यूपी बनेगा सबसे बड़ा गढ़



**लखनऊ, एजेंसी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का शाही परिवार उन्नाव में मत्स्य पालन में बड़ा निवेश करेगा। यूएई के शाही परिवार के सदस्य और एक्वॉब्रिज होल्डिंग्स के चेयरमैन शेख अहमद बिन मना बिन खलीफा अल मकतूम ने 461 मिलियन डॉलर (करीब 4000 करोड़ रुपये) के निवेश को मंजूरी दे दी है। दुबई में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने शेख मकतूम को राज्य सरकार की ओर से पूरे सहयोग का आश्वासन देते हुए यूपी आने का न्योता भी दिया। उन्नाव इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में होने वाले इस निवेश से राज्य में मत्स्य पालन को नई दिशा मिलेगी और यूपी बड़ा गढ़ बनकर उभरेगा। शाही परिवार की होल्डिंग कंपनी इस रकम का निवेश फिश हैचरी, फिश प्रोसेसिंग प्लांट, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और फिश फीड प्लांट में करेगी। पूरा प्रोजेक्ट यूपी एग्रीज प्रोजेक्ट का हिस्सा होगा। इस बड़े प्रोजेक्ट को यूपी में लाने के लिए विश्व बैंक की भूमिका अहम रही। ऐसे ही एक प्रोजेक्ट में विश्व बैंक और शाही परिवार मॉरीशस में साथ काम कर रहे हैं। आठ मई को मुख्य सचिव ने दुबई यात्रा के दौरान अंतरराष्ट्रीय निवेश, रणनीतिक साझेदारी और एक्वॉकल्चर पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में कई बैठक कीं। प्रदेश सरकार के प्रयासों को वैश्विक मंच पर पेश करते हुए यूपी को एक भरोसेमंद निवेश गंतव्य के रूप में बताया। उन्होंने दुबई स्थित वॉटरफ्रंट मार्केट के आधुनिक माडल को देखा। ऐसा ही मॉडल यूपी में मत्स्य उत्पादन और विपणन के लिए विकसित किया जाएगा। यह मार्केट उत्पादकों और खरीदारों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और बेहतर मूल्य दिलाता है। प्रदेश में यह एक्वॉकल्चर ईकोसिस्टम लखनऊ में स्थापित करने पर विचार किया जा रहा है।

- **एक लाख मत्स्य पालकों को आधुनिक बनाया जाएगा-** समझौते का लक्ष्य एक लाख मत्स्य पालकों को अत्याधुनिक तकनीक में प्रशिक्षित करना है। अभी यूपी और बिहार में मत्स्य पालकों के पास मछली के 40 फीसदी बच्चे अवैध रूप से बांग्लादेश से आते हैं। लेकिन, अब यूपी मछली पालन का सबसे बड़ा गढ़ बनकर उभरेगा। उन्नाव में निवेश को अंतिम रूप देने से पहले शाही परिवार की कंपनी के विशेषज्ञों ने उन्नाव के पानी का परीक्षण भी किया था।

### यूपी की निवेश अनुकूल एफडीआई नीति पेश की गई

इस दौरान संयुक्त अरब अमीरात के मुख्य व्यापार मध्यस्थ एवं अर्थव्यवस्था मंत्रालय में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मामलों के सहायक अवर सचिव जुमा मोहम्मद अल कैत से मुलाकात की। यूएई निवेश मंत्रालय के निदेशक मो. जैनल अलजारूनी और एफडीआई विशेषज्ञ डैनियल रेयमंड सेलर्स के सामने यूपी की निवेश अनुकूल एफडीआई नीति पेश की गई।

### बिजली निजीकरण के मुद्दे पर प्रबंधन और समिति की बैठक बेनतीजा

# कर्मचारियों का आंदोलन आगे बढ़ना तय

**लखनऊ, एजेंसी।** राजधानी लखनऊ में सोमवार को बिजली निजीकरण के मुद्दे पर पॉवर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल और विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल के बीच हुई वार्ता बेनतीजा रही। इस मसले पर दोनों ने अलग-अलग तर्क दिए। ऐसे में अब बिजलीकर्मियों का आंदोलन आगे बढ़ना तय माना जा रहा है। 14 मई को समिति पदाधिकारी बैठक कर आगे की रणनीति का एलान करेंगे।

निजीकरण सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर शक्ति भवन में हुई बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने निजीकरण के प्रयोग को आगरा, ग्रेटर नोएडा और ओडिशा में विफल बताया। समिति ने पूर्व में हुए समझौतों का हवाला देते हुए सुधार शुरू करने की बात रखी और पूर्वांचल व दक्षिणांचल निगमों के निजीकरण को थोपने का आरोप लगाया। पदाधिकारियों ने बताया कि विद्युत उत्पादन निगम से वितरण निगमों को 4.17 रुपये और सेंट्रल सेक्टर से औसतन 4.78 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली मिलती है। निजी घरानों से 5.45 रुपये प्रति यूनिट की दर से तथा शॉर्ट टर्म पॉवर परचेज से 7.31 रुपये प्रति यूनिट बिजली खरीदी जा रही है। अन्य माध्यमों से 14.204 रुपये तक प्रति यूनिट की खरीद होती है। महंगी बिजली खरीदने की वजह से उत्पादन निगम की तुलना में लगभग 9521 करोड़ का अधिक भुगतान करना पड़ रहा है। समिति के प्रतिनिधिमंडल में शैलेंद्र दुबे, जितेंद्र सिंह गुर्जर, महेंद्र राय, पीके दीक्षित, सुहेल आबिद शामिल हुए।

### पॉवर कॉर्पोरेशन का तर्क, लगातार बढ़ रहा राजस्व गैप

बैठक के बाद पॉवर कॉर्पोरेशन एक बयान जारी किया। इसमें बताया गया कि ऊर्जा की आपूर्ति और प्राप्त होने वाले राजस्व में गैप लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2020-21 में 8000 करोड़ की सब्सिडी एंड लांस फंडिंग की गई, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 46000 करोड़ से अधिक हो गई। वर्ष 2026-27 में यह बढ़कर 60 हजार करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। पांच साल से बिजली दर नहीं बढ़ी हैं। अलग-अलग ऊर्जा स्रोतों से बिजली खरीद के समझौते अन्य प्रदेशों की अपेक्षा कम हैं। पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल निगमों की वाणिज्यिक मानक सबसे खराब है। पूर्वांचल में प्रति यूनिट विद्युत आपूर्ति पर 4.33 रुपये और दक्षिणांचल में 3.99 रुपये की हानि हो रही है।

# निजी प्रैक्टिस करने वाले दो चिकित्सा शिक्षक बर्खास्त

### सात अन्य चिकित्सक और दो ष्टस्ह्र पर भी कार्रवाई की तैयारी

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी के कानपुर स्थित गणेश शंकर विधार्थी मेडिकल कॉलेज (जीएसवीएम) के दो चिकित्सा शिक्षकों को प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया है। इसके अलावा सात डॉक्टर व दो सीएमओ के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी है।

जीएसवीएम के न्यूरो सर्जरी विभाग में सह आचार्य डॉ. राघवेंद्र गुप्ता और पैथोलॉजी विभाग में सहायक आचार्य डॉ. स्वप्निल गुप्ता पर प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप लगे थे। मामले की कानपुर मंडलायुक्त ने जांच कराई थी। इसमें प्राइवेट प्रैक्टिस की पुष्टि हुई। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के आदेश पर दोनों को बर्खास्त कर दिया गया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे चिकित्सा शिक्षकों की विभाग



में कोई जरूरत नहीं है। ऐसे ही कानपुर स्थित जेके कैंसर संस्थान के निदेशक पर आउटसोर्स मैनपावर की निविदा में लापरवाही के आरोप लगे हैं। उप मुख्यमंत्री ने बिड को निरस्त कर प्रमुख सचिव को संस्थान के निदेशक से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए हैं। इनके अलावा विभिन्न अस्पतालों में तैनात सात चिकित्सकों को आरोप पत्र देकर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

**गैरहाजिर डॉक्टरों की बर्खास्तगी की तैयारी-** सीतापुर की महमूदाबाद सीएचसी में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋतु रानी और बागपत जिला संयुक्त चिकित्सालय में एनस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. मोनू चौधरी लंबे समय से बिना बताए गैरहाजिर हैं। इन डॉक्टरों को एक माह का नोटिस देकर बर्खास्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

**दो सीएमओ को कारण बताओ नोटिस-** डिप्टी सीएम के आदेश पर कानपुर नगर के सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमि के खिलाफ अनियमितता व अन्य कई आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ऐसे ही फर्रुखाबाद के सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार से भी स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

## सौरभ हत्याकांड में बड़ा खुलासा

# ना किसी ने कत्ल होते देखा, ना मुस्कान-साहिल ने किसी की मदद ली

**मेरठ, एजेंसी।** ब्रह्मपुरी पुलिस ने बहुचर्चित सौरभ हत्याकांड में 54 दिन बाद न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी। करीब 1000 पेज की चार्जशीट में पुलिस ने 34 गवाहों के बयान दर्ज किए।

गवाहों ने हत्याकांड में पुलिस को अपने बयान और साक्ष्य दिए हैं। मुस्कान की मां कविता रस्तोगी, पिता प्रमोद रस्तोगी ने भी अपनी बेटी के खिलाफ बयान दिए और सौरभ की हत्या का दोषी बताया। पुलिस ने भी अपने चार्जशीट में मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला को ही सौरभ की हत्या का दोषी माना है। तीसरा इस हत्याकांड में कोई नहीं है। चर्चित हत्याकांड में कोई चश्मदीद गवाह भी नहीं है।

ब्रह्मपुरी थाने के प्रभारी निरीक्षक और इस हत्याकांड के विवेचक इंस्पेक्टर रमाकांत पचौरी ने सोमवार को सीजेएम न्यायालय में चार्टशीट दाखिल की। आरोप पत्र में बताया गया कि प्रेम प्रसंग में सौरभ बाधा बन रहा था, इसी कारण मुस्कान और साहिल शुक्ला ने उसकी हत्या कर दी। दोनों ने ही हत्या की साजिश रची थी। तीसरा इसमें कोई नहीं था।

सीने में चाकू घोप कर हत्या करके बाद मुस्कान ने उस्तरे से और साहिल शुक्ला ने छूरी से सौरभ की गर्दन और दोनों हाथ काटे थे। सौरभ को बीच रास्ते से हटाने के बाद दोनों शादी करना चाहते थे। हत्याकांड को अंजाम देन के बाद दोनों शिमला, मनाली, कसौल घूमने गए, वहां पर दोनों पति-पत्नी के रूप में होटलों में ठहरे थे।



**इन सब को बनाया गवाह-** पुलिस ने एक हजार पेज के आरोप पत्र में सौरभ के भाई बबलू, मां रेणू, बहन चिंकी, मुस्कान की मां कविता रस्तोगी, पिता प्रमोद रस्तोगी, मुस्कान-साहिल को हिमाचल प्रदेश घूमाने ले गए टैक्सी ड्राइवर अजब सिंह, दवा लिखने वाले डॉक्टर, दवाई देने वाले दुकानदार अमित कौशिक, घंटाघर पर ड्रम विक्रेता सिराजुद्दीन, सौरभ के मकान मालिक ओमपाल, चाकू विक्रेता, ड्रम विक्रेता, शारदा रोड पर सीमेंट व बालू विक्रेता, सौरभ के दोस्त को गवाह बनाया है। इनके अलावा शिमला, मनाली, कसौल में मुस्कान और साहिल जिन होटलों में ठहरे थे वहां के होटल संचालकों को भी गवाह बनाया गया है। पोस्टमार्टम करने वाले दो डॉक्टर, ड्रम तोड़ कर शव के टुकड़ों को बाहर निकालने वाले स्वास्थ्य कर्मी के भी बयान दर्ज किए गए है। इन सब के अलावा आरोप पत्र में करीब 10 पुलिसकर्मी भी शामिल है।

एसएसपी डॉ विपिन ताडा ने बताया कि सौरभ हत्याकांड से संबंधित सभी साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। साथ ही केस से जुड़े करीब 34 लोगों के बयान को मजबूत आधार बनाया है, ताकि मुस्कान और साहिल को कड़ी सजा मिल सके। सोमवार को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिए गए है। सहायक पुलिस अधीक्षक अंतरिक्ष जैन ने बताया कि कोर्ट में पेश किए गए आरोप पत्र में छह पेज में कम्प्यूटराईज चार्जशीट की समरी, विवेचक की केस डायरी, सीडीआर, नकल रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक लैब की रिपोर्ट आदि दस्तावेज शामिल है।

### डिजिटल साक्ष्य भी एकत्र किए

मेरठ। ब्रहमपुरी पुलिस ने सौरभ हत्याकांड में दस्तावेज के एकत्र किए गए साक्ष्यों के अलावा इलेक्ट्रोनिक्स और डिजिटल साक्ष्य भी एकत्र किए है। सभी गवाहों के बयान कागजों में दर्ज करने के अलावा गवाहों की वीडियो भी बनाई गई है। ये सभी साक्ष्य न्यायालय में मुकदमे के ट्रायल के दौरान प्रस्तुत किए जाएंगे।

### तंत्रमंत्र को नकारा

पुलिस ने अपने आरोप पत्र में हत्याकांड की वजह प्रेम प्रसंग बताया है। इसमें तंत्र मंत्र का कोई जिक्र नहीं किया है। हत्याकांड के बाद साहिल के कमरे में मिले सामान को लेकर चर्चा की थी कि तंत्र मंत्र के लिए सौरभ की गर्दन काट कर हत्या कर गई है। पुलिस ने जांच में तांत्रिक क्रिया को नकार दिया है। आरोप पत्र साफ लिखा कि मुस्कान और साहिल पढ़ाई के दौरान से ही एक दूसरे को जानते थे। 2019 में दोनों की फिर से मुलाकात हुई, जो प्रेम प्रसंग में बदल गई। सौरभ बाधक बन रहा था इसलिए दोनों ने उसकी हत्या कर दी, ताकि दोनों शादी कर सके।

### यह था हत्याकांड

लंदन के एक मॉल में काम करने वाला सौरभ राजपूत पूर्व में नेवी मर्चेंट में काम करता था। लंदन से 24 फरवरी को मेरठ अपने घर ब्रह्मपुरी आए सौरभ राजपूत ने 25 फरवरी को बेटी पीहू का जन्म दिन और 27 फरवरी को मुस्कान का जन्म दिन मनाया था। सौरभ की 3 मार्च की रात को उसकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी ने अपने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मिलकर सीने में चाकू घोंप कर हत्या कर दी थी। इसके बाद दोनों ने शव के टुकड़े कर उसे प्लास्टिक के नीले ड्रम में सीमेंट के घोल से सील कर दिए थे। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद पांच मार्च को दोनों घूमने के लिए हिमाचल प्रदेश चले गए थे। 17 मार्च को दोनों मेरठ लौट कर आए थे। 18 मार्च को इस बहुचर्चित हत्याकांड का खुलासा हुआ था। 19 मार्च को पुलिस ने सौरभ के भाई बबलू की ओर से हत्या का मुकदमा दर्ज कर मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया था, तभी से दोनों जेल में बंद है।

**जेल में दो मिनट के लिए मिले मुस्कान-साहिल-** सौरभ हत्याकांड में सोमवार को मुस्कान-साहिल की कोर्ट में रिमांड को लेकर पेशी थी। दोपहर को दोनों को जिला कारागार के वीडियो काफ्रेंसिंग रूम में लाया गया। दोनों करीब दो मिनट तक एक साथ रहे, मगर बोले कुछ नहीं रहे। वीडियो कांफ्रेसिंग से दोनों की जिला जज कोर्ट में पेशी हुई।



# अनुपम खेर की तन्वी द ग्रेट में मेजर श्रीनिवासन का किरदार निभाएंगे अरविंद स्वामी

अभिनेता से निर्देशक बने अनुपम खेर इन दिनों अपनी पहली निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म में लगातार नए-नए एक्टर्स की एंट्री हो रही है। जिनका अनुपम खेर स्वागत कर रहे हैं। इयान ग्लेन, बोमन ईरानी और जैकी श्रॉफ के बाद अब अनुपम खेर की फिल्म में एक और एक्टर की एंट्री हुई है। जिसकी जानकारी अनुपम खेर ने खुद दी है।

## अनुपम खेर ने अरविंद स्वामी को बताया भरोसेमंद दोस्त

अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के माध्यम से ये जानकारी दी है कि एक्टर अरविंद स्वामी की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' में एंट्री हुई है। अरविंद स्वामी फिल्म में मेजर श्रीनिवासन की भूमिका निभाएंगे। अनुपम ने अरविंद स्वामी का पोस्टर शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, पहली बार मैंने अरविंद स्वामी को रोजा में देखा था। मैं इस नए अभिनेता के अभिनय से दंग रह गया। फिर मैंने उन्हें फिल्म बॉम्बे में देखा। मेरे लिए, वह भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक शानदार अभिनेता का आगमन था। बहुत सालों बाद में हमने एक फिल्म की 'सात रंग के सपने'। इस फिल्म के दौरान मुझे जीवन भर के लिए सबसे भरोसेमंद और विश्वसनीय दोस्त मिला।

## कई सालों तक याद किया जाएगा मेजर श्रीनि का किरदार

निर्देशक अनुपम खेर ने आगे अरविंद स्वामी की भूमिका के बारे में बात करते हुए लिखा, जब मैं 'तन्वी द ग्रेट' के लिए मेजर श्रीनिवासन की भूमिका के लिए किसी अभिनेता को चुनना चाहता था, तो मेरे दिमाग में कोई और नहीं आया। फिल्म में उन्हें मेजर श्रीनि कहा गया है, जो ताकत, साहस और बहादुरी का पावरहाउस है। अरविंद के प्रदर्शन ने मुझे गौरवान्वित महसूस कराया। ठीक वैसे ही जैसे भारतीय सेना हम सभी को सुरक्षित, संरक्षित और प्रतिष्ठित महसूस कराती है। स्वामी आपकी दोस्ती, मुझ पर विश्वास और आपकी प्रतिभा के लिए धन्यवाद। आप न केवल एक बेहतरीन अभिनेता हैं, बल्कि एक बेहतरीन दोस्त भी हैं। मेजर श्रीनि का आपका किरदार आने वाले कई सालों तक याद रखा जाएगा। जय हिंद।

## बोमन ईरानी और जैकी श्रॉफ भी निभाएंगे अहम भूमिकाएं

अनुपम खेर द्वारा निर्देशित 'तन्वी द ग्रेट' में शुभांगी दत्त प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। जबकि फिल्म में बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ और गेम ऑफ थ्रोन्स के एक्टर इयान ग्लेन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट का एलान अभी नहीं किया गया है।

# राजकुमार राव की पत्नी कहलाना पत्रलेखा को नहीं पसंद



**अपनी हालिया रिलीज 'फुले' को लेकर चर्चाओं में रहीं अभिनेत्री पत्रलेखा को अभिनेता राजकुमार राव की पत्नी के नाते ज्यादा पहचाना जाता है। जो कि पत्रलेखा को बिल्कुल भी पसंद नहीं है। खुद पत्रलेखा ने इस बात को स्वीकार किया कि उन्हें राजकुमार राव की पत्नी के नाम से पहचाना जाना बिल्कुल भी पसंद नहीं है।**

## मेरा एक नाम है अस्तित्व है

बातचीत में अभिनेत्री पत्रलेखा ने इस बारे में बात की। जिसमें उन्होंने शादी के बाद राजकुमार राव की पत्नी के तौर पर अधिक पहचान मिलने से नाराजगी जताई है। अभिनेत्री ने कहा, मुझे इससे वाकई नफरत है और मैं खुद को बहुत छोटा महसूस करती हूं। क्योंकि मेरा एक नाम है। मेरा एक अस्तित्व है। मेरी एक पहचान है। लेकिन एक मशहूर पति की आड़ में ये सबकुछ छुप जाता है।

## मेरा संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ

अपने करियर को लेकर बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, मेरे करियर में संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है। कई लोगों को लगता है कि मेरा सफर आसान रहा होगा क्योंकि मैं किसी जाने-माने अभिनेता को डेट कर रही थी या अब उससे शादी हो चुकी है। लेकिन ऐसा नहीं है। यदि आप खुद को एक व्यक्ति के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं तो यह कभी भी आसान नहीं होता। अपना खुद का करियर ग्राफ बनाना, यह बहुत कठिन है।

## मेकर्स राजकुमार राव को कास्ट करने के इरादे से मेरे पास स्क्रिप्ट लाते हैं

पत्रलेखा ने आगे बताया कि कैसे लोग उनके पास स्क्रिप्ट इसलिए लाते हैं क्योंकि वो राजकुमार राव को फिल्म में लाने में मदद करेंगी। अभिनेत्री ने कहा, लोग अक्सर मेरे पास फिल्म की स्क्रिप्ट लेकर आते हैं, इसलिए नहीं कि वे वाकई मुझे प्रोजेक्ट में चाहते हैं। बल्कि इसलिए कि उन्हें उम्मीद है कि मैं राजकुमार राव के लिए एक पुल का काम करूंगी। मेकर्स अक्सर मेरी प्रतिभा में दिलचस्पी दिखाने के बजाय मेरे पति को कास्ट करने के छिपे हुए इरादे से मेरे पास आते हैं। इस तरह का व्यवहार बेहद अपमानजनक लगता है। यह मेरी गरिमा के खिलाफ है। मैंने हमेशा अपने करियर और राजकुमार के बीच एक लाइन बना रखी है।

## मीडिया और इंडस्ट्री से की अपील

पत्रलेखा ने मीडिया और इंडस्ट्री से भी एक अपील की कि उन्हें केवल एक लेबल तक सीमित न रखा जाए। वह कभी भी इस तरह से देखे जाने में सहज महसूस नहीं करेंगी और जब तक संभव हो, इसका विरोध करती रहेंगी।

## 'फुले' में नजर आई थीं पत्रलेखा

पत्रलेखा हाल ही में 'फुले' फिल्म में नजर आई थीं। यह फिल्म समाज सुधारक ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित है। इससे पहले वो अनुभव सिन्हा की वेब सीरीज 'आईसी 814 कंधार हाईजैक' में एयरहोस्टेस के किरदार में दिखाई दी थीं। पत्रलेखा ने अपने करियर में कई चुनौतीपूर्ण किरदार निभाए हैं।



# फर्जी 2 के लिए शाहिद कपूर ने ली 45 करोड़ रुपए फीस

हिद कपूर पिछली बार पूजा शा हेगड़े कर साथ फिल्म देवा में नजर आए थे, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ कमाल नहीं दिखा सकी। आने वाले समय में शाहिद एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। इसके अलावा उनके पास वेब सीरीज फर्जी का सीक्वल भी है। अब शाहिद की फीस का खुलासा हो गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक... फर्जी 2 के लिए निर्माताओं की तरफ से शाहिद को 45 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। खास बात यह है कि यह राशि अब तक किसी भी प्रोजेक्टर के लिए मिली शाहिद के करियर की सबसे बड़ी रकम है। फर्जी 2 की कहानी लिखी जा चुकी है। इस साल के अंत तक शाहिद इसकी शूटिंग शुरू कर देंगे। यह सीरीज अगले साल के मध्य तक ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। राज और डीके ने फर्जी 2 के निर्देशन की कमान संभाली है। इसमें शाहिद का सामना विजय सेतुपति और केके मेनन से होगा। बता दें कि फर्जी का पहला भाग साल 2023 में रिलीज हुआ था, जिसे काफी पसंद किया गया। ये एक ग्राफिक आर्टिस्ट सनी की कहानी है, जो अपने दादा की प्रिंटिंग प्रेस को बचाने के लिए नकली नोट छापने की दुनिया में कदम रखता है।

# सामंथा ने निर्देशक राज निदिमोरु संग किया रिश्ता कन्फर्म!

सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनका नाम निर्देशक राज निदिमोरू के साथ जोड़ा जा रहा है। इस बीच सामंथा ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें राज निदिमोरु भी नजर आ रहे हैं। इसके बाद से ही यूजर्स का दावा है कि दोनों ने अपने रिश्ते की पुष्टि कर दी है। दरअसल, यह तस्वीरें सामंथा रुथ प्रभु ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। तस्वीरों में राज मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं और एक डॉगी उनके साथ खेल रहा है। जबकि दूसरी तस्वीर में सामंथा और राज एक साथ सेल्फी के लिए पोज देते नजर आ रहे हैं। इसके कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा, 'सफर लंबा था, लेकिन आखिरकार हम यहां तक पहुंच ही गए ।एक नई शुरुआत।' सामंथा और राज निदिमोरु साथ में द फैमिली मैन और सिटाडेल- हनी बनी जैसे प्रोजेक्ट्स में काम कर चुके हैं। दोनों को पिकलबॉल टीम चेन्नई सुपर चैंप्स के साथ भी देखा गया था। इसके बाद से ही उनके रिश्ते को लेकर खबरें आने लगी थीं। हालांकि, अब तक दोनों ने इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों फिल्म शुभम का जोर-शोर से प्रमोशन कर रही हैं। यह बतौर प्रोड्यूसर उनकी पहली फिल्म होगी।



# ओप्पम के रीमेक के लिए सैफ सीखेंगे कलारीपयट्ट

सैफ अली खान मलयालम की सुपरहिट थ्रिलर फिल्म ओप्पम के हिंदी रीमेक में मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म का निर्देशन जाने-माने निर्देशक प्रियदर्शन करेंगे और इसकी शूटिंग इसी साल के अंत तक शुरू होने की संभावना है। फिल्म में सैफ एक नेत्रहीन व्यक्ति का किरदार निभाएंगे और इस भूमिका को प्रामाणिकता देने के लिए वह पारंपरिक भारतीय मार्शल आर्ट कलारीपयडू भी सीखेंगे।

सैफ की यह ट्रेनिंग इस चुनौतीपूर्ण भूमिका के प्रति उनकी कमिटमेंट को दर्शाता है, जिसमें फिजिकल स्किल और इमोशनल इंटेंसिटी दोनों की जरूरत है। एक रिपोर्ट के अनुसार सैफ, राहुल ढोलकिया की फिल्म पूरी करने के बाद दो महीने का ब्रेक लेंगे। इस इस दौरान वह नेत्रहीन व्यक्ति का किरदार निभाने की तैयारी के लिए वर्कशॉप में भाग लेंगे। इसके बाद, वह कलारीपयडू सीखने के लिए केरल जाएंगे, क्योंकि उनका किरदार एक कुशल मार्शल आर्टिस्ट का है। मूल फिल्म ओप्पम में मोहनलाल का किरदार अपनी तेज सूंघने, सुनने और छूने की क्षमता के जरिए रहस्य को सुलझाता है और सैफ भी हिंदी रीमेक में उसी परफेक्शन को लाने के लिए कमिटेड हैं। वह इसमें इंटेंस एक्शन सीक्वेंस करते दिखेंगे।

ओप्पम जयरामन नाम के शख्स की कहानी बताती है, जो नेत्रहीन है और एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की बेटी की रक्षा करता है, जिसकी हत्या उस व्यक्ति ने की है जिसे न्यायाधीश ने एक जुर्म के लिए सजा सुनाई थी। हिंदी रीमेक का निर्देशन करने के साथ ही प्रियदर्शन इसकी राइटिंग भी कर रहे हैं।





# वीरता की गाथा के साथ बड़ा मैसेज भी देगी केसरी वीर, इतिहास के सबसे अहम अध्याय को समर्पित

**जल्द ही प्रिंस धीमान निर्देशित फिल्म 'केसरी वीर' में सुनील शेट्टी एक योद्धा का किरदार निभाते नजर आएंगे। यह फिल्म सोमनाथ मंदिर पर हुए हमले की एक ऐतिहासिक कहानी कहेगी। कैसे कुछ योद्धाओं ने सोमनाथ मंदिर की रक्षा की थी, यही फिल्म की कहानी है। यह पहली बार नहीं है कि सुनील शेट्टी किसी एक्शन फिल्म कर हिस्सा बन रहे हों, वह अपने करियर में कई एक्शन फिल्म कर चुके हैं।**

**आपका किरदार इतिहास से है। इसके लुक पर क्या सावधानियां रखीं?**

वेगड़ा जी शिव भक्त योद्धा हैं, जिनके रुद्राक्ष, माला, केश, दाढ़ी और खास वेशभूषा उनकी पहचान हैं। पूरी फिल्म में एक ही कपड़े पहने यह किरदार आम शिवभक्त या भील राजा जैसा दिखता है। पिता के रूप में नियंत्रित, पर मुगलों के खिलाफ आक्रामक योद्धा के रूप में नजर आता है।

**कहीं से कोई किरदार था, जिससे इत्पायर होकर इसे आपने निभाया?**

हमने महाभारत के शूरवीरों से प्रेरित होकर भी वेगड़ा जी का किरदार डिजाइन किया है। क्लाइमैक्स में वह कालजयी रूप लेता है। वरना पूरी फिल्म में नियंत्रित दिखने वाला यह किरदार, अंत में अपने गुस्से के विस्फोट से सुनील शेट्टी नहीं, सिर्फ वेगड़ा जी के रूप में ही पहचाना जाएगा।

**क्या यह भी जेहन में था कि इसका स्केल बहुत बड़ा रखा जाए?**

बजट की कमी के बावजूद, हमने प्रामाणिक कैमरा वर्क, कॉस्ट्यूम, बैकग्राउंड स्कोर और शूटिंग से स्केल बनाए रखा। फिल्मसिटी के जंगलों को वॉर जोन जैसा बनाकर, कंकड़-पत्थरों और पेड़ों के बीच असली एक्शन सीक्वेंस शूट किए गए हैं। इसका मकसद वेगड़ा जी और हमीरजी गोहिल के वास्तविक गोरिल्ला युद्ध शैली को दिखाना है, जैसे उन्होंने विदेशी आक्रमणकारियों का सामना किया था। हमने जंगलों को जस का तस रखा।

**शांत रोल्स के विपरीत, वेगड़ा के ललकार वाले सीन में आपने क्या सोचा था?**

करो या मरो वाली स्थिति में गुस्सा स्वाभाविक है, जैसा बॉर्डर में भी था। मौत के तांडव में इंसान का आक्रामक रूप दिखता ही है। वेगड़ा जी की जगह खुद को रखकर, दुश्मन को मारने के सिवा कोई और विकल्प नहीं सूझा। एक्शन के साथ आंखों में गुस्सा लाना जरूरी था। डबिंग में आंसू थे, क्योंकि पिता अपनी बेटी को कुछ न दे पाने की हालत में जान तक देने को तैयार था।

**क्या फिल्म में कोई मैसेज भी है?**

हमारी फिल्म का यही संदेश है कि हमें बंटना नहीं है, एकजुट रहना है क्योंकि उस दौर में वेगड़ा जी जैसे वफादार योद्धा तो थे लेकिन कई राजा दुश्मनों से मिल गए और उनके मुखबिर बन गए, जिसका नतीजा सबको पता है।

**नैरटिव की ऐतिहासिक सटीकता कितनी है?**

हमारे डायरेक्टर प्रिंस धीमान बहुत सच्चे रहे हैं, हर पहलू को लेकर। सोमनाथ मंदिर पर दर्जन भर से ज्यादा बार हमले हुए। उसमें से जो चौथी बार का हमला था, हमारी कहानी उस बारे में है। युद्ध के स्केल को बड़ा दिखाने के लिए जरूर क्रिएटिव कोशिशें हुई हैं, मगर जो वेगड़ा जी का अपनी बेटी के प्रति एक बेपनाह प्यार था, वह बिल्कुल सच्चा रखा गया है।

# विराट-अनुष्का प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे

## महाराज ने विराट से पूछा- प्रसन्न हो, अनुष्का को राधा नाम जपने का उपदेश दिया

**मथुरा (एजेंसी)।** विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के अगले दिन मथुरा के वृंदावन पहुंचे। पत्नी अनुष्का शर्मा भी उनके साथ थीं। दोनों सुबह प्रेमानंद महाराज के केली कुंज आश्रम पहुंचे। दोनों ने प्रेमानंद महाराज को दंडवत प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। प्रेमानंद महाराज ने विराट और अनुष्का से पूछा- प्रसन्न हो? इस पर विराट ने मुस्कुराकर कहा- हां। महाराज ने दोनों को आशीर्वाद दिया- जाओ, खूब आनंदित रहो, नाम जप करते रहो। इस पर अनुष्का ने पूछा- बाबा क्या नाम जप से सबकुछ पूरा हो जाएगा? महाराज ने कहा- हां, सब पूरा होगा।

**प्रेमानंद महाराज ने विराट-अनुष्का से करीब 7 मिनट बातचीत की** - विराट और अनुष्का मथुरा के होटल रेडिसन में ठहरे हुए थे। दोनों सुबह 7.20 बजे प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचे थे। जानकारी के मुताबिक दोनों ने महाराज से करीब 7 मिनट तक अकेले में भी बातचीत की। प्रेमानंद आश्रम की तरफ से इस मुलाकात का पूरा वीडियो भी जारी किया गया है।

**विराट-अनुष्का 2 घंटे 20 मिनट आश्रम में रहे** - प्रेमानंद महाराज के आश्रम से जाने के करीब आधे घंटे बाद विराट-अनुष्का लौटे। आश्रम में 2 घंटे 20 मिनट ठहरकर वे सुबह 9.40 बजे वहां से निकले। इस दौरान दोनों ने आश्रम के कामकाज को देखा-समझा।




**महाराज बोले- भगवान की कृपा से अंदर का चिंतन बदलेगा** - प्रेमानंद महाराज ने कहा- वैभव मिलना कृपा नहीं है। यह पुण्य है। भगवान की कृपा अंदर का चिंतन बदलना है। इससे आपके अनंत जन्मों के संस्कार भस्म होते हैं और अगला जन्म बड़ा उत्तम होता है।

भगवान जब कृपा करते हैं तो संत समागम देते हैं। दूसरी कृपा जब होती है तो विपरीतता देते हैं और फिर अंदर से एक रास्ता देते हैं। यह शांति का रास्ता नहीं। भगवान वो रास्ता देते हैं और जीव को अपने पास बुला लेते हैं। बिना प्रतिकूलता के संसार का राग नष्ट नहीं होता।

**जितने बड़े महापुरुष हुए, सबने प्रतिकूलता देखी** - महाराज ने कहा- भगवान ने बिना प्रतिकूलता के इस संसार को छुड़ाने की कोई भी औषधि नहीं रखी। आज तक जितने बड़े महापुरुष हुए हैं, जिनका जीवन बदला है, उनको प्रतिकूलता के दर्शन करने पड़े हैं। तो कभी प्रतिकूलता आए तो उस समय आनंदित हों कि मेरे ऊपर अब भगवान की कृपा हो रही है। मुझे सतमार्ग में चलने की प्रेरणा मिल रही है। महाराज ने कहा- हमारी आखिरी श्वास यदि राधा तो मुझे श्रीजी की प्राप्ति, भगवान की प्राप्ति हो जाएगी।

**विराट तीसरी बाद वृंदावन पहुंचे, जनवरी में दो बार प्रेमानंद महाराज से मिले** - विराट कोहली का वृंदावन का यह तीसरा दौरा था। इससे पहले वह 4 जनवरी 2023 और 10 जनवरी 2025 को वृंदावन आए थे। दोनों बार प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की थी।

**सोमवार को विराट ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया** - विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। कोहली ने इंस्टाग्राम पर लिखा था- टेस्ट क्रिकेट ने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया, वो पाठ सिखाए जो जिंदगीभर मुझे याद रहेंगे। विराट कोहली ने 123 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने 30 शतक और 31 अर्धशतक बनाए। विराट ने 7 दोहरे शतक लगाए। 2017 और 2018 में वे टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुने गए।

# रोहित-कोहली के इस तरह टेस्ट से संन्यास लेने से खुश नहीं कुंबले

## बोले- उचित विदाई दी जानी चाहिए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे स्टार खिलाड़ी उचित विदाई के हकदार हैं। रोहित और कोहली ने पांच दिनों के अंदर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया जिससे इंग्लैंड दौरे से पहले भारत को दोहरा झटका लगा है। कुंबले ने इन दोनों दिग्गजों के इस तरह विदाई लेने पर हैरानी जताई और कहा कि रोहित-कोहली को इस प्रारूप से उचित तरीके से विदाई देनी चाहिए थी।

### कुंबले बोले- प्रशंसक समारोह का हिस्सा होना चाहते हैं

कुंबले ने बीसीसीआई से इस मामले में संज्ञान लेकर रोहित और कोहली को उचित विदाई देने की मांग की। कुंबले ने कहा, अभी कुछ दिन पहले रोहित शर्मा और फिर विराट कोहली। मुझे लगता है कि दोनों ही खिलाड़ी मैदान पर एक उचित विदाई के हकदार थे। मेरा दृढ़ विश्वास है कि जो लोग इन चीजों को देखते हैं, उन्हें इस पर ध्यान देना चाहिए। मुझे पता है कि यह सोशल मीडिया का युग है। प्रशंसक उस समारोह का हिस्सा होना चाहते हैं, वहां बहुत सारे प्रशंसक होते और जोरदार विदाई होती।

### इंग्लैंड दौरे को लेकर चिंता व्यक्त की


इसके अलावा, कुंबले ने आगामी इंग्लैंड दौरे को लेकर भी चिंता व्यक्त की क्योंकि रोहित और कोहली ने टीम में एक बड़ा अंतर पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा, रोहित ने संन्यास ले लिया है, वह कुछ समय तक कप्तान रहे थे और विराट शायद भारत के सबसे सफल कप्तान हैं और आप चाहते होंगे कि उनमें से कोई एक खिलाड़ी टीम में रहे। इंग्लैंड में मुकाबला कठिन होने वाला है, यह पांच टेस्ट मैचों की सीरीज है। मुझे लगता है कि चयनकर्ताओं को भी यह बात हैरान कर गई होगी। मुझे यकीन है कि चयनकर्ता उन्हें टीम में शामिल करने के बारे में सोच रहे होंगे।

भारतीय टीम अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इसके साथ ही टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अगले चक्र की शुरुआत करेगी। रोहित के संन्यास लेने के बाद भारत नए टेस्ट कप्तान की अगुआई में उतरेगा। रोहित और कोहली के बाद भारतीय टीम में अधिक अनुभवी खिलाड़ी नहीं होंगे और भारत को इंग्लैंड की चुनौती का सामना करना होगा।

# ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में छाए कोहली, उनसे भिड़ने वाली महिला पत्रकार ने संन्यास के बाद दी शुभकामनाएं

**सिडनी (एजेंसी)।** विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया के जरिये इस प्रारूप को अलविदा कहा। कोहली ने दुनिया के हर कोने में रन बनाए हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से उनकी प्रतिद्वंद्विता खास रही है। खासतौर पर कोहली ने ऑस्ट्रेलिया जाकर खूब रन बनाए हैं। यही वजह है कि जब भी वहां कोई सीरीज होती है तो ऑस्ट्रेलियाई मीडिया कोहली के नाम से प्रचार प्रसार करती है। वहां की मीडिया उनकी खूब तारीफ भी करती है। अब उनके टेस्ट से संन्यास के बाद ऑस्ट्रेलिया के सभी अखबारों ने उनकी तारीफों के पुल बांधे हैं। इतना ही नहीं, जिस महिला पत्रकार से वह मेलबर्न एयरपोर्ट पर तस्वीर को लेकर भिड़े थे, उस पत्रकार ने खुद पोस्ट कर कोहली को शुभकामना संदेश दिया है।

**ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में छाए कोहली** - भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन से महानता हासिल की है और अब वह सफेद जर्सी पहनकर उनके गेंदबाजों को

परेशान नहीं कर पाएंगे। इसकी खुशी ऑस्ट्रेलियाई मीडिया को जरूर होगी। सोमवार को कोहली ने अपने शानदार टेस्ट करियर से अलविदा कहा तो ऑस्ट्रेलिया के मुख्य अखबार 'दैनिक सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' ने इस भारतीय आइकन के बारे में कहा, ऑस्ट्रेलियाई लोगों को कोहली का अविश्वसनीय बल्लेबाजी कौशल और मैदान पर तीखे तेवर का संयोजन आकर्षित करता था जिससे कईयो को उसमें अपनी झलक दिखती।

**ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों को कोहली की प्रतिद्वंद्विता पसंद** - अखबार ने लिखा, कोहली की ऑस्ट्रेलिया में पहली सीरीज 2011-12 में थी जिसमें माइकल क्लार्क की अगुआई वाली टीम का प्रदर्शन एकतरफा रहा। 4-0 के स्कोरलाइन के बावजूद कोहली ने कई समकालीनों की तुलना में अधिक निडरता दिखाई और एडिलेड में शतक के साथ इसका समापन किया। एससीजी दर्शकों को अंगुली दिखाने के लिए उनकी आलोचना भी हुई। यह ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों के साथ लड़ाई की शुरुआत थी जो इस साल जनवरी में टेस्ट क्रिकेटर के रूप में उनके अंतिम दिन समाप्त हुई जब उन्होंने उसी भीड़ को 'सैंडपेपर' का इशारा किया।'

**ऐतिहासिक जीत की भी याद दिलाई** - 'ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन' (एबीसी) ने भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में उनके सफल कार्यकाल पर प्रकाश डाला जिसमें ऑस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक सीरीज जीत भी शामिल है। एबीसी ने लिखा, उनके टेस्ट करियर को 2014 से 2022 के बीच कप्तान के रूप में उनके कार्यकाल के लिए भी याद किया जाएगा जिसमें उन्होंने 68 टेस्ट मैचों में से 40 में जीत दिलाई और इस प्रारूप में देश के सबसे सफल कप्तान बने तथा दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ (53) और ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (48) और स्टीव वॉ (41) के बाद जीत के मामले में चौथे स्थान पर रहे।न्यूज डॉट कॉम डॉट एयू में छपी खबर का शीर्षक विराट कोहली ने संन्यास की घोषणा करके 1.4 अरब दिलों को तोड़ दिया रहा। वहीं फॉक्स स्पोर्ट्स ने लिखा कि कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति से भारतीय बल्लेबाजी लाइन अप में खालीपन आ जएगा।

**महिला पत्रकार ने भी कोहली को दी बधाई** - भारत के हालिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कोहली मेलबर्न एयरपोर्ट पर महिला पत्रकार नैट योआनिडिस से भिड़ गए थे। ऑस्ट्रेलिआई पत्रकार कोहली की इजाजत के बिना उनके बच्चों की तस्वीर लेने की कोशिश कर रहे थे। कोहली अपने निजी जीवन को सुर्खियों से दूर रखना पसंद करते हैं। यही वजह है कि वह कई बार पत्रकारों को बच्चों वामिका और अकाय से दूर रहने के लिए कह चुके हैं। मेलबर्न में पत्रकारों को तस्वीर लेते देख वह भड़क गए थे। अब नैट ने इंस्टाग्राम स्टोरी में उनके साथ उसी विवाद की तस्वीर साझा की है। इसके कैप्शन में लिखा- विराट, एक बेहतरीन टेस्ट करियर के लिए आपको बधाई।

# पूर्व ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक कोहली के संन्यास से हैरान, लिखा- हम इस गर्मी में...

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद क्रिकेट जगत एक युग के अंत को स्वीकार कर रहा है। इस मौके पर न केवल खिलाड़ियों, विशेषज्ञों और प्रशंसकों, बल्कि वैश्विक स्तर पर राजनीतिक हस्तियों ने भी कोहली के योगदान को सराहा है। इनमें से एक प्रमुख नाम है ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जिन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कोहली के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त की।




सुनक ने लिखा- यह दुखद है कि हम इस गर्मी में आईएम विराट कोहली को आखिरी बार मैदान पर नहीं देख पाएंगे। वह खेल के दिग्गज रहे हैं- एक शानदार बल्लेबाज, एक कुशल कप्तान और एक जबरदस्त प्रतिस्पर्धी, जिन्होंने हमेशा टेस्ट क्रिकेट के असली मूल्य को समझा।

कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। दिल्ली में जन्मे इस क्रिकेटर ने अपने 14 साल के टेस्ट करियर में 123 मैचों में 9,230 रन बनाए, जिसमें 30 शतक शामिल हैं। कोहली ने न केवल भारतीय क्रिकेट में फिटनेस और तीव्रता को नए सिरे से परिभाषित किया, बल्कि टी20 के बढ़ते दबदबे के दौर में टेस्ट क्रिकेट के प्रति जुनून को फिर से जगाया।

सुनक का यह संदेश कोहली के गहरे प्रभाव को दर्शाता है, खासकर इंग्लैंड में, जहां उन्होंने जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड जैसे गेंदबाजों के साथ यादगार और कड़ा मुकाबला किया।

2018 में एजबेस्टन में उनकी शानदार शतकीय पारी को आज भी याद किया जाता है, जिसने इंग्लिश परिस्थितियों में उनकी बल्लेबाजी को एक नया आयाम दिया।

# रोहित और विराट के 2027 वनडे विश्व कप में खेलने की उम्मीद नहीं : गावस्कर

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अपने वनडे करियर को आगे बढ़ाने के लिए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को लगता है कि वे लंबे समय तक खेल सकते हैं, लेकिन उन्हें 2027 विश्व कप में दोनों के खेलने की उम्मीद नहीं है।



रोहित और विराट ने भारत के कैरेबियाई सरजमीं पर 2024 टी20 विश्व कप जीतने के बाद सबसे छोटे प्रारूप को अलविदा कह दिया था अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर केवल वनडे में ही सक्रिय रहेंगे। रोहित 50 ओवर के खेल में तीन दोहरे शतकों के साथ सबसे महान बल्लेबाजों में से एक हैं जबकि कोहली ने वनडे प्रारूप में 51 शतक लगाए हैं। दोनों ही इस प्रारूप में काफी सफल हैं। फिर भी महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर को नहीं लगता कि रोहित और विराट के लिए 2027 विश्व कप में खेलना व्यावहारिक रूप से संभव है। गावस्कर ने कहा कि यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि चयनकर्ताओं को लगता है कि वे टीम में कितना योगदान दे सकते हैं।

गावस्कर ने कहा, वे खेल के इस प्रारूप में बहुत बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं। फिर से, चयन समिति शायद 2027 विश्व कप को ध्यान में रखेगी। वे देखेंगे कि क्या वे 2027 विश्व कप के लिए टीम में शामिल हो पाएंगे। क्या वे उस तरह का योगदान दे पाएंगे जैसा वे दे रहे हैं? यह चयन समिति की विचार प्रक्रिया होगी। अगर चयन समिति सोचती है कि हाँ, वे कर सकते हैं, तो वे दोनों इसके लिए मौजूद होंगे।

गावस्कर ने कहा कि मौजूदा फॉर्म में रोहित और कोहली दोनों ही टीम में नहीं होंगे। उन्होंने कहा, नहीं, मुझे नहीं लगता कि वे खेलेंगे। मैं बहुत ईमानदार हूं। लेकिन, कौन जानता है, अगले एक साल में अगर वे शानदार फॉर्म में आ जाते हैं और अगर वे लगातार शतक बनाते रहते हैं, तो भगवान भी उन्हें नहीं हरा सकते। खराब फॉर्म के अलावा रोहित को अपनी फिटनेस से भी निपटना होगा, जिसके कारण मुंबई इंडियंस ने उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अधिकांश मैचों में प्रभावशाली विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया है। हालांकि कोहली के मामले में फिटनेस कोई चिंता का विषय नहीं है और वह आईपीएल में 11 मैचों में 505 रन बनाकर शीर्ष फॉर्म में दिख रहे हैं, लेकिन भारत में 2023 विश्व कप के बाद से उनका वनडे फॉर्म उतना अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने 2027 विश्व कप में खेलने की इच्छा व्यक्त की है, यह देखना बाकी है कि वह अपने आप को बहुत कम खेल समय के साथ मैच के लिए फिट कैसे बनाए रखते हैं।

# अहमदाबाद में होगा आईपीएल का फाइनल

**● 17 मई से लीग फिर से शुरू होगी ● पाकिस्तान से तनाव के कारण 5 दिन पहले टूर्नामेंट रोका था**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 का फाइनल और क्वालीफायर 2 अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। लीग का फाइनल 3 जून को खेला जाना है। एक दिन पहले बीसीसीआई ने आईपीएल के बचे 13 मैच का शेड्यूल रिलीज किया था। लेकिन प्लेऑफ के वेन्यू डिसाइड नहीं किए थे।

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक अहमदाबाद को 1 जून को होने वाला क्वालीफायर-2 और 3 जून को खेला जाने वाला फाइनल की मेजबानी के लिए चुना गया है। प्लेऑफ के वेन्यू नहीं बताने का एकमात्र कारण मौसम है।

बोर्ड शेड्यूल को अंतिम रूप देने से पहले देश भर में मानसून की गतिविधियों पर नजर रख रहा है। वेदर के मुताबिक अहमदाबाद में जून की शुरुआत में बारिश होने की संभावना नहीं है।

पाकिस्तान के साथ तनाव के कारण 9 मई को आईपीएल सस्पेंड करना पड़ा था। बीसीसीआई ने टूर्नामेंट को रोकते हुए कहा था कि देश इस समय युद्ध की स्थिति में है। ऐसे में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ठीक नहीं।

| डेट | टीम-1 | टीम-2 | वेन्यू |
|---|---|---|---|
| 17 मई | RCB | KKR | बेंगलुरु |
| 18 मई | RR | PBKS | जयपुर |
| 18 मई | DC | GT | दिल्ली |
| 19 मई | LSG | SRH | लखनऊ |
| 20 मई | CSK | RR | दिल्ली |
| 21 मई | MI | DC | मुंबई |
| 22 मई | GT | LSG | अहमदाबाद |
| 23 मई | RCB | SRH | बेंगलुरु |
| 24 मई | PBKS | DC | जयपुर |
| 25 मई | GT | CSK | अहमदाबाद |
| 25 मई | SRH | KKR | नई दिल्ली |
| 26 मई | PBSK | MI | जयपुर |
| 27 मई | LSG | RCB | लखनऊ |

* डबल हेडर का पहला मैच दोपहर 3:30 बजे शुरू होगा। शेष मैच शाम 7:30 बजे से खेले जाएंगे।



### बेंगलुरु-कोलकाता मैच से होगी शुरुआत

17 मई को आरसीबी और केकेआर के बीच बेंगलुरु में पहला मैच होगा। जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, मुंबई और अहमदाबाद में बाकी मुकाबले खेले जाएंगे। 27 मई को लीग स्टेज खत्म होगा। 18 और 25 मई को रविवार के दिन 2 डबल हेडर खेले जाएंगे। यानी 11 दिन में लीग स्टेज के 13 मैच होंगे।

पंजाब और दिल्ली के बीच धर्मशाला में 8 मई को होने वाला मैच पाकिस्तान से हुए हमलों के बीच रोकना पड़ा था। यह मुकाबला अब 24 मई को जयपुर में खेला जाएगा। प्लेऑफ मुकाबलों का वेन्यू फिलहाल तय नहीं है। पहले हैदराबाद और कोलकाता में 2-2 प्लेऑफ मैच खेले जाने थे।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका टीमें घोषित

**● 11 जून से लॉर्ड्स में खेला जाएगा मुकाबला**
**● पैट कमिंस और टेम्बा बावुमा कप्तानी करेंगे**

**सिडनी (एजेंसी)।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के फाइनल मुकाबले के लिए ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका की टीमों का ऐलान कर दिया गया है। यह मुकाबला 11 से 15 जून तक इंग्लैंड के लॉर्ड्स मैदान पर खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी पैट कमिंस करेंगे, जबकि टेम्बा बावुमा साउथ अफ्रीका की टीम को लीड करेंगे। ऑस्ट्रेलिया को डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद वेस्टइंडीज का दौरा करना है, जिसके लिए भी उनकी यही स्क्वॉड रहेगी। यह दौरा 25 जून से शुरू होगा। मंगलवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) द्वारा जारी टीम में ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन की टीम में वापसी हुई है। उन्होंने पीठ की चोट से पहले ग्रीन ने आखिरी बार मार्च 2024 में टेस्ट खेला था। वहीं, साउथ अफ्रीका में डोपिंग के कारण बैन झेल चुके कगिसो रबाडा को भी शामिल किया गया है।

**कंगारू टीम में कोंस्टास-हेजलवुड को मौका** - बीजीटी में भारत के खिलाफ डेब्यू करने वाले यंग सैम कोंस्टास को भी फाइनल टीम में जगह मिली है। इसके अलावा टीम में ट्रैवलिंग रिजर्व के तौर पर ब्रेंडन डॉगेट को जगह मिली है। ब्रेंडन शेफील्ड शील्ड फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे।



**कमिंस-हेजलवुड ने आईपीएल से वापसी की** - टेस्ट टीम में कप्तान पैट कमिंस और साथी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भी वापसी कर रहे हैं। दोनों प्लेयर्स चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से चूक गए थे और बाद में आईपीएल 2025 में वापसी की। हालांकि, हेजलवुड कंधे की चोट के कारण अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए पिछला मैच नहीं खेल पाए थे। बाद में भारत-पाक तनाव की वजह से लीग सस्पेंड हो गई।

**डब्ल्यूटीसी वेस्टइंडीज दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया का स्क्वॉड** - पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, जोश इंग्लिस, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर, जोश हेजलवुड, मैट कुहनेमन, नाथन लियोन और स्कॉट बोलैंड। ट्रैवलिंग रिजर्व - ब्रेंडन डॉगेट।

**डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए साउथ अफ्रीका का स्क्वॉड** - टेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंगहाम, कॉर्बिन बॉस, टोनी डी जोरी, मार्को यानसन, केशव महाराज, ऐडन मार्करम, वियान मुल्डर, सेनुरन मुथुसामी, लुंगी एनगिडी, डेन पीटरसन, कगिसो रबाडा, रायन रिकेलटन, ट्रिस्टन स्टब्स और काइल वेरेने।

# तिलक से तीन दिन पहले युवक ने की खुदकुशी, हत्या की भी आशंका

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**


फाइल फोटो

औरंगाबाद जिले से सामने आई है, जहां एक युवक ने अपनी शादी से महज तीन दिन पहले फांसी लगाकर जान दे दी। यह हृदयविदारक घटना जिले के बारुण थाना क्षेत्र के मौआर खैरा गांव की है। मृतक की पहचान मुकेश कुमार के रूप में हुई है, जिसकी शादी 22 मई को तय थी और 16 मई को तिलक होना था।

परिजनों ने बताया कि मुकेश सोमवार रात खाना खाकर अपने कमरे में सोया था, लेकिन सुबह करीब 4 बजे बिना किसी को बताए घर से बाहर निकल गया। कुछ ही देर बाद गांव के पास 500 मीटर दूर एक पेड़ से उसका शव लटका हुआ मिला। शव की सूचना मिलते ही गांव में मातम पसर गया और शादी की तैयारियां अब शोक में बदल गईं। मुकेश चार भाइयों में सबसे छोटा था और घर पर रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। परिजनों के मुताबिक वह पढ़ाई में अच्छा और काफी होनहार था। उससे परिवार को बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन उसकी मौत ने सब कुछ उजाड़ कर रख दिया।

परिजन लगातार यही कह रहे हैं कि मुकेश शादी को लेकर बेहद खुश था और घर में भी कोई कलह या तनाव नहीं था। ऐसे में उनका मानना है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि एक सुनियोजित हत्या हो सकती है। परिजनों ने आशंका जताई है कि किसी ने मुकेश की हत्या कर उसका शव पेड़ से लटका दिया, ताकि मामला आत्महत्या जैसा लगे। शादी रोहतास जिले के सहसी गांव में तय थी और दोनों परिवार इस मिलन को लेकर बेहद उत्साहित थे। मगर अब इन खुशियों पर गहरा सन्नाटा छा गया है। गांव में हर कोई स्तब्ध है कि जिस घर में शहनाइयों की गूंज होनी थी, वहां अब रोने-बिलखने की आवाजें आ रही हैं।

इस मामले में बारुण थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव ने जानकारी दी कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस ने कहा है कि युवक की मौत से जुड़े सभी बिंदुओं की गहराई से जांच की जा रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह आत्महत्या थी या हत्या।ब फिलहाल इस दुखद घटना ने पूरे गांव और इलाके को झकझोर कर रख दिया है। जिस युवक को दूल्हा बनना था, वह अब पंचतत्व में विलीन हो गया।

## आपसी विवाद में दो गुटों के बीच मारपीट लाठी-लोहे की रॉड से हमला, तीन घायल

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



औरंगाबाद जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कथरूआ वार्ड नंबर 31 से सामने आई है, जहां आपसी विवाद को लेकर दो गुट आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडे व लोहे की रॉड से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। इस हिंसक झड़प में तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान विशेश्वर यादव, गोपाल यादव और संतोष कुमार यादव के रूप में हुई है। इनमें से विशेश्वर और गोपाल सगे भाई हैं। गोपाल यादव ने बताया कि कुछ दिन पहले पड़ोसी नत्थू ठाकुर से किसी छोटी बात को लेकर बहस हो गई थी। उस वक्त नत्थू ने भविष्य में अंजाम भुगतने की धमकी दी थी।

गोपाल के अनुसार, सोमवार की देर रात नत्थू ठाकुर अपने कई सहयोगियों के साथ लाठी-डंडा लेकर उनके घर में घुस आया और बिना कुछ कहे मारपीट शुरू कर दी। इस हमले में उनके भाई विशेश्वर और संतोष भी घायल हो गए। घायलों ने आरोप लगाया कि नत्थू ठाकुर और उसका पुत्र सुनील रजक ने बाहरी लोगों को बुलाकर हमला कराया। मारपीट करने वालों में अनिल रजक, अजित कुमार, अनीश कुमार, नीलेश कुमार, रजनीश कुमार, रितेश कुमार और करमा रोड निवासी बिट्टू कुमार शामिल थे। सभी ने मिलकर घर में घुसकर बर्बर तरीके से हमला किया।

इस मामले की जानकारी स्थानीय नगर थाना को दे दी गई है। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस को मारपीट की सूचना मिली है और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है, वहीं पुलिस मामले की निगरानी कर रही है। परिजनों और स्थानीय लोगों ने हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## ज्वेलरी दुकान में भीषण आग शॉर्ट सर्किट की आशंका



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

औरंगाबाद शहर के धर्मशाला रोड स्थित शगुन ज्वेलर्स में मंगलवार की दोपहर अचानक भीषण आग लगने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर करीब 2 बजे सबसे पहले बिल्डिंग की ऊपरी मंजिल से धुआं उठता दिखाई दिया। कुछ ही पलों में वह धुआं गहरे काले बादलों में बदल गया और लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने शगुन ज्वेलर्स की पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी सुरक्षा के लिए घरों और दुकानों से बाहर निकल आए। दुकान के आसपास का क्षेत्र धुएं और आग की लपटों से घिर गया, जिससे स्थानीय निवासियों में भय का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियाँ तुरंत मौके पर पहुंचीं। आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन दल ने तुरंत मोर्चा संभाला और पानी की तेज बौछारों से आग बुझाने की कोशिश की। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अगर आग समय रहते नियंत्रित नहीं होती, तो उसी बिल्डिंग में मौजूद अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों और निवासियों को भी बड़ा नुकसान हो सकता था। खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। हालांकि, माना जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी हो सकती है, लेकिन अधिकारियों की ओर से अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। दुकान में रखे लाखों रुपये के आभूषण और अन्य सामान जलकर खाक हो जाने की आशंका है।

घटना के बाद स्थानीय प्रशासन भी सतर्क हो गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इलाके को घेर लिया है और भीड़ को नियंत्रित किया। दमकल अधिकारियों द्वारा बिल्डिंग की जांच की जा रही है ताकि आग के कारणों का पता चल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। इस हादसे के बाद धर्मशाला रोड पर रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल है। कई लोगों का कहना है कि इलाके में सुरक्षा के पर्याप्त इंतज़ाम नहीं हैं और प्रशासन को ऐसी दुकानों में फायर सेफ्टी को लेकर सख्ती बरतनी चाहिए।

## न्यूज बाइट्स

### बाल संसद के चुनाव के लिए निकली मतदाता जागरूकता रैली

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** राजकीय मध्य विद्यालय रफीगंज परिसर से बाल संसद के चुनाव हेतु मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। प्रधानाध्यापक मो. मस्कुर आलम ने बताया कि प्रत्येक वर्ष नामांकित बच्चों का चुनाव बाल संसद का गठन करना होता है। जिसमें प्रधानमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, खेल मंत्री, कृषि मंत्री, पुस्तकालय मंत्री का पद है। विभाग के निर्देश के आलोक में बच्चों को एवं अभिभावकों को जागरूक करने के लिए मतदान की एक दिन पहले जनता रैली निकाली गयी। यह रैली मध्य विद्यालय से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, मेन बाजार, रेलवे स्टेशन, एवं प्रखंड कार्यालय से वापस महाराजगंज रोड होते हुये विद्यालय आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक श्याम कुमार , रामाशीष प्रसाद, अब्दुल बासित, उपेंद्र कुमार, फिरोज अहमद, राम अयोध्या मिश्रा, विकास कुमार, सविता किरण, फिरदौस एवं पिरामल फाऊंडेशन के कोऑर्डिनेटर अनामिका, मास्टर ट्रेनर अभय कुमार आदि शामिल रहे।

### भाकपा का 34वां अंचल सम्मेलन संपन्न

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 34वां अंचल सम्मेलन हसपुरा में मंगलवार को संपन्न हो गया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता अवध किशोर, पूर्व प्रमुख विजय प्रमुख, किशुन और रमती देवी के संयुक्त अध्यक्षमंडल ने की। सम्मेलन का उद्घाटन चंद्रशेखर सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत अंचल मंत्री चंद्रशेखर सिंह द्वारा राजनीतिक और सांगठनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने से हुई। इस रिपोर्ट पर प्रतिनिधियों ने विस्तार से चर्चा की और सुझाव भी दिए। सम्मेलन में हसपुरा अंचल के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने स्थानीय जनसमस्याओं और प्रशासनिक लापरवाही को लेकर गहरी चिंता जताई। प्रतिनिधियों ने अपने भाषणों में कहा कि हसपुरा, देवकुंड और डिंडिर के बीच सड़क की स्थिति बेहद खराब है, जिससे लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार, सलेमपुर में पुल निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हसपुरा बाईपास के निर्माण को लेकर भी लोगों ने अपनी नाराजगी जाहिर की और इसे शीघ्र शुरू कराने की मांग की। सम्मेलन में हसपुरा अंचल और प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर भी कड़ा ऐतराज जताया गया और इसके खिलाफ आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया।

## संस्कार विद्या नॉलेज सिटी के छात्रों ने 12वीं की परीक्षा में लहराया सफलता का परचम

**संस्कार विद्या के चैतन्य पार्थ सारथी ने 12वीं बोर्ड में मारी बाजी, 93% अंकों के साथ बने टॉपर**

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**


ANUBHAV KUMAR


CHAITANYA PARTH SARTHI


ANAND KASHYAP


Shivam kumar


ARCHANA RANI


Katyani Kashyap

मंगलवार को 12वीं की परीक्षा फल का प्रकाशन किया गया जिसमें चैतन्य पार्थ सारथी 93% अंक लाकर संस्कार विद्या के टॉपर बने। आनंद कश्यप को 90% मार्क्स अनुभव कुमार 89% शिवम कुमार को 88% अर्चना रानी 88 प्रतिशत एवं कात्यानी कश्यप कॉमर्स स्ट्रीम में 88% अंक प्राप्त की।उक्त असर पर विद्यालय के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता ने कहा की यह बच्चों एवं शिक्षकों के परिश्रम का प्रतिफल है कि बच्चे इतने अच्छे अंक से उत्तीर्ण हुए हैं प्रतिवर्ष विद्यालय का परीक्षा फल उत्कृष्ट रहा है ।विद्या निकेतन ग्रुप आफ स्कूल के सीईओ आनंद प्रकाश ने कहा कि सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में बच्चे अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दे रहे हैं इसके लिए उनके परिजन भी बधाई के पात्र हैं जो इन बच्चों को पढ़ाई में सदैव मदद करते रहते हैं ।डिप्टी सीईओ विद्यासागर ने कहा कि यह बच्चों के परिश्रम का फल है कि बच्चों ने इतना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बोर्ड की परीक्षा में सम्मिलित 25 बच्चे 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं।परीक्षा में सम्मिलित सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं।

## प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धा के साथ याद किए गए सुशील कुमार मोदी

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



बिहार भाजपा के कद्दावर नेता एवं राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व. सुशील कुमार मोदी को प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किया गया। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन मंगलवार को शहर के कुंडा हाउस में हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम की शुरुआत सुशील मोदी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद विभिन्न वक्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन और योगदान को याद किया। पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि सुशील मोदी बिहार भाजपा में कैलाशपति मिश्र के बाद एक अभिभावक की भूमिका में थे। उन्होंने पार्टी को संगठित करने और राज्य के विकास में अहम योगदान दिया। उप मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने बिहार को पिछड़ेपन से निकालने के लिए उल्लेखनीय वित्तीय प्रबंधन किया।

उन्होंने आगे कहा कि, जब देश में जीएसटी की नींव रखी गई, तो उन्हें जीएसटी परिषद का पहला अध्यक्ष बनाया गया। यह उनके वित्तीय ज्ञान और प्रशासनिक कुशलता का प्रमाण है। वक्ताओं ने यह भी बताया कि सुशील मोदी का जीवन सादगी, समर्पण और कार्यकर्ताओं के सम्मान से जुड़ा रहा। लालू यादव के शासनकाल में वे भ्रष्टाचार के विरुद्ध मुखर और निर्भीक योद्धा थे। कार्यक्रम में यह भी याद किया गया कि सुशील मोदी का औरंगाबाद से विशेष लगाव रहा है। उप मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने जिले की कई जर्जर सड़कों को दुरुस्त कराया था। जिले के कई क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण उन्हीं के प्रयास से संभव हो पाया। कार्यकर्ताओं से उनका आत्मीय संबंध था और वे समय-समय पर फोन कर जिले की जानकारी लिया करते थे।

इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें विनोद सिंह, अविनाश कुमार, विनोद सिंह चंद्रवंशी, टूना गुप्ता, अमर उजाला, शत्रुघ्न प्रसाद मुन्ना, अमित कुमार, वीरेंद्र कुमार सिंह, विकास बारूद, अनीश सिंह, राजन कुमार, पिंटू तिवारी और अमन कुमार आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। पूरे कार्यक्रम में एक भावनात्मक माहौल बना रहा, जहां लोगों ने स्व. सुशील मोदी को एक जननायक, समर्पित नेता और विचारशील समाजसेवी के रूप में याद किया। उनकी स्मृति पार्टी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी।

## चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार, तीन मोटरसाइकिल जब्त



**मदनपुर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** पुलिस ने अंतर जिला बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। चोरी की तीन बाइकों के साथ एक नाबालिग समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए लोगों में गया जिले के आमस थाना क्षेत्र के कोनार नगर निवासी कुंदन कुमार व एक विधि विरुद्ध किशोर शामिल है। पूछताछ और आवश्यक कार्रवाई के बाद पकड़े गए बाइक चोर कुंदन कुमार को रिमांड के लिए कोर्ट भेज दिया गया है। विधि विरुद्ध किशोर को निरुद्ध किया गया है। मदनपुर स्थित अनुमंडल पुलिस कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी सदर एसडीपीओ -2 अमित कुमार ने दी। सदर एसडीपीओ ने बताया कि पिछले महीने 11 और इस महीने अब तक 6 बाइक की चोरी हो चुकी हैं। शिवगंज से बाइक चोरी की घटनाएं पुलिस के लिए चुनौती बन गई थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अंबरीश राहुल के निर्देश पर एसडीपीओ अमित कुमार के नेतृत्व में एसआईटी टीम बनाई गई। टीम ने संदिग्ध जगहों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दर्जी विगहा पेट्रोल पंप के पास एनएच-19 पर दो बदमाश पुलिस को देखकर बाइक से भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने बाइक चोरी की बात कबूल की। छापेमारी टीम में मदनपुर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार, एसआई पप्पू कुमार, एसआई रोहित कुमार, एसआई सुरेंद्र कुमार, एएसआई विनोद कुमार सिंह, एएसआई श्रीकांत पांडेय और अजय पासवान शामिल थे। पकड़े गए बाइक चोरों के निशानदेही पर दो बाइक को जब्त किया गया।

## स्वास्थ्य केंद्र में दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए विशेष शिविर आयोजित

**निज सं. | हसपुरा (औरंगाबाद)**

मंगलवार को हसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में दिव्यांगजनों के लिए विशेष एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के कुल 74 दिव्यांगजन शामिल हुए। शिविर की निगरानी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कामाख्या कुणाल नारायण ने की और संपूर्ण प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया। शिविर में दिव्यांगजनों की पहचान और आवश्यक कागजात की जांच के बाद उन्हें आवश्यक प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड प्रदान किए गए। कुल 35 दिव्यांगों का यूडीआईडी कार्ड बनाया गया, जबकि 20 दिव्यांगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया गया। वहीं, कुछ मामलों में अधिक चिकित्सकीय जांच की आवश्यकता को देखते हुए 19 दिव्यांगजनों को औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगों की संस्था के प्रखंड अध्यक्ष सागर कुमार ने कहा कि ऐसे शिविरों से न सिर्फ दिव्यांगों को आवश्यक प्रमाण पत्र मिलने में आसानी होती है, बल्कि उनकी समस्याओं को भी समझा और सुलझाया जा सकता है। लेखापाल फिरोज खां, बीआरपी कन्हैया लाल, धर्मेंद्र प्रसाद समेत अन्य कई लोग शिविर के आयोजन में सक्रिय रूप से मौजूद रहे और अपनी जिम्मेदारी निभाई। स्थानीय लोगों ने भी इस आयोजन की सराहना की और आग्रह किया कि भविष्य में इस तरह के शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाएं, ताकि जरूरतमंद दिव्यांगजन लाभान्वित हो सकें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में उन्हें कोई कठिनाई न हो।

## बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति में भागीदारी बढ़ाएं दल : सीईओ

**पटना(नि.सं.)।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) विनोद सिंह गुंजियाल ने बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) की नियुक्ति में राजनीतिक दलों से भागीदारी बढ़ाने की अपील की है। मंगलवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में बीएलए की नियुक्ति की जानी है, लेकिन अभी तक इनकी संख्या बहुत कम है। उन्होंने अनुरोध किया कि जहां-जहां बीएलए की नियुक्ति नहीं हुई है, वहां इनकी नियुक्ति जल्द की जाए। साथ ही पटना में 10 मई से शुरू हुए बीएलए प्रशिक्षण में भी उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए उनकी भागीदारी का अनुरोध किया।

